

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RNI : HARHIN/2016/68417
वर्षः 06 अंकः 278 पृष्ठः 10 हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



### कोरोना अपडेट

**दुनियाभर में हालात**

कुल केसः 238,757,668
कुल मौतें: 4,869,524

**प्रभावित राज्य-केंद्र शासित प्रदेश 32**

**भारत**

कुल केसः 3,39,71,607
एक्टिव केसः 2,27,347
स्वस्थ हुएः 3,32,93,478
मौतें: 4,50,782
रिकवरी दरः 98.28%

## सभी रोगों की नाशक है मां कालरात्रि



मां दुर्गा का सप्तम रूप कालरात्रि है। जिसे महायोगिनी, महायोगीश्वरी कहा गया है। यह नागदौन औषधि के रूप में जानी जाती है। सभी प्रकार के रोगों की नाशक, सर्वत्र विजय दिलाने वाली, मन एवं मस्तिष्क के समस्त विकारों को दूर करने वाली औषधि है। इस कालरात्रि की आराधना प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति को करना चाहिए। नागदौन का पौधा ग्वारपाठे के समान होता हैं। ग्वारपाठे के पत्ते दिखने में चिकने, मोटे व दोनों धारों में कांटेयुक्त होता है, तो नागदौन के पत्ते आकार में पतले, सूखे और तलवार के जैसे दोनों ओर से धार वाले होने के साथ-साथ बीच में से मुड़े हुए होते हैं। इस पौधे को व्यक्ति अपने घर में लगा लें, तो घर के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। यह सुख देने वाली एवं सभी प्रकार के विष की नाशक औषधि है।

# आतंक से लड़ते हुए 5 जवानों की शहादत

## राजौरी में आतंकियों से मुठभेड़ में एक जेसीओ और 4 जवान शहीद; पुंछ, बांदीपोरा और अनंतनाग में भी एनकाउंटर

**जम्मू-कश्मीर/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**जम्मू-कश्मीर** के पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में देरा की गली में सोमवार सुबह से जारी तलाशी अभियान के दौरान शुरू हुई मुठभेड़ में सेना के जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) समेत पांच जवान शहीद हो गए हैं। इस दौरान एक आतंकी के मारे जाने की भी सूचना है। खबर लिखे जाने तक सुरक्षाबलों की घेराबंदी में चार से पांच आतंकी फंसे हुए थे। आतंकी मुठभेड़ से बचकर न भाग सकें, इसके लिए घेराबंदी को और मजबूत बनाया जा रहा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सोमवार सुबह स्थानीय लोगों द्वारा सुरनकोट इलाके के देरा की गली के जंगलों में कुछ संदिग्ध लोगों के देखे जाने की सूचना के आधार पर एसओजी और सेना ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान शुरू किया।

जंगली क्षेत्र में सुरक्षाबलों द्वारा चलाये जा रहे अभियान के दौरान घने पेड़ों की ओट में छिपे आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर ताबड़तोड गोलीबारी शुरू कर दी। इस दौरान एक जेसीओ सहित सेना के पांच जवान घायल हो गए। घायलों को तुरंत निकटवर्ती अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अतिरिक्त सुरक्षाबल पहुंच गए हैं जिसमें कई वरिष्ठ अधिकारी भी रहे।







### शहीद हुए लाल सारज सिंह, एक वर्ष पहले हुई थी शादी

**शाहजहांपुर/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**पाकिस्तान** की सीमा से लगे जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में सोमवार की सुबह हुए आतंकवादी हमले में पांच जवान शहीद हो गए। शहीदों में शाहजहांपुर जिले के बंडा थाना क्षेत्र के गांव बरीबरा निवासी सारज सिंह भी शामिल हैं। गांव बरीबरा के विचित्र सिंह के तीन बेटे गुरप्रीत सिंह, सुखबीर सिंह, सारज सिंह सेना में हैं। सुखबीर सिंह इन दिनों छुट्टी पर घर आए हुए हैं। सुखबीर सिंह ने बताया कि सेना की ओर से उनको सारज सिंह के शहीद होने की सूचना दी गई है। शहीद का शव घर कब आएगा, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल सकी है। सारज सिंह की एक वर्ष पूर्व ही शादी हुई



थी। पुंछ के पास सूरनकोट के चामरेर फॉरेस्ट एरिया में सेना के आतंक विरोधी सर्च ऑपरेशन के दौरान यह मुठभेड़ हुई। यहां घुसपैठ कर आए आतंकवादी भारी हथियारों से लैस थे। इस एनकाउंटर के दौरान सारज सिंह के साथ तीन जवान और एक जेसीओ शहीद हो गए। सेना और पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

**बेहतर प्रशिक्षित हैं आतंकवादी: विशेषज्ञों** का मानना है कि जिस तरह से यह मुठभेड़ चली है उससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि ये आतंकी बेहतर प्रशिक्षित हैं। सुरक्षाबलों को यहां से तलाशी में अभी बड़ी संख्या में हथियार, नकद और आतंकियों के कपड़े, राशन-पानी जैसे अहम सबूत मिल सकते है, क्योंकि आंतकी संगठन अपनी मुहिम को कामयाब बनाने के लिए कुछ स्थानीय लोगों को डरा-धमका कर उनकी मदद लेते हैं।

**अनंतनाग और बांदीपोरा में 2 आतंकी मारे गए :** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में एक आतंकी को मार गिराया। मारे गए दहशतगर्द की पहचान इम्तियाज अहमद डार के रूप में हुई है।

शहीद होने वालों में पंजाब के कपूरथला जिला के माना तलवंडी निवासी सूबेदार जसविंदर सिंह, जिला गुरदासपुर के सिरहा में चल्हा निवासी मनदीप सिंह, रोपड़ जिला के पंचरंदा गांव निवासी सिपाही गज्जन सिंह, शाहजहांपुर जिला के बंडा थाना क्षेत्र के अख्त्यारपुर निवासी सारज सिंह और केरल के कोल्लम जिला के कुडवट्टूर पोस्ट के ओडनवट्टम गांव निवासी वैसाख एच हैं।

### सर्दियां शुरू होते ही घुसपैठ की फिराक में आतंकी



**नई दिल्ली/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**जम्मू** के पुंछ जिले में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच जारी मुठभेड़ में सेना के चार जवान और एक जेसीओ के जवान शहीद हो गए हैं। विशेषज्ञों की राय में सुरक्षाबलों के लिए अब हर दिन चुनौती वाली है क्योंकि सर्दियां बढ़ने और अफगानिस्तान पर तालिबान का राज होने के बाद से जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाएं बढ़ सकती है। पुंछ में तीन चार साल तक काम करने वाले सुरक्षा विशेषज्ञ मेजर जनरल एस वी पी सिंह (सेवानिवृत्त) बताते है कि पुंछ में ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। पिछले चार पांच महीने के अंदर राजौरी-पुंछ में चार-पांच घटनाएं हुई हैं। पिछले महीने ही चार सितंबर में गुलपुर में बड़ी फायरिंग हुई थी। उनका मानना है कि आज की यह मुठभेड़ लंबी हो सकती है क्योंकि आतंकियों की तादाद ज्यादा हो सकती है।

### न्यूज फ्लैश

#### आर्यन की जमानत याचिका पर कल होगी सुनवाई

**मुंबई:** मुंबई क्रूज ड्रग्स मामले में जेल में बंद शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को 13 अक्तूबर यानी बुधवार तक न्यायिक हिरासत में आर्थर रोड जेल में ही रहना होगा। अब इस मामले पर बुधवार को दोपहर 2.45 बजे सुनवाई होगी। शुक्रवार को जमानत अर्जी खारिज होने के बाद आर्यन खान की तरफ से एक नई जमानत याचिका दाखिल की गई थी। आर्यन की पैरवी करने के लिए हिट एंड रन केस में सलमान खान का पक्ष रखने वाले वकील अमित देसाई कोर्ट पहुंचे। हालांकि अब इस केस की सुनवाई 13 अक्तूबर को विशेष एनडीपीएस कोर्ट में होगी। इधर एनसीबी ने भी जवाब देने के लिए कोर्ट से समय मांगा है।

#### जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली:** अफगानिस्तान में हालात को लेकर मंगलवार को होने वाले जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। वर्चुअल माध्यम से होने वाले इस सम्मेलन में तालिबान द्वारा सत्ता का नियंत्रण हासिल करने के बाद युद्ध ग्रस्त देश में बनी स्थिति पर व्यापक विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी भी इस सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे। इस सम्मेलन के एजेंडा में अफगानिस्तान में मानवीय जरूरतों को लेकर प्रतिक्रिया, सुरक्षा स्थिति, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और मानवाधिकारों पर विचार-विमर्श जैसे प्रमुख मुद्दे शामिल हैं।

#### काले धन के खिलाफ मिली सफलताः स्विस बैंक ने दी भारतीय खाताधारकों की तीसरी लिस्ट

**नई दिल्ली:** काले धन यानी ब्लैक मनी के खिलाफ जंग में केंद्र सरकार को बड़ी सफलता मिली है। काले धन को लेकर स्विट्जरलैंड के साथ संधि के तहत सूचना के आदान-प्रदान की नई व्यवस्था के तहत स्विट्जरलैंड सरकार ने भारतीयों के स्विस बैंक खातों की तीसरी सूची भारत सरकार को मुहैया कराई है।

## कोयला संकटः एक्शन में आए गृह मंत्री

### 'पूरे देश में है कोयले की कमी'

**नई दिल्ली/एक्शन इंडिया न्यूज**

**देश** में कोयले की कमी और इसके चलते बिजली संकट गहराने की आशंकाओं के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक्शन में आ गए हैं। सोमवार को उन्होंने एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। बैठक में शामिल होने के लिए केंद्रीय बिजली मंत्री आरके सिंह, कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी और दोनों मंत्रालयों के अधिकारी गृह मंत्रालय पहुंचे। बैठक में एनटीपीसी (नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन) के अधिकारी भी शामिल रहे। देश में कई राज्यों ने कोयले की भारी कमी के मद्देनजर बिजली आपूर्ति बाधित होने की चेतावनी दी है। लेकिन, कोयला मंत्रालय का कहना है कि बिजली उत्पादन संयंत्रों की मांग को पूरा करने के लिए देश में पर्याप्त सूखा ईंधन उपलब्ध है। मंत्रालय ने बिजली आपूर्ति में व्यवधान को लेकरकिसी भी डर को पूरी तरह गलत बताकर खारिज किया है।

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कोयले की कमी को लेकर कहा कि यह सही है कि समस्या है। हमारी जरूरत के हिसाब से हम या तो इसे एनटीपीसी से खरीदेंगे या निजी कंपनियों से। लेकिन आपूर्ति प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति बनी है उसके पीछे कुछ कारण हैं। केरल के बिजली मंत्री के कृष्णकुट्टी ने कहा कि राज्य सरकार 19 अक्तूबर के बाद बिजली कटौती लागू करने पर फैसला लेगी।

## निजी क्षेत्र के लिए अंतरिक्ष की दुनिया खोलेगी मोदी सरकार

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुधारों के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि देश में इससे अधिक निर्णायक सरकार पहले कभी नहीं रही। उन्होंने कहा कि भारत में आज स्पेस सेक्टर और स्पेस टेक में जो बड़े सुधार हो रहे हैं, वे इसका उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अंतरिक्ष और उपग्रह कंपनियों के संगठन भारतीय अंतरिक्ष संघ (इस्पा) का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से संबंधित मामलों पर एकल-खिड़की और स्वतंत्र एजेंसी के रूप में कार्य करेगा।



नई दिल्ली में भाजपा में शामिल होने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से मुलाकात करते नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्व नेता देवेंद्र सिंह राणा और सुरजीत सिंह सलाथिया।

## लखीमपुर खीरी हिंसाः तीन दिन की रिमांड पर आशीष मिश्रा

**लखीमपुर-खीरी/एक्शन इंडिया ब्यूरो**



**लखीमपुर** खीरी के तिकुनिया में तीन अक्तूबर को हुए बवाल में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र का बेटा आशीष तीन दिन की पुलिस रिमांड पर रहेगा। सीजेएम कोर्ट ने पुलिस को आशीष की तीन दिन की रिमांड दी है। हालांकि पर्यवेक्षण समिति ने 14 दिन की रिमांड मांगी थी। पुलिस अब पूछताछ के लिए आशीष मिश्र को 12 अक्तूबर को अपनी हिरासत में लेगी। आशीष को पहले ही 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जांच में सहयोग न करने पर पर्यवेक्षण समिति ने 14 दिन की कस्टडी मांगी थी, जिस पर अदालत में तीन दिन की रिमांड दी है। तीन दिन की इस पुलिस रिमांड में आशीष के साथ एक वकील रह सकता है।

## केजरीवाल ने लॉन्च किया 'देश का मेंटॉर' योजना

**नई दिल्ली/एक्शन इंडिया न्यूज**

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को 'देश के मेंटर' योजना की शुरूआत करते हुए कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को एक बेहतर मार्गदर्शक उपलब्ध कराया जाएगा, जिनसे वह अपने मन की बात साझा कर सकें। यूथ फॉर एजुकेशन के तहत इस योजना की शुरूआत की गई है। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने इस योजना को तैयार किया है। दिल्ली के सभी स्कूलों में इस कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इस मौके पर केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार विद्यार्थियों के




चौमुखी विकास के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अच्छे मेंटर मिलने से बच्चे तनाव से बाहर आकर नकारात्मकता और आत्महत्या जैसे विचारों से निजात पा सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत देश का कोई भी नागरिक मेंटर बनकर बच्चों की मदद कर सकता है। मुख्यमंत्री केजरीवाल कहा कि दिल्ली में 2 लाख 80 हजार निजी स्कूलों के बच्चों ने सरकारी स्कूल को पढ़ने के लिए चुना है। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि उन्हें बेहतर तरीके से तैयार करें। केजरीवाल ने कहा कि वह विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा देना चाहते हैं जिससे वह भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। केजरीवाल ने मेंटर योजना की तारीफ करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छा कार्यक्रम है।

## उत्तराखंडः चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका

### परिवहन मंत्री यशपाल आर्य बेटे सहित कांग्रेस में शामिल

**देहरादून/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**उत्तराखंड** विधान सभा चुनाव से पहले भाजपा को तगड़ा झटका लगा है। परिवहन मंत्री यशपाल आर्य और उनके विधायक बेटे संजीव आर्य दिल्ली में कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। कांग्रेस की सदस्यता लेकर दोनों नेताओं ने घर वापसी कर ली है।

**गणेश गोदियाल और हरीश रावत भी दिल्ली में:** दिल्ली में कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन



महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव की उपस्थिति में प्रेस वार्ता में यशपाल और संजीव आर्य ने वापसी की। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और पूर्व सीएम हरीश रावत भी मौजूद रहे।



कैथल स्थित अपने आवास पर लोगों की समस्या सुनते हुए हरियाणा की महिला एवं बाल कल्याण राज्यमंत्री कमलेश ढ़ांडा।

**जितनी भी घोषणाएं पिछले दौरे में हमने पिछले दौरे में की थी वो सारी घोषणाएं आचार संहिता खत्म होने के बाद तुरंत पूरी होंगी: सीएम जयराम**

## रतन सिंह पाल को विधानसभा भेजना आपके जिम्मे, विकास मेरे जिम्मेः जयराम

**सोलन/कंडाघाट/मनीष/योगेश शर्मा**

**मुख्यमंत्री** जयराम ठाकुर ने अर्की विधानसभा क्षेत्र के सौर में बीजेपी प्रत्याशी रतन सिंह पाल के लिए जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस स्टार प्रचारकों पर भी जमकर तंज कसे। वीरभद्र सिंह को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा 'ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। उनके देहांत के बाद अर्की में उपचुनाव हो रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव की स्थिति अलग थी। हिमाचल के सबसे वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री अर्की विधानसभा से चुनाव लड़ रहे थे। ऐसे में अर्की की जनता ने भी सोचा कि हमारे विधानसभा क्षेत्र से



मुख्यमंत्री होगा, इसलिए उन्हें जिताया। जयराम ठाकुर ने कहा हालांकि हिमाचल में बीजेपी की सरकार बनी, लेकिन रतन सिंह पाल छह हजार से कम अंतर से हारे। यह वीरभद्र सिंह के जीवन में जीत का सबसे कम अंतर था। अर्की विधानसभा क्षेत्र में आज भी मूलभूत सुविधाओं की बहुत जरूरतें हैं। कई जगह पेजयल, सडक, अस्पताल, आईटीआई सहित अन्य संस्थानों की जरूरत है। यहां अभी भी बहुत काम करने की जरूरत है। अर्की से शुरू होता है, लेकिन विकास में पिछड़ा हुआ है।

**हम जिंदगी बचा रहे थे, विपक्ष राजनीति चमका रहा था:** मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कोविड काल का जिक्र करते हुए कहा कि कोविड के दौरान जब हर चीज ठप पड़ गई तो हमारे

### सीएम ने ली जिम्मेदारी

**कंग्रेस ने कन्हैया को पार्टी में शामिल किया है, जो कहते हैं कि सेना के जवान कश्मीर में महिलाओं का उत्पीड़न करते हैं**

लाखों लोग बाहर रोजगार और पढ़ाई के सिलसिले से बाहर के राज्यों में थे। हमने केंद्र सरकार से बात कर इन लोगों को हिमाचल पहुंचाया। उस कोविड के दौर में जब हम सभी खौफ जदा थे, तब हमारे पास वेंटिलेटर भी नहीं थे। कांग्रेस सरकार ने इतने साल राज किया लेकिन हिमाचल में काम करने वाले 50 वेंटिलेटर भी नहीं थे। हमने तुरंत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वेंटिलेटर मांगे। आज हिमाचल में 900 वेंटिलेटर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कोविड में हम जिंदगी बचा रहे थे, विपक्ष राजनीति चमका रहा था। जयराम ठाकुर ने कहा कोविड काल में हमने एक-एक जिंदगी को बचाने की कोशिश की लेकिन हम कई सारी जिंदगियों को नहीं बचा सके। इसकी हमें बहुत पीड़ा है। आज वैक्सीनेशन में भी हिमाचल देशभर में नंबर-1 है। इस दौरान मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर कांग्रेस के स्टार प्रचारकों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा हमारे स्टार प्रचारकों की सूची में हिमाचल के ही नेताओं के नाम हैं। मगर कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में वे भी शामिल हैं जिनपर टुकड़े-टुकड़े गैंग के सदस्य होने का आरोप है।

## यूपी चुनावः '100 दिन में 100 कार्यक्रम' से दी जाएगी धार

**नई दिल्ली/एक्शन इंडिया न्यूज**



**आगामी** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अभी से अपनी रणनीति को धार देनी शुरू कर दी है। इसे लेकर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को नई दिल्ली में संगठन के पदाधिकारियों और अहम नेताओं के साथ बैठक कर तैयारी को लेकर मंथन किया। ये बैठक पार्टी के 11 अशोक रोड स्थित दफ्तर में हुई। इसमें केंद्रीय मंत्री व पार्टी के यूपी चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, उत्तर प्रदेश के प्रभारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह, संगठन सचिव बीएल संतोष, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और संगठन सचिव सुनील बंसल शामिल हुए। संगठन, उसके कैडर और नेताओं को शामिल करने के लिए रणनीति और कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने के लिए बुलाई गई थी। पार्टी अहम चुनावों से पहले लगभग 100 दिनों में 100 कार्यक्रम शुरू करने की तैयारी कर रही है।

# पात्र परिवार के डेटा जल्द हो सत्यापित: सीएम

## 'आवश्यक नियमों व नीतियों के प्रारूप जल्द करें तैयार- मनोहर लाल, पीपीपी डेटा के लिए अपनाए गए सुरक्षा के उच्चतम मानक'

**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, जो हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण (एचपीपीए) के अध्यक्ष भी हैं, ने प्राधिकरण की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि 1 नवंबर, 2021 से विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही सभी योजनाओं और सेवाओं का लाभ केवल परिवार पहचान पत्र के माध्यम से दिया जाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राधिकरण यह सुनिश्चित करे कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के हकदार प्रत्येक पात्र परिवार के डेटा को सत्यापित किया जाए और जल्द से जल्द आवश्यक नियमों और नीतियों का प्रारूप तैयार करें ताकि लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवार पहचान पत्र राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जो न केवल पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक सभी कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करेगी, बल्कि इससे हर परिवार को एक अलग परिवार आईडी मिलेगी, जो सभी सरकारी सेवाओं के लिए मान्य होगी। एचपीपीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विकास गुप्ता ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अब तक 64 लाख से अधिक परिवारों ने पीपीपी पोर्टल पर पंजीकरण कराया है, जिनमें से 56 लाख से अधिक परिवारों ने हस्ताक्षर कर पंजीकृत डेटा की सहमती दे दी है। डेटा का सत्यापन अभी जारी है। उन्होंने बताया कि सरल पोर्टल के माध्यम से वर्तमान में दी जा रही 315 सेवाओं में से 286 सेवाओं को पीपीपी पोर्टल के साथ एकीकृत किया जा चुका है। इसके साथ ही पीडीएस और पेंशन योजनाओं के डेटा को भी पीपीपी पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है, जबकि संपत्ति आईडी के एकीकरण की प्रक्रिया चल रही है जो जल्द ही पूरी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि पीपीपी डेटा एकत्र और सत्यापित करते समय सुरक्षा के उच्चतम मानक को अपनाया गया है और डेटा की चोरी या अन्य किसी प्रकार की सुरक्षा में सेंध की कोई कोई संभावना नहीं है। इस डेटा की किसी भी तरह की चोरी से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष आईटी टीमों को लगाया गया है। एचपीपीए के उप अध्यक्ष बी के गैरोला, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डी. एस. ढेसी, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और वित्त आयुक्त, संजीव कौशल, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री टी. वी. एस. एन. प्रसाद, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव और नागरिक संसाधन सूचना विभाग के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता बैठक में उपस्थित रहे। जबकि एचपीपीए के विशेषज्ञ सदस्यों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया।



# 'यूएलवी को प्रभावी बनाने के लिए डिजीटल तकनीक का हो प्रयोग'

**चण्डीगढ़/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**हरियाणा** के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री अनिल विज अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग को और ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का प्रयोग किया जाए और डिजिटल व्यवस्था को लागू करने के लिए एक कमेटी का गठन करें ताकि प्रदेश के शहरों में चल रहे विकास कार्यों पर डिजीटली तौर पर निगरानी रखी जा सके और उन्हें समय पर पूरा किया जा सके । श्री विज शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

**विकास कार्यों की पारदर्शी तरीके से हो रेंडम चैकिंग-विज:** उन्होंने कहा कि राज्य के नगरों में चल रहे विकास कार्यों के लिए एक पारदर्शी योजना बनाई जाए और इस योजना के अनुसार विकास कार्यों की रैंडम चैकिंग भी की जाए। इस योजना के तहत तकनीक का भी पूरा इस्तेमाल होना चाहिए ताकि लोगों को घर बैठे ही नगर निकायों की सेवाएं उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग से संबंधित चल रहे सभी विकास कार्यों की समय-सीमा निर्धारित की जाए और यदि कोई ठेकेदार निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य को पूरा नहीं करता हैं तो उसके खिलाफ पैनल्टी लगाते हुए कार्यवाही की जाए। इसी प्रकार, राज्य के विभिन्न शहरों में चलाए जा रहे विकास कार्यों की थर्ड पार्टी जांच हो जिसमें तकनीकी लोगों को भी शामिल किया जाए।

**नगर निकायों द्वारा संबंधित नगर के अनुसार हो बैक-अप टीमों का गठन: विज**-श्री विज ने कहा कि शहरों में सफाई के कार्य को व्यवस्थित करने के लिए सफाई के कार्य में लगे ठेकेदारों की चैकिंग की जाए।
इसी प्रकार, सफाई व लाईटिंग इत्यादि के लिए बैक-अप टीमों को हर शहर व नगर के अनुसार तैयार की किया जाए ताकि स्थानीय निकायों के कार्यों को प्रभावी रूप से निपटाया जा सके।



# ग्रीन फील्ड वासियों को रोजाना मिलेगा ढाई लाख लीटर पेयजल: दुष्यंत

**फरीदाबाद/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**ग्रीन** फील्ड कालोनी के लोगों को अब प्रतिदिन ढाई लाख लीटर पेयजल की आपूर्ति होगी। नगर निगम के अधिकारी एक सप्ताह के अंदर इस व्यवस्था को सुनिश्चित करके उन्हें रिपोर्ट करेंगे। यह निर्देश प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं फरीदाबाद जिला की जिला परिवेदना एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को समिति की मासिक बैठक के दौरान दिए। बैठक 20 मामले रखे गए जिनमें से 10 मामलों का उन्होंने मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। पांच मामलों में कमेटी गठित की गई और पांच मामलों में कार्रवाई के निर्देश देते हुए आगामी बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। इस दौरान आए प्रमुख मामलों में ग्रीन फील्ड कालोनी निवासी राजेश कौशल ने शिकायत रखी थी कि उनकी कालोनी में पर्याप्त मात्रा में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। पिछले कई महीने से तो पानी आया ही नहीं। इस पर नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि कालोनी के लिए 2.80 लाख लीटर पानी की प्रतिदिन जरूरत है और वह तीन दिन में एक बार 2.50 लाख लीटर पानी सिर्फ चार घंटे के लिए ही दे सकते हैं। इस पर उपमुख्यमंत्री ने सख्त लहजे में निर्देश देते हुए कहा कि कालोनी के लोगों को प्रतिदिन 2.50 लाख लीटर पेयजल की आपूर्ति की जाए। इसके लिए कोई अलग से प्रपोजल तैयार करें अथवा अन्य काई रास्ता निकालें। इसके साथ ही सोमवार को एक पिछले चार वर्षों से लंबित मामले का भी निपटारा कर दिया गया। यह मामले फेरस मैगापोलिस सिटी सेक्टर-70 का था। यहां पर 400 से ज्यादा निवेशकों के साथ कंपनी द्वारा धोखाधड़ी करने का मामला था। इस संबंध में पिछली मीटिंग में निर्देश दिए गए थे कि निवेशकों के पैसे उपलब्ध करवाए जाएं।

इस पर सोमवार को मीटिंग में निवेशकों ने बताया कि 90 प्रतिशत लोगों के करीब 250 करोड़ रुपये कंपनी द्वारा वापिस कर दिए गए हैं। बाकी लोगों का भुगतान भी जल्द मिल जाएगा। इसके साथ ही धौज गांव में मिट्टी की खुदाई व पेड़ों की कटाई से संबंधित मामले में भी उन्होंने कहा कि इस मामले में उपायुक्त फरीदाबाद द्वारा मौके पर जाकर पुनः जांच की जाएगी और मामले में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा श्रीरामजी हास्पिटल चैरीटेबल सोसायटी के मामले को लेकर कहा कि इस संबंध में एसडीएम बडखल को प्रशासक नियुक्त किया गया है। वह इस संबंध में 11 लोगों की कमेटी बनाकर इसका सही संचालन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर हरियाणा भंडारण निगम के चेयरमैन एवं विधायक नयनपाल रावत, विधायक सीमा त्रिखा, विधायक राजेश नागर, नीरज शर्मा, मेयर सुमनबाला, जजपा नेता नलिन हुड्डा, पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा, उपायुक्त जितेंद्र यादव, नगर निगम आयुक्त यशपाल, पुलिस उपायुक्त डा. अंशुल सिंगला सहित जिले के तमाम अधिकारीगण मौजूद थे।



## डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख को सीबीआई कोर्ट आज को सुनाएगी सजा

**सिरसा:** रणजीत सिंह हत्याकांड मामले में सीबीआई कोर्ट मंगलवार को डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम इंसा को सजा सुनाएगी। कोर्ट के संभावित फैसले को लेकर सिरसा में सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी कर दी गई है। कोर्ट को फैसले को देखते हुए प्रशासन ने बेगू रोड से लेकर डेरा सच्चा सौदा मुख्यालय तक अर्धसैनिक बलों की तैनाती कर दी है। ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे और सिरसा में शांति व्यवस्था कायम रहे। इस दौरान पुलिस भी जगह-जगह नाके लगा कर वाहनों की जांच और पूछताछ के बाद ही आगे जाने दिया जा रहा है। डेरा सच्चा सौदा प्रबंधन पहले ही कह चुका है कि वो सीबीआई कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती देगा।

# हरियाणा में लगाए गए चार लाख स्मार्ट मीटर

## दस लाख नए स्मार्ट मीटर खरीदने की तैयारी में सरकार, प्रदेश में 90 हजार डिफैक्टिव मीटर बदलने का अभियान शुरू

**चंडीगढ़/हरज्ञान चौधरी**
**हरियाणा** सरकार की ओर से शुरू किए गए स्मार्ट मीटर अभियान के तहत प्रदेश में अब तक करीब चार लाख नए मीटर लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा इस मुहिम को दूसरे चरण में लागू करने के लिए 10 लाख नए मीटर खरीदने की तैयारी है। हरियाणा के बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने बताया कि विभाग में पहली बार एसडीओ स्तर के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया है। फील्ड से मिली रिपोर्ट में पता चला है कि प्रदेश में 90 हजार ऐसे मीटर हैं, जो बंद घरों में लगे हुए हैं या खराब होने के बाद गलत तरीके से चलाए जा रहे हैं। इन सभी मीटरों को बदलने अथवा जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। रणजीत सिंह ने बताया कि स्मार्ट मीटर बदलने के लिए चलाए गए अभियान का रिव्यू किया जा रहा है। पहले चरण में 10 लाख मीटर मंगवाए गए थे। अब दूसरे चरण में प्रदेश के सभी जिलों को कवर करने के लिए 10 लाख अतिरिक्त मीटरों की खरीद की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि करीब 20 साल पहले लाइन लॉस 40 प्रतिशत था, जो आज कम होकर 14.5 पर आ गया है।

अब विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इस घाटे को कम करके 12 प्रतिशत पर लेकर आएं। हरियाणा के बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने मीडिया को बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए मोबाइल की तर्ज पर प्रीपेड मीटर योजना चलाई गई है। जिन उपभोक्ताओं की बिजली की खप्त कम है, उनके लिए यह योजना बेहद कारगर है। उन्होंने बताया कि प्रीपेड उपभोक्ताओं को सामान्य उपभोक्ताओं के मुकाबले टैरिफ में पांच प्रतिशत की छूट दी जा रही है। आने वाले समय में इस रियायत को बढ़ाए जाने पर विचार किया जा रहा है।



# ऐलनाबाद में भाजपा का नारा, मौका आया हाथ, चलो सरकार के साथ

**सिरसा/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
ऐलनाबाद का उपचुनाव इसलिए हो रहा है, क्योंकि एक व्यक्ति ने पहले अपने राजनीतिक लाभ के लिए किसानों का हवाला देकर इस्तीफा दे दिया और फिर उपचुनाव में खुद ही चुनाव भी लड़ रहे हैं। जबकि कृषि कानूनों पर सुप्रीम कोर्ट की पहले से ही रोक है तो दरअसल ये लड़ाई किसानों के लिए नहीं लड़ रहे थे, वो लड़ाई अपने परिवार के अंदर की विरासत की लड़ रहे हैं। कृषि कानूनों के बहाने, किसानों का नाम लेकर और इस्तीफे का राजनीतिक खेल खेलकर दरअसल वे अपने परिवार की विरासत को दोबारा हासिल करना चाहते हैं लेकिन इन सब के बीच ऐलनाबाद की जनता को और देश प्रदेश की सरकार को एक और उपचुनाव से गुजरना पड़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी हर राजनीतिक बदलाव को एक अवसर में तबदील करना जानती है ये चुनाव अभय चौटाला के लिए चुनौती है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के लिए सुनहरा अवसर है मैं तो ये कहता हूं कि भाजपा से ज्यादा तो ये अवसर ऐलनाबाद की जनता के लिए है 17 वर्षों से विपक्ष में बैठे ऐलनाबाद के लोगों के पास एक मौका हाथ आया है, कि सरकार के साथ चलो, भाजपा के साथ चलो और विकास के मीठा फल का स्वाद लो इस उपचुनाव से सरकार की सेहत पर या हरियाणा की सियासत पर कोई फर्क नहीं पडने जा रहा है, अगर फर्क पडता है तो सिर्फ और सिर्फ ऐलनाबाद की जनता पर और उनके विकास कार्यों पर पड़ेगा।

लगातार विपक्ष और बहकावे की राजनीति की वजह से ऐलनाबाद पिछड़ गया है अब ऐलनाबाद के पास मौका है सरकार के साथ चलने का और विकास के नक्शे पर उभरने का



## 45.10 लाख रुपये बकाया होने पर निगम ने सील की 25 इकाईयां

**फरीदाबाद/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**प्रापर्टी** टैक्स जमा न करवाने वालों के खिलाफ नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा सीलिंग का अभियान सोमवार को भी जारी रहा। नगर निगम प्रशासन ने शिंकजा कसते हुए क्षेत्रीय एवं कराधान अधिकारियों द्वारा ओल्ड फरीदाबाद जोन-1 तथा 2 में अभियान चलाकर 25 इकाईयों को सील किया जिन पर करीब 45.10 लाख रूपए का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। निगम प्रशासन द्वारा इस अभियान के तहत कर जमा न करवाने वाले लोगों में हडकम्प मचा हुआ है। आयुक्त ने करदाताओं से अपील की है कि उपरोक्त कारवाई से बचने के लिये सभी अपने-अपने बकायाजात की अदायगी तुरन्त करें जिससे निगम के राजस्व में बढ़ोतरी हो सके और शहर का विकास हो सके। उधर निगमायुक्त ने निगम के आय के विभन्न स्त्रोतों से वसूली का अवलोकन करने के लिए, सम्बन्धित आधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अब तक की हुई वसूली पर चिन्ता व्यक्त करते हुये आदेश दिये कि सम्पत्तिकर के जितने भी बकायेदार है उनसे 31 मार्च 2022 तक सम्पत्तिकर की वसूली होनी चाहिये या उनके विरूद्ध कानूनी कारवाई की जाये। इसी प्रकार के आदेश निगमायुक्त ने विकास शुल्क वसूल करने के बारे भी दिये।

# कांग्रेसियों ने मौन व्रत रखकर विरोध जताया

**सिरसा/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**यूपी** के लखीमपुर खीरी में किसानों के साथ हुई घटना के विरोध में कांग्रेस द्वारा प्रदेश भर में केंद्र सरकार के सरकारी भवनों के आगे मौन व्रत रखकर विरोध जताया गया। इसी कडी में सिरसा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बरनाला रोड पर केंद्रीय कपास निगम के कार्यालय के आगे धरना दिया तथा मौन व्रत रखा। सुबह 11 बजे से 1 बजे तक धरना चला। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह 11 बजे ही कपास निगम कार्यालय के आगे पहुंच गए थे। धरना के लिए सुबह ही तंबूलगा दिया गया था। हालांकि शुरूआत में कार्यकर्ताओं की संख्या कम रही, लेकिन जब दोपहर 12 बजे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा धरना स्थल पर पहुंची तो कार्यकर्ताओं की संख्या भी बढ गई। यह धरना दोपहर एक बजे तक चला। उसके बाद सभी कार्यकर्ता वहां से चले गए। धरना में कांग्रेस के कई बड़े नेता शामिल हुए जिसमें पूर्व उप मुख्यमंत्री चंद्रमोहन बिश्नोई, पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोडी,डा सुशील इंदौरा, कालांवाली विधायक शीशपाल केहरवाला, डबवाली विधायक अमित सिहाग, परमवीर सिंह, डॉ. केवी सिंह, सुभाष जोधपुरिया, नवीन केडिया, राज कुमार शर्मा, सुरेन्द्र नेहरा, कुलदीप गदराना, पाला राम कंबोज, आनंद बियानी, मोहित शर्मा सहित अन्य शामिल थे।



# डीएपी खाद न मिलने पर किसानों ने किया हंगामा

**पलवल/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**सोमवार** को सहकारी बैंक बहीन पर किसानों ने उस वक्त हंगामा खडा कर दिया, जब उनको बताया गया कि इस बार डीएपी खाद के लिए किसानों को लंबा इंतजार करना पडेगा। गांव बहीन स्थित सहकारी बैंक के अंतर्गत आठ गांव आते हैं, जिनमें बहीन, नांगल जाट, पहाडी, मानपुर, अंधोप, आली ब्राह्मण, नांगल सभा व खाइका गांव शामिल हैं। बीते कई दिनों से किसान सरसों की बिजाई के लिए सहकारी बैंक बहीन पर डीएपी खाद के लिए चक्कर लगा रहे थे, लेकिन सोमवार को किसानों को उस वक्त धक्का लगा जब शाखा प्रबंधक कमल रावत ने किसानों को डीएपी खाद की रैक न आने से किसानों को और इंतजार करने के लिए बोला। किसानों का कहना है कि इस समय सरसों व गेहूं की बिजाई चल रही है, लेकिन डीएपी खाद समय पर न मिलने से इसका सीधा असर हमारी फसल के उत्पादन पर पडेगा। किसानों ने आरोप लगाया कि डीएपी खाद का रेट 1200 रुपए प्रति बोरी है, लेकिन बाजारों में कुछ खाद विक्रेताओं ने गुपचुप तरीके से इसकी कालाबाजारी शुरू कर दी है व किसानों से मनमाने रेट भी ले रहे हैं। कुछ किसानों ने बैंक पर आरोप लगाया कि हमें अब तक चैक के माध्यम से खाद मिलता था जिसका भुगतान हम बैसाख में कर देते थे और बैंक से हमारा लेन-देन भी अच्छा है, लेकिन अबकी बार बैंक ने चैक से खाद देने से भी मना कर दिया, जिसकी वजह से भी किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पडेगा।

# बालिकाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें अभिभावक: डॉ. सुमन यादव

**रेवाड़ी/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**अंतर्राष्ट्रीय** बालिका दिवस पर गढ़ी बोलनी एसडीएस स्कूल में आयोजित स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर में डॉ. आरबी यादव अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमन यादव ने कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि वह बच्चियों के स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच कराएं। स्वस्थ समाज के निर्माण में बच्चियों की बड़ी भूमिका होती है। इस शिविर में डॉक्टरों की टीम ने स्कूल की बच्चियों के स्वास्थ्य और खून की जांच की। उन्होंने कहा कि बालकों की अपेक्षा बालिकाओं में अक्सर खून की कमी देखी जाती है। अभिभावकों को अपनी बच्चियों में खून की जांच नियमित रूप से करानी चाहिए। शरीर में खून की कमी होने की स्थिति में उन्हें डॉक्टर के परामर्श से उपचार दिया जाना चाहिए। डॉ. यादव ने कहा कि आज बालिकाओं पर समूचे राष्ट्र को नाज है। बच्चियां विभिन्न क्षेत्रों में देश का नाम रोशन कर रही हैं। ग्रामीण परिवेश में लड़के व लड़कियों में भेदभाव की भावना अब खत्म होने लगी है। अभिभावक अब इस भावना से ऊपर उठकर बच्चियों के चहुमुखी विकास की ओर ध्यान दे रहे हैं। इस मौके पर डॉ. आरबी यादव अस्पताल वह एसडीएस स्कूल के स्टाफ के सदस्य मौजूद थे।



# डिप्टी सीएम ने आठ विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**फरीदाबाद/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को जिला परिवेदना एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक के पश्चात जिला के लोगों के लिए 26.20 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली आठ विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास व एक तीन करोड़ सात लाख रुपये की लागत से तैयाह हुई एक विकास परियोजना का उद्घाटन कर उसे जिला की जनता को समर्पित किया।

उन्होंने कहा कि यह विकास परियोजनाएं ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को सबसे पहले फरीदाबाद सूरजकुंड रोड पर स्थित सूरजकुंड गोल चक्कर पर 307.23 लाख रुपये की लागत से बनाए गए फुट ओवरब्रिज का उद्घाटन किया।

उन्होंने बताया कि इस फुट ओवरब्रिज की यहां काफी समय से मांग की जा रही थी। ज्यादा ट्रैफिक होने की वजह से यहां हमेशा हादसे होते रहते थे और अब इस फुट ओवरब्रिज के बनने से यहां हादसों की संख्या में कमी आएगी। इसके बाद उन्होंने 26.10 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली आठ अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। इन विकास परियोजनाओं में कुराली से भिकुका वाया फिरोजपुर अटाली सडक के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण 286.98 लाख रुपये की लागत से, बदरौला से चांदपुर वाया बहादुरपुर सडक का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण 151.75 लाख रुपये की लागत से, कुरैशीपुर से नंगला गुजरान सडक का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण 114.09 लाख रुपये की लागत से, अरवा पंटून पुल से शहाजनपुर खादर सडक फतेहपुर आटा (यूपी) तक सडक का नव निर्माण 526.32 लाख व 142.00 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। इसके साथ ही शहजानपुर खादर से लतीफपुर तक नई सड़क का निर्माण 139.84 लाख रुपये की लागत से और फरीदाबाद जसाना चीरसी मंझावली तक सीमेंट ब्लाक से सडक का विस्तार 759.23 लाख रुपये की लागत से करने के कार्य का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही धौज गांव में 1.66 लाख रुपये की लागत से अपशिष्ट जल प्रबंधन परियोजना का 1.66 लाख रुपये की लागत से और सीकरी गांव में 3.24 लाख रुपये की लागत से मॉडल पोंड के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया गया।



### विधायक राजेंद्र जून ने खेड़ी जसोर में सौंदर्यीकरण के बाद रिबन काटकर चौपाल ग्रामवासियों को समर्पित की

# 'ग्रामवासियों को मिलेगा चौपाल की सुविधा का लाभ'

**बहादुरगढ़/सिद्धार्थ राव**
**चौपाल** की सुविधा मिलने से ग्रामवासियों को सामूहिक व निजी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक उपयुक्त स्थान उपलब्ध हो गया है। ग्रामवासी चौपाल की सुविधा का लाभ ले। यह बात कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह जून ने सोमवार को हलके के गांव खेड़ी जसोर में पंडितों वाली चौपाल का सौन्दर्यकरण होने के उपरांत रिबन काटकर उद्घाटन कर जन सुविधा हेतु चौपाल ग्रामवासियों को समर्पित करते हुए कहीं। चौपाल में पहुंचने पर ग्रामवासियों ने फूल मालाएं पहनाकर विधायक राजेंद्र जून का स्वागत किया तथा बुजुर्गों ने हलके की सेवा करते रहने का आशीर्वाद दिया। पंडित खेमचंद ने गांव की तरफ से विधायक राजेंद्र सिंह जून का पगड़ी बांधकर सम्मान किया। बिंदर प्रधान ने विधायक को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर मौजूद ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए विधायक



राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि आप लोगों ने तीसरी बार विधायक बनाकर जो जिम्मेदारी मुझे सौंप रखी है उसे निभाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा। लोगों ने पंडितों वाली चौपाल पर ऊपरी तल बनवाने की मांग विधायक से की। विधायक ने कहा कि वह एस्टीमेट बनवाकर पंडितों वाली चौपाल पर ऊपरी भवन बनवाने की मांग पूरी करेंगे। इस अवसर पर विधायक राजेंद्र सिंह जून ने ग्रामवासियों की समस्याएं भी सुनी। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि खेड़ी जसोर व जसोरखेड़ी की पीएचसी में स्टाफ की कमी है। पीएचसी में दवाइया भी नही मिलती। डिलीवरी की सुविधा नही है। डिलीवरी के लिए शहर जाना पड़ता है। स्टाफ सहित दवाइया व डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। विधायक राजेंद्र जून ने कहा कि वे स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर पीएचसी से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान कराएंगे। खेड़ी जसोर के लोगों ने पिछले 3 महीने से पेंशन नही मिलने की समस्या विधायक को बताई। विधायक ने संबंधित अधिकारी को फोन कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। विधायक ने चौपाल में मौजूद ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार ने लोगों से काला धन वापिस लाने और सभी देशवासियों के बैंक खाते में 15 - 15 लाख रुपये डालने सहित अनेक लोक लुभावने वादे कर सरकार बनाई और सरकार बनते ही वादों को पूरा करने की बजाय जीएसटी , महंगाई, डीजल, पेट्रोल व रसोई गैस के दाम बढाकर लोगों को आर्थिक रूप से कमजोर करने का काम किया है। विधायक राजेंद्र जून ने कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार की तरह हरियाणा की बीजेपी-जेजेपी सरकार भी गलत नीतियां थोपकर प्रदेश के लोगों को बर्बाद करने का काम कर रही है। विधायक राजेंद्र जून ने कहा कि कांग्रेस की हुड्डा सरकार के कार्यकाल में बहादुरगढ़ हलका विकास की ओर तेज गति से अग्रसर था। मगर खट्टर सरकार पिछले 7 साल से बहादुरगढ़ हलके के विकास को लेकर भेदभाव कर रही है जबकि हुड्डा सरकार में सभी विधानसभा क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य करवाए गए थे। विधायक राजेंद्र सिंह जून ने ग्राम वासियों से कहा कि हरियाणा में अगली सरकार कांग्रेस पार्टी की बनेगी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा के तीसरी बार मुख्यमंत्री बनकर बहादुरगढ़ सहित पूरे हरियाणा में विकास कार्यों की झड़ी फिर से लगाने का काम करेंगे। चौपाल में समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# मुरथल रोड़ के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे मेयर निखिल मदान

● **मेयर निखिल मदान ने बताया कि मुरथल रोड़ पर सड़क निर्माण के कार्य को पूरा होने के बाद बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को भी चालू किया जाएगा**

**सोनीपत/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
सोमवार को नगर निगम मेयर निखिल मदान ने मुरथल रोड़ पर पी डब्ल्यू डी( लोक निर्माण विभाग) विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़क का निरीक्षण किया। इस मौके पर मेयर निखिल मदान ने कहा कि बारिश के चलते मुरथल रोड़ का कार्य बंद पड़ा हुआ था जिसे अब पुनः शुरू कर दिया गया है और जल्द ही एक सप्ताह के अंदर इसे पूरा कर लिया जाएगा ।करीब 1800 मीटर की सड़क पर आधे से ज्यादा हिस्से में रोड़ी के ऊपर तारकोल की एक लेयर बिछा दी गयी है ।मेयर निखिल मदान ने बताया कि मुरथल रोड़ के एक तरफ से बंद होने के चलते स्थानीय व्यापारी



और आम लोग बेहद परेशान थे। नगर निगम सोनीपत द्वारा मुरथल रोड़ के दोनों औ? बसी आवासीय कालोनियों जीवन विहार, राजीव कालोनी और विकास नगर की सीवरेज लाइन और पेयजल लाइन बिछाने का कार्य पूरा किया जा चुका है। इन सीवरेज लाइन का बहालगढ़ रोड पर क्रॉसिंग का कार्य अभी बाकी है ।वहीँ फाजिलपुर पावर हॉउस के सामने से सीवरेज लाइन क्रासिंग का कार्य प्रगति पर है। उक्त जमीन को नगर निगम द्वारा लीज पर ले लिया गया है। इन दोनों जगह पर सीवरेज लाइन क्रासिंग का कार्य भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा जिसके बाद इन सभी लाइनों को राठधना एस टी पी से जोड़ दिया जाएगा। मेयर निखिल मदान ने बताया कि मुरथल रोड़ पर सड़क निर्माण के कार्य को पूरा होने के बाद बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को भी चालू किया जाएगा जिससे राहगीरों को सुविधा होगी और अंधेरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को टाला जा सकेगा। इस मौके पर नगर निगम सोनीपत एस डी ओ सतीश कुमार,पी डब्ल्यू डी जेई अनिल चहल मौजूद रहे।

# मकान में घुसे युवकों ने घर की खिड़कियों पर की पत्थरबाजी

**गन्नौर/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
गढ़ी केसरी रोड पर कालोनी में स्थित एक मकान में घुस कर कुछ अज्ञात युवकों ने पत्थरबाजी कर दी। पत्थरबाजों की तस्वीर मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। मकान मालिक ने मामले सूचना डायल 112 पर पुलिस कर्मियों को दी। आरोप है कि 112 पर कॉल करने के बाद भी पुलिसकर्मी घटना स्थल पर नहीं पहुंचे। इसके बाद मकान मालिक ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में मकान मालिक राजीव कौशिक ने बताया कि 7 अक्तूबर की रात के समय कुछ युवक उनके घर के आंगन में गेट व दीवार फांद कर घुस आए। युवकों ने उनके घर की खिड़कियों पर दरवाजों पर पत्थरबाजी कर जानलेवा हमला किया। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस को मामले की शिकायत मिली है। शिकायतकर्ता द्वारा कुछ व्यक्तियों पर उस पर हमला करवाने का शक जताया है।

# चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चार आरोपी काबू, सोने-चांदी के जेवरात बरामद

**करनाल/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**जिला** पुलिस की डिटेक्टिव स्टाफ की टीमों द्वारा अलग-अलग मामलों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।
पहले मामले में टीम द्वारा एक आरोपी पंकज उर्फ लाली पुत्र सूरजभान वासी सुभाष गेट करनाल को विश्वसनीय सूचना पर ताऊ देवीलाल चौक करनाल से गिरफ्तार किया गया। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने 20 सितंबर को दिन के समय शिकायतकर्ता मुकेश पुत्र रामविलास वासी बुद्धा सिंह कालोनी करनाल के मकान में छत के रास्ते से घुसकर सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना शहर करनाल में मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में आरोपी द्वारा चोरी की उपरोक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया गया। आरोपी ने बताया कि वह नशा करने का आदी है और इस नशे की पूर्ति के लिये ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जिस पर आरोपी के कब्जे से छह चांदी की चैन, चार सोने की कान की बाली, दो सोने के नाक के कोके, एक सोने की नथनिया व एक जोडी चांदी पायल बरामद की गई। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी के कई मामले दर्ज हैं। इन मामलों में आरोपी गिरफ्तार हो चुका था और फिलहाल जमानत पर बाहर चल रहा था। दूसरे मामले में पुलिस टीम द्वारा तीन आरोपियों साहिल पुत्र धर्मबीर, सतीश कुमार उर्फ लीसा पुत्र शिगारू व अनिकेत पुत्र बलदेव वासियान गांव खेडा जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर इन्द्री से गिरफ्तार किया गया। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने पिछले कुछ समय के दौरान गांव खेडा की पंचायती सरिया व अन्य सामान चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने इन सरियों को नशा पूर्ति के लिये अलग-अलग समय पर चुराया था।
पुलिस पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपने चौथे साथी मुकेश वासी गांव खेडा के साथ मिलकर चोरी की उपरोक्त वारदात को अंजाम देने की बात का खुलासा किया गया।

## पिस्तौल व चाकू के बल पर लोगों से लूटपाट करने वाले दो आरोपी काबू

**करनालः** सीआईए वन पुलिस टीम द्वारा बाइक पर सवार होकर पिस्तौल, चाकू व गंडासी के बल पर लोगों से उनकी मोटरसाइकिल, नकदी, मोबाइल फोन व अन्य कीमती सामान छीनने की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने जिला करनाल में लूट व स्नेचिंग की 15 वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है।
सीआईए वन टीम द्वारा आज दो आरोपियों पारस पुत्र राजेश व सुमित पुत्र कालूराम वासियान गांव मछरौली जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश को विश्वसनीय सूचना के आधार पर रकबा मंगलौरा मेरठ रोड करनाल से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा जिला करनाल के थाना सदर के एरिया से गन प्वाइंट पर स्नेचिंग करने की चार वारदात, थाना सेक्टर 32-33 के एरिया से भी चार वारदात, थाना मधुबन के एरिया से तीन वारदात, थाना कुंजपुरा के एरिया से दो वारदात व थाना बुटाना और घरौंडा के एरिया से एक-एक वारदात को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया।
पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी छीनी गई मोटरसाइकिलों पर ही लूट व स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देते थे और फरार हो जाते थे। इन वारदातों को आरोपी अपने शौक पूरे करने के लिए अंजाम देते थे और इन वारदातों में छीने गए रूपयों व सामान को अपने ऐशो आराम में उड़ा देते थे।

# गांव मूनक में आजादी का अमृत महोत्सव के मद्देनजर दी गई कानूनी जानकारी

**करनाल/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण ने आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जागरूकता पैदा करने के लिए गांव मुनक में कानूनी साक्षरता अभियान के मद्देनजर एक शिविर का आयोजन किया गया। यह भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाने तथा लोगों को अपने गौरवशाली इतिहास के प्रति जागरूक करने की एक अनूठी पहल है। जिला सूचना एवं जन संपर्क कार्यालय की नुक्कड़ नाटक मंडली ने गीतों के माध्यम से आम जनता को विभिन्न कानूनी सेवा योजनाओं से अवगत कराया।



शिविर में आए लोगों को विधिक सेवा अधिनियम के तहत प्रदान की जाने वाली मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में अवगत कराया गया और उन्हें यह बताया गया कि वह व्यक्ति जिसकी सालाना आय 3 लाख रुपये से कम है और जनरल जाति से संबंध रखता है मुफ्त कानूनी लेने का हकदार है। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति जो अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति कैटेगरी से आता है या महिला है बच्चे हैं दिव्यांग है उसे मुफ्त कानूनी सहायता उसकी आए को ध्यान में न रखते हुए प्रदान की जाती है। शिविर में लोगों को यह अवगत कराया गया कि अगर उन्हें किसी प्रकार की कानूनी समस्या है या किसी परकार की दिक्कत है या वह वकील की सेवाएं लेना चाहते हैं तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं और इसके लिए उनके केस की पैरवी जिला न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय तक मुफ्त की जाएगी।

# जच्चा-बच्चा के पौष्टिक आहार के लिए मिलता है 5 हजार तक खुराक भत्ताः ज्योति रानी

**करनाल/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**महिला** एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के रिकॉर्ड निरीक्षण का कार्य जारी है। इसी कड़ी में सीडीपीओ निसिंग कार्यालय में पहुंचकर डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर ज्योति रानी ने आंगनवाड़ी कार्यकताओं व सुपरवाईजरों के पीएमएमवीवाई रिकॉर्ड का निरीक्षण किया और योजना के सही क्रियान्वयन बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत गर्भवती महिला को भारत सरकार द्वारा 5000 रुपये की आर्थिक



सहायता प्रदान की जा रही है। जो भी गर्भवती महिला इस योजना में आवेदन करने की इच्छुक है, उन्हें आंगनवाड़ी तथा स्वास्थ्य केंद्र में जाकर पंजीकरण करवाना होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली महिलाओं और उनके बच्चे को कुपोषित होने से बचाना है तथा मृत्यु दर को कम करना है।
उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना पात्रता (दस्तावेज) गर्भावस्था सहायता योजना में आवेदन करने वाली गर्भवती महिलाओं की उम्र 19 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। योजना में आवेदन करने के लिए आवेदक के पास राशन कार्ड, बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, माता पिता दोनों का आधार कार्ड, बैंक खाते की पासबुक तथा माता पिता दोनों का पहचान पत्र होना अनिवार्य है। गर्भवती महिलाओं को इस योजना में आवेदन के लिए तीन फार्म (ए,बी,सी) भरने होंगे। इस मौके पर पीएमएमवीवाई की सहायक मीनाक्षी शर्मा भी उनके साथ मौजूद रही।

# 'बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए परिषद वचनबद्ध'

## उपायुक्त ने बाल भवन परिसर में निर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण

**करनाल/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**उपायुक्त** एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष निशांत कुमार यादव ने कहा कि बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए परिषद वचनबद्ध है, इसके लिए धनराशि की आवश्यकता हो या भवन विस्तार और उसमें पुस्तकालय व प्रशिक्षण जैसी जरूरतें हों, जुटाते रहेंगे। उपायुक्त सोमवार को शहर की कालीदास रंगशाला में जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से आयोजित जिला स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिताओं के शुभारम्भ अवसर पर प्रतिभागी बच्चों से मुखातिब थे। इससे पहले उन्होंने



सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्जवलित कर विद्यादायिनी माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उनके साथ जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक भी थे।
उपायुक्त ने गर्व से कहा कि हरियाणा में जितनी भी एक्टिव चाईल्ड वेल्फेयर काउंसिल हैं, करनाल उनमें से एक है। इसके लिए उन्होंने जिला बाल कल्याण अधिकारी और उनके पूरे स्टाफ की सराहना की। चार दिवसीय प्रतियोगिता का आगाज करने के बाद उन्होंने प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं और इसके सफल आयोजन की बधाई दी और कहा कि वे जिला के साथ-साथ राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं में भी भाग लें और अव्वल रहकर पुरस्कार लें। उन्होंने कहा कि बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं से बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर करने का अवसर मिलेगा, इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा।
बाल कल्याण परिषद का गोल्डन जुबली वर्ष- उपायुक्त ने बताया कि वर्ष 1971 में राज्य बाल कल्याण परिषद का गठन हुआ था और वर्ष 2021 गोल्डन जुबली वर्ष है। इसी वर्ष देश में आजादी का अमृत महोत्सव भी मनाया जा रहा है, जिसमें सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक विकास को लेकर हर तरह के कार्यकलाप किए जा रहे हैं। इसे एक अच्छा संयोग बताया। प्रतियोगिता का लिया राउण्ड- मंच से भाषण के बाद उपायुक्त निशांत कुमार यादव, कालीदास रंगशाला परिसर में ही स्कैचिंग ऑन द स्पोट प्रतियोगिता में व्यस्त, बच्चों के बीच गए, उनसे संवाद किया और उन द्वारा पोस्टर पर की जा रही

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर रेणु विद्या मन्दिर के छात्रों को किया संबोधित




**राई/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
रेणु विद्या मन्दिर बहालगढ़ में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविर सीजेएम रमेश चंद के मार्गदर्शन में लगाया गया। कार्यक्रम में निशा शर्मा ने बतौर वक्ता शिरकत की। स्कूल पहुंचने पर शिक्षकों ने उन का स्वागत किया। शर्मा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समुदाय को जागरूक करने को लेकर हर साल आज के दिन विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों में मानसिक विकारों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने मानसिक रोगों के बारे में बताया कि मानसिक रोग क्या होते है। किसी को मानसिक बीमारी है तो उसे तनाव को नियंत्रित करना होगा, नियमित चिकित्सा पर ध्यान देना होगा। पर्याप्त नींद लेनी होगी। समस्या से ग्रसित व्यक्ति पौष्टिक आहार लें व नियमित व्यायाम करें। उन्होंने बताया कि मानसिक रोग कई प्रकार के होते हैं । इनमें डिमेंशिया, डिस्लेक्सिया, डिप्रेशन, तनाव, चिंता, कमजोर याददाश्त, बाइपोलर डिसआर्डर, अल्जाइमर रोग, भूलने की बीमारी आदि शामिल हैं। दीपक कुमार ने भी छात्रों को जागरूक किया। इस मौके पर स्कूल के उपनिदेशक बिजेन्द्र कुमार, प्रबंधक बिजेन्द्र सिंह, कालेज के सह प्रबंधक रोहताश सिंह, तनुजा रावल, सुनील गुप्ता आदि मौजूद थे।

# चारा ले जाते समय ट्रैक्टर चालक ने कई गाड़ियों को किया क्षतिग्रस्त

**गन्नौर/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
शहर की पुरानी अनाज मंडी के निकट स्थित गौशाला में गांयो के लिए हरा चारा लेकर आ रहे एक ट्रैक्टर के चालक ने सड़क किनारे खड़ी कई गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके बाद गाड़ी मालिकों ने ट्रैक्टर के चालक मंडी के गेट के पास रोक लिया।
काफी बहस करने के बाद कार मालिकों ने मामले की सूचना थाना गन्नौर में दी गई है।
जानकारी देते हुए बसंब विहार निवासी कमल चांदना ने बताया कि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाजार में आया था। उसने अपनी कार को सड़क के किनारे खड़ा किया था, जब वह 30 मिनट बाद आया तो उसने देखा कि उसकी कार का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। आस-पास पूछताछ करने पर उन्हें पता चला कि गौशाला में गांयो के लिए हरा चारा लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर चालक ने उसकी कार को क्षतिग्रस्त किया है। जिसके बाद उसने ट्रैक्टर का पीछा किया। उसने देखा कि ट्रैक्टर चालक ने गन्नौर थाना के निकट छोटी मंडी के बाहर भी करीब तीन गाड़ियों को क्षतिग्रस्त किया था। फिलहाल इस संबंध में पुलिस द्वारा मामला दर्ज नहीं किया गया है।

## वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी काबू

**करनालः** जिला पुलिस की विशेष युनिट वाहन चोरी निरोधक दस्ता व उनकी सहयोगी टीम द्वारा वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पांच मोटरसाइकिलें व दो एक्टिवा बरामद की गई हैं।
पुलिस टीम द्वारा 10 अक्तूबर को तीन आरोपियों ताहिर उर्फ राहुल पुत्र बालकिशन वासी मंगलपुर चौक कुंजपुरा रोड करनाल और मोनोवर पुत्र वकील उर्फ डन्डा व हीरालाल पुत्र नरोत्तमदास बसंत विहार जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया गया।

# जेवरात व डकैती की वारदात में फरार आखिरी आरोपी भी काबू

**करनाल/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**सीआईए** वन टीम द्वारा पिस्तौल के बल पर बुजुर्ग दंपति को बंधक बनाकर जेवरात व डकैती की वारदात में फरार चल रहे चौथे आरोपी सनवर पुत्र मतलुब वासी नया कुण्डा कला उत्तर प्रदेश को विश्वसनीय सूचना पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल एक मोटरसाइकिल, 315 बोर का एक देशी पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस व 53 ग्राम सोने के जेवरात बरामद किए गए। आरोपी ने पूछताछ में अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उल्लेखनीय है कि 23-24 मई की रात को गांव चौरा जिला करनाल के एक मकान में बुजुर्ग दम्पति के साथ मारपीट करके व उनको बंधक बनाकर अज्ञात आरोपियों द्वारा गन प्वाइंट पर जेवरात व नगदी डकैती की एक वारदात को अंजाम दिया गया था। वारदात के संबंध में बुजुर्ग दम्पत्ति के लडके मुकेश के ब्यान पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना घरौंडा में भारतीय दंड संहिता की धारा-459 व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।
इस मामले में सीआईए वन टीम द्वारा तीन आरोपियों गुलजार पुत्र वसीर, जब्बार पुत्र रूला वासियान गांव कुण्डा कला जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश व राजपाल पुत्र रामदिया वासी गावं फैजअलीपुर माजरा जिला करनाल को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों के कब्जे से कुल 168 ग्राम सोने के जेवरात बरामद किये गये। पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपने चौथे साथी सनवर पुत्र मतलुब वासी नया कुण्डा कला जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया।

सोनीपत मे समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
संजीव कौशिक, ब्यूरो चीफ सोनीपत
Cont.: 9991270143
E-mail: sanjeevkaushiknews@gmail.com

# दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चादर कलियर शरीफ उर्स के लिए रवाना

## 20 अक्टूबर को उर्स शरीफ का अख्ततास होगा



**नई दिल्ली/एक्शन इंडिया न्यूज**
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चादर कलियर शरीफ उर्स के लिए रवाना कर दी गई। दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन, उर्स कमेटी के चेयरमैन एफ.आई. स्माइली और उर्स कमेटी के सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नाम की चादर को कलियर शरीफ रवाना किया गया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दुआ कराई कि देश व दुनिया में अमन-शांति बनी रहे और विश्व को कोरोना महामारी से जल्दी निजात मिले। कलियर शरीफ के 753वें उर्स के मौके पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज अकीदत पेश करते हुए दिल्ली से चादर रवाना की। जिसमें दिल्ली के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन व उर्स कमेटी के चेयरमैन एफ.आई. स्माइली ने उर्स कमेटी के मेंबर फईमुद्दीन सैफी, परवेज नूर, मोहम्मद मुस्तफा, अनवर मसूद, वकार भोपाली लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार व भाईचारा कमेटी के अध्यक्ष भाई मेहरबान कुरैशी, 'आप' अल्पसंख्यक विंग के तामीर अहमद, फुरकान कुरैशी, रिजवान सैफी, कलीम खान आदि शामिल हुए। ज्ञात हो कि हजरत मखदूम अलाउद्दीन अली अहमद साबिर पाक रहमतुल्लाह अलैह का 753वां उर्स 18 अक्टूबर से शुरू होकर 21 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें लाखों जायरीन शामिल होते हैं। 20 अक्टूबर को उर्स शरीफ का अख्ततास होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश और दुनिया में अमन व शांति बनी रहे, आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिले और कोरोना महामारी से विश्व को जल्दी निजात मिले, इसकी भी दुआं कराई। साथ ही, देवभूमि उत्तराखण्ड के वासियों को उर्स और नवरात्रों की शुभकामनाएं भी दी।

# पुलिसे ने गाजियाबाद में बावरिया गिरोह के आठ बदमाश दबोचे



**साहिबाबाद/एक्शन इंडिया न्यूज।** पुलिस ने सोमवार को तुलसी निकेतन से बावरिया गिरोह के आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूट व चोरी के गहने, तीन तमंचे, पांच कारतूस और पांच चाकू बरामद हुए हैं। आरोपित बस, ट्रेन व टैक्सियों में सवारी बनकर मुसाफिरों से लूट व चोरी करते थे। पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय गाजियाबाद ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि बदमाशों की पहचान संजू, अमित, कुलदीप, सुदीप, राजुब व सोनू निवासीगण ग्राम छौलस थाना जारचा गौतमबुद्धनगर और सुमित व राजू निवासीगण ग्राम रोहताश गढ़ी कल छिना थाना भोजपुर गाजियाबाद के रूप में हुई। संजू गिरोह का सरगना है। वह अमित, कुलदीप, सुदीप व राजुब सगे भाई हैं। सुमित व राजू भी सगे भाई हैं। सोनू इन दोनों परिवारों का रिश्तेदार है। पूछताछ में पता चला है कि यह सभी सवारी बनकर आटो, टैक्सी आदि में सवार हो जाते थे।

# युवती की मौज-मस्ती, छह घंटे परेशान रही पुलिस

**नोएडा/एक्शन इंडिया न्यूज**
एक युवती की मौज-मस्ती ने नोएडा पुलिस को छह घंटे तक परेशान किया। बाद में युवती अपने दोस्त संग उसके फ्लैट में मिली। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दरअसल सेक्टर-39 कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर-104 स्थित एक रेस्टोरेंट पब में कुछ युवा पार्टी करने गए थे। शाम ढलते ही युवक और युवतियों ने पार्टी करनी शुरू कर दी। देर रात तक चली पार्टी के दौरान ही पार्टी में शामिल एक युवती की दोस्ती एक युवक से हो गई।


**उत्तर रेलवे**

**प्रथम शुद्धि पत्र**

**ई-खुली निविदा सूचना**

यह ई-खुली निविदा सूचना संख्या 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/21-22/डब्लू-I (NIT-10-11) दिनांक 05.10.2021 के तहत जारी किया गया है, जो की 26.10.2021 की खोला जाना है। क्रम संख्या 2 यानि NIT-21-22-011 के कार्य के टेंडर शैड्यूल में कुछ संशोधन किया गया है। निविदा अपने समय पर 26.10.2021 को 11:00 बजे संशोधन शैड्यूल के साथ खुलेगी।
**बाकी सभी नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।**
**पत्र संख्या :- 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/21-22/डब्लू-I (NIT-10-11) दिनांक :- 11.10.2021** 2319/2021

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


# लखीमपुर हिंसा: कांग्रेसियों ने रखा मौन व्रत



**नई दिल्ली/एक्शन इंडिया न्यूज**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने लखीमपुर खीरी में किसानों के नरसंहार के सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने और मोदी सरकार के गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल निवास के बाहर मौन वृत के रुप में धरना दिया। भाजपा की गूंगी बहरी सरकार तक जनता की आवाज पहुचाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पूरे देश में मौन वृत के रुप में धरने किए गए। धरना स्थल पर मौजूद कांग्रेस नेताओं ने हाथों में तख्तियां ली हुई थी जिन पर 'हत्यारे भाजपा नेताओं को फांसी दो', 'मोदी-योगी सरकार इस्तीफा दो', 'किसानों की हत्यारी भाजपा सरकार शर्म करो-शर्म करो' आदि नारे लिखे हुए थे। मौन वृत में प्रदेश अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार के साथ पूर्व केन्द्रीय कानूनी मंत्री अश्वनी कुमार, पूर्व केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास श्रीमती कृष्णा तीरथ और पूर्व सांसद श्री रमेश कुमार, डा. उदित राज, अ.भा.क.कमेटी के सचिव सी.पी. मितल एवं मनीष चतरथ, पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ, डा. योगानन्द शास्त्री, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष अमृता धवन, पूर्व विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष जय किशन, पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, हरी शंकर गुप्ता, कुंवर करण सिंह, सुरेन्द्र कुमार, भीष्म शर्मा, अल्का लाम्बा, अमरीश गौतम, विजय लोचव, दर्शना रामकुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक दत्त, मुदित अग्रवाल, शिवानी चौपड़ा, जिला अध्यक्ष मौहम्मद उस्मान, दिनेश कुमार एडवोकेट, हरी किशन जिंदल, गुरचरन सिंह राजू, विष्णु अग्रवाल, मदन खोरवाल, राजेश चौहान और कैलाश जैन सहित तमाम वर्तमान व पूर्व निगम पार्षद, ब्लाक अध्यक्ष और भारी संख्या में अग्रिम संगठनों व सेल एवं विभाग के पदाधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में व्याप्त गुंडाराज में लखीमपुर खीरी में दिन दहाड़े गृह राज्यमंत्री की जीप के द्वारा उसके बेटे ने किसानों की हत्या करने के बावजूद जनता के पुरजोर विरोध के बाद भी उत्तर प्रदेश पुलिस और प्रशासन ने आरोपियों को बचाने की पुरजोर कोशिश की तथा बिगड़ती व्यवस्था के कारण सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मामले में सीधे हस्तक्षेप करने बाद ही उनके बेटे को गिरफ्तार किया गया।

# बच्चा पैदा न होने पर सास ने जेठों से संबंध बनाने का विवाहिता पर डाला दबाव

**गाजियाबाद/एक्शन इंडिया न्यूज**
नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली विवाहिता द्वारा दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल पक्ष ने जमकर उत्पीड़न किया। बच्चा पैदा नहीं होने पर सास ने पीड़िता को तीन जेठों से संबंध बनाने का दबाव डाला और तीनों ने उनके साथ जबरदस्ती की। आरोप है कि पति से शिकायत करने पर जमकर मारपीट की गई और पति जबरन उन्हें मायके छोड़ गया। जाते हुए पति मायके में ही उन्हें तीन तलाक दे गया। इस संबंध में पीड़िता ने पति समेत ससुराल पक्ष के सात लोगों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली युवती की शादी मसूरी क्षेत्र में हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि मायके पक्ष ने अपनी हैसियत के अनुसार पैसे खर्च किए थे लेकिन ससुराल पक्ष इससे खुश नहीं था और लगातार दहेज की मांग कर रहा था। इसके चलते उनका उत्पीड़न चल रहा था। इस बीच मायके पक्ष ने उनकी बहन की शादी की तो उसमें कार व प्लाट दहेज में दिया। इससे आरोपित और ज्यादा परेशान करने लगे और दहेज में दो लाख रुपये, कार व प्लाट मांगने लगे। इस बीच उन्हें बच्चा नहीं हुआ तो सास ने तीन जेठों के साथ संबंध बनाने का दबाव डाला।

सास की सहमति से जेठों ने कई बार उनके साथ जबरदस्ती की लेकिन किसी तरह से उन्होंने अपनी अस्मत बचाई। पीड़िता तब से मायके में रह रही है। नगर कोतवाली प्रभारी अमित खारी का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता / III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | दिल्ली-रोहतक डीएन/एल-सीटीआर (पी)-1.23 किलोमीटर; दिल्ली-रोहतक डीएन/एल-सीटीआर (पी)-1.231 किमी; दिल्ली-रोहतक यूपी/एल-सीटीआर (पी)-1.232 किमी; दिल्ली-रोहतक यूपी/एल-सीटीआर (पी)-1.235 किलोमीटर; दिल्ली-रोहतक यूपी/एल-सीटीआर (पी)-0.40 किमी और टीआरआर (पी) 1.405 किलोमीटर सीनियर डीईएन-तृतीय के अधिकार क्षेत्र में का कार्य। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs. 10520170.77 (रुपए एक करोड़ पांच लाख बीस हजार एक सौ सत्तर और पैसे सतहत्तर केवल) |
| 3. | बयाना राशि (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 4. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0/- |
| 5. | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 02.11.2021 को 15:00 तक। |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा आई आर ई पी एस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं. 128-w/280/ई-निविदा सूचना/13/2021-22/W-3 दिनांक : 11.10.2021. 2314/21

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


# लाठीचार्ज पर बेकाबू हुए किसान, पुलिसकर्मियों से भिड़े



**नोएडा/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**नोएडा** प्राधिकरण कार्यालय पर किसानों की समस्या को लेकर प्रदर्शन करने गए किसान उस समय आक्रोशित हो गए, जब प्राधिकरण गेट पर ताला लगाने पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। आक्रोशित किसान बेकाबू हो गए, पुलिस से धक्का-मुक्की करने लगे। इस दौरान एडिशनल डीसीपी की वर्दी फट गई, कई महिलाएं व किसान भी चोटिल हो गए। बता दें कि नोएडा प्राधिकरण से मांगों को लेकर भारतीय किसान परिषद के नेतृत्व में दो सितंबर से किसान सेक्टर-पांच स्थित हरौला बरातघर में धरने पर बैठे हैं। सुनवाई नहीं होने पर कई बार प्राधिकरण कार्यालय पर प्रदर्शन कर चुके हैं। कई बार पुलिस, प्राधिकरण, किसानों के बीच वार्ता भी हुई, लेकिन विफल रही। बावजूद किसान अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर करीब 40 दिन से आंदोलन में डटे हुए हैं। शुक्रवार को प्राधिकरण पर धरना प्रदर्शन के बाद अधिकारियों ने दो दिन का समय किसानों को दिया था, जिससे उनकी मांगों पर विचार किया जा सके। इस वादे के तहत सोमवार को किसान प्राधिकरण कार्यालय पर पहुंचे थे, लेकिन कुछ किसान प्राधिकरण अधिकारियों की वादाखिलाफी से नाराज हो गए और आक्रोशित होकर बैरिकेडिंग को तोड़ दिया। प्राधिकरण कार्यालय पर जंजीर समेत ताला लगा दिया। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और उसने ताला खुलवाने का प्रयास शुरू किया। इस दौरान किसानों व महिलाओं के साथ उनकी नोकझोंक हुई। कई बार टकराव की स्थिति बनी, लेकिन हालात बिगड़ते देख पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। जैसे ही पुलिस ने लाठीचार्ज किया भगदड़ मच गई। इस दौरान किसानों ने जमकर पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की, जिससे कई पुलिस वालों को चोट लग गई, कई की वर्दी फट गई।

## हत्यारोपित गिरीश के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की कोर्ट की अवेहलना की रिपोर्ट

**गाजियाबाद/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**सिहानी** गेट थाना क्षेत्र में एक वर्ष पहले हुई विधायक अजितपाल त्यागी के मामा नरेश त्यागी की हत्या के मामले में पुलिस ने फरार आरोपित अजितपाल के भाई गिरीश त्यागी के खिलाफ कोर्ट की अवेहलना की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले में जल्द ही गिरीश की संपत्ति की कुर्की की तैयारी कर रही है। पूर्व में कोर्ट द्वारा आरोपित के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हो चुके हैं लेकिन वह अभी तक कोर्ट में पेश नहीं हुआ। सिहानी गेट थाना प्रभारी एवं मामले के विवेचनाधिकारी देवपाल सिंह पुंडीर ने बताया कि नौ अक्टूबर 2020 को लोहियानगर में स्कूटी सवार दो बदमाशों ने नरेश त्यागी की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी। जांच के दौरान मामले में सद्दीकनगर निवासी जितेंद्र त्यागी व मनोज कुमार, मोदीनगर निवासी विपिन शर्मा व अर्पण चौधरी और लोहियानगर निवासी गिरीशपाल त्यागी के नाम प्रकाश में आए थे, जिनमें से आरोपित गिरीशपाल त्यागी को छोड़कर अन्य सभी आरोपितों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।


**नोएडा** नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.com

**ई-निविदा आमंत्राण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबंध में समस्त विवरण व शर्तें नोएडा प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाइट www.noidaauthorityonline.com एवं https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहे।

ए) फ्रेस-टेण्डर कार्य

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू० लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 21/मु0म0प्र0/वरि0प्र0 (वि/यां)-II/2021-22/ई0नि0 | सैक्टर-27 में स्थित जिलाधिकारी प्रवास एवं कैम्प कार्यालय में स्थापित वातानुकूलन यंत्रों का वार्षिक अनुरक्षण का कार्य, नौएडा। | 1.84 |
| 2. | 22/मु0म0प्र0/वरि0प्र0 (वि/यां)-II/2021-22/ई0नि0 | सैक्टर-27 में स्थित डी0एम0 प्रवास एवं कैम्प कार्यालय में विद्युतीकरण का वार्षिक अनुरक्षण का कार्य, नौएडा। | 3.69 |
| 3. | 23/मु0म0प्र0/वरि0प्र0 (वि/यां)-II/2021-22/ई0नि0 | सैक्टर-19 एवं 20 के आन्तरिक रोड़ एवं बाहय् रोड पर पथ प्रकाश अनुरक्षण का कार्य, नौएडा। | 8.61 |
| 4. | 24/मु0म0प्र0/वरि0प्र0 (वि/यां)-II/2021-22/ई0नि0 | सैक्टर-27 के बिल्डिंग के आन्तरिक एवं बाहय् विद्युतीकरण का वार्षिक अनुरक्षण का कार्य, नौएडा। | 8.55 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक **26.10.2021** सायं **5.00** बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनॉक **27.10.2021** को **11.00** बजे खोली जायेगी।

मुख्य महाप्रबन्धक
नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा


# देश में प्राथमिक चिकित्सा की शिक्षा बेहद जरूरी: प्रो. वी एन प्रधान

**जयपुर/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**प्राथमिक** चिकित्सा की शिक्षा और उसके लिए पाठ्यक्रमों की जरूरत पर यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नॉरलानी, जयपुर द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। यह प्रेस वार्ता मानसरोवर स्थित दीपशिखा, कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन में किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. वी एन प्रधान ने विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए प्राथमिक चिकित्सा और इससे जुड़े अन्य प्राथमिक उपचार पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सभी इच्छुक अभ्यर्थी जो चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं उन्हें इस पाठ्यक्रम के माध्यम से बेहतर विकल्प प्राप्त हो सकते हैं। यह पाठ्यक्रम रोजगार एवं स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए एक सुनहरी पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति को मंजूरी देने के बाद से सरकार अपना ध्यान प्राथमिक चिकित्सा को मजबूत बनाने में लगा रही है। और प्राथमिक चिकित्सा के पाठ्यक्रमों को शुरू करके हमारा विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री के सपनों को पूरा करने में मदद कर रहा है। इन सभी पाठ्यक्रमों को संचालित करने के लिए भारतीय प्राथमिक चिकित्सा परिषद् (फर्स्ट ऐड काउंसिल ऑफ इंडिया), दिल्ली को चिन्हित किया गया है तथा अनन्यए ज्ञापन समझौता भी हस्ताक्षरित किया गया है।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 83835/निविदा सूचना क्र. 06/वलेलि/2021-22, बेमेतरा दिनांक 11.10.2021

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 02.11.2021 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम - बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा की जगन्नाथपुर जलाशय का जीर्णोद्धार एवं नहरों का रिमाडलिंग तथा लाईनिंग कार्य।

अनुमानित लागत - रू. 201.35 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 18.10.2021 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बेमेतरा
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G-64413/9



# क्लासीफाइड

**विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें**
**दूरभाष नं. - 7982719319**

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राइवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## प्रवेश सूचना

**एससीईआरटी के संबंध संस्थान के लिए डीपीएसई 2021-22 के तहत प्रबंधन कोटा के लिए आवेदन आमंत्रित है अंतिम तिथि 18/10/2021 है अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें**
**ICS INFOTECH 49C, Vashishth Park Street Number 8, Pankha Road Delhi - 110046 Phone - 28520440**

## आवश्यकता

एक्शन इंडिया समाचार-पत्र समूह को अपने ऑनलाइन पोर्टल व यूट्यूब चैनल के लिए वीडियो एडिटर व विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।

संपर्क करें : ए-15, बड़ा बाग इंडस्ट्रीयल एरिया, नियर महेन्द्रू इन्कलेव, दिल्ली-33
**फोन : रवि 9999889104**

एक्शन इंडिया समाचार-पत्र समूह को उत्तरी और बाहरी दिल्ली के विभिन्न जिलों में कार्य करने को इच्छुक पत्रकारों व विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।

संपर्क करें : ए-15, बड़ा बाग इंडस्ट्रीयल एरिया, नियर महेन्द्रू इन्कलेव, दिल्ली-33
**फोन : रवि 9999889104**

एक्शन इंडिया समाचार-पत्र समूह को मेल/फिमेल अकाउन्टेन्ट चाहिए जिसे काम करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव हो। नॉर्थ दिल्ली के अभ्यर्थी को प्राथमिकता। एमएस ऑफिस सॉफ्टवेयर पर काम करने के अनुभव वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी। सैलरी 10,000 से शुरुआत।

संपर्क करें : ए-15, बड़ा बाग इंडस्ट्रीयल एरिया, नियर महेन्द्रू इन्कलेव, दिल्ली-33

**फोन : राकेश भारद्वाज 9250706656**

## बेदखली सूचना

मैं राम उपाध्याय पुत्र शंकर उपाध्याय बी1, जनकपुरी का निवास हूं। मेरा पुत्र श्याम उपाध्याय शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम रीमा उपाध्याय है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू रीमा उपाध्याय दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सार्वजनिक सूचना

मैं जय भगवान पुत्र श्री सूरजभान निवासी गांव बालौर, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा का निवासी हूं। मैं ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र पदम सिंह व उसकी पत्नी शीतल जो कि मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उन्हें अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। मेरा व मेरे परिवार का पदम सिंह व उसकी पत्नी शीतल से कोई संबंध नहीं रहेगा और मैं दोनों से सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। इनके खिलाफ कोर्ट में कोई वाद विवाद होता है तो उसके उक्त दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। उक्त दोनों से किसी प्रकार का व्यवहार लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

## नाम परिवर्तन

मैं ऋषि राज गुप्ता पुत्र श्री राजेंद्र प्रसाद गुप्ता दिव्या ज्योति जागृति संस्थान, प्लॉट नं. 3 पॉकेट ओसीएफ परवाना रोड़, पीतमपुरा एक्सटेंशन, उत्तरी पश्चिमी दिल्ली- 110034. दस्तावेजों में मेरा नाम ऋषि राज गुप्ता, पिता का नाम राजेंद्र गुप्ता या राजेंद्र प्रसाद, मां का नाम रेखा गुप्ता या रेखा देवी दर्ज है। मैंने अपने पिता का नाम राजेंद्र प्रसाद गुप्ता और मां का नाम रेखा देवी गुप्ता में परिवर्तन कर दिया है। अब सभी दस्तावेजों में पिता का नाम राजेंद्र प्रसाद गुप्ता और मां का नाम रेखा देवी गुप्ता दर्ज है। भविष्य में इन्हें इन्हीं नामों से जाना जाएगा। राजेंद्र गुप्ता और राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, रेखा देवी और रेखा देवी गुप्ता दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है।

# त्योहार के माहौल में भी मायूस हैं ब्रजवासियों के चेहरे



**मथुरा/लोकेश चौधरी**

**महंगाई,** बीमारी और बेरोजगारी ने कान्हा की नगरी में आम आदमी के चहरे से मुस्कान छीन ली है। त्योहारों का उल्ला भी मासूय चहरों की रंगत नहीं लौटा पा रहा है। महंगाई का आलम यह है कि परिवार के लिए चटनी का जुगाड़ भी आसान नहीं रह गया है। फुटकर में 15 रुपए का 100 ग्राम धनियां है। 250 ग्राम मिर्च भी 15 रुपए में मिल रही है। टमाटर 60 रुपए किलो तक बिक रहा है। मंडी में आलू 15 से 20 रुपए किलो है। प्याज 40 रुपए किलो, बैगन 40, करेला 30, गोभी 60, शिमला मिर्च 100, पालक 30 लोकी 20 रुपए किलो बिक रही है। यह मंडी भाव हैं, फुट कर में इन कीमतों में 10 से 15 रुपए ग्राहक को और ज्यादा प्रति किलो पर चुकाने पड़ रहे हैं। मंडी जाकर थोक के भाव सब्जी खरीद कर लाने की हैसियत आम आदमी खोता जा रहा है। सरसों का तेल 180 से 190 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है तो गैस सिलेण्ड की कीमत भी 950 रुपए के आसपास पड रहा है। ऐसे में घर का बट बिगड गया है।

महंगाई सब्जियों पर ही नहीं है। फल खरीदना भी अब हर किसी के बस की बात नहीं रह गई है। इस का असर फल सब्जी विक्रेताओं पर भी पड रहा है। फुटपाथ पर फड लगार पैंठ हाट में लम्बे समय से सब्जी बेचने का काम करते रहे गौवर कहते हैं कि ग्राहकी नहीं हो रही है। लोग अब किलो की बजाय ग्राम में सब्जी खरीद रहे हैं। अभी तक पैंसेरी (पांच किलो) में हम कीमतों की आवाज लगाते थे। अब किलो में लगा रहे हैं लेकिन ग्राहक ग्राम में भाव पूछने लगे हैं। रसोई गैस की लगातार बढ रहीं कीमतें भी ग्रहणियों को परेशान कर रही हैं। ग्रहण सवित्री देवी ने तो यहां तक कह दिया कि फिर लकडी के चूल्हे पर रोटी बनाने की नौबत आ गई हैं। इतना महंगा गैस सिलेण्डर खरीदना उनके बस की बात नहीं रह गई है। घर में आमदनी बढ नहीं रही है। उपर से लगातार महंगाई बढ रही है। राजवती कहती हैं कि दीपावली दशहरा उमंग से बनाते थे अब बच्चों को मेला ठेला कैसे भेजें इस बात की चिंता सता रही है। घर के कमाने वालों की आमदनी बढती तो महंगाई को भी झेल लेते।

**डेंगू, मलेरिया महामारी से बेहाल है पूरा जनपदः** एक महीने से अधिक समय हो गया मथुरा जनपद में डेंगू, मलेरिया कहर जारी है। सरकारी चिकित्सालयों में पहुंचने वाले मरीजों के आंकडे भी जिला प्रशासन सलीके से नहीं जुटा रहा हैं। एक अनुमान के मुताबिक मलेरिया, डेंगू के 80 प्रतिशत मरीज निजी चिकित्सकों से उपचार करा रहे हैं। इनमें भी बडी संख्या उन मरीजों की है जिनकी आर्थिक हैसियत झोलाछाप चिकित्सकों से इलाज कराने भर की है।

ग्रामीणों में डर इस कदर बैठ गया है कि अभिभावकों ने डेंगू के डर से बच्चों को स्कूल भेजना भी बंद कर दिया है। कुछ अभिभावक भेज रहे हैं तो बेहद डरे हुए हैं। शुरूआती दौर में कोह सहित दूसरे कई गांवों से जब बच्चों की मौत की सूचनाएं आईं तो जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इन गांवों की ओर दौड लगा दी। यहां तक कि दिल्ली और लखनऊ तक से टीमें आ गईं। इसके बाद सीएमओ ने डेंगू से होने वाली मौतों के लिए एक कमेटी का गठन कर दिया। अब यह कमेटी बताती है कि मरीज की मौत डेंगू से हुई या नही। इससे आंकडे नियंत्रण में आ गए हैं।

# प्रदेश में उर्दू भाषा पढ़ाने के लिए जल्द बनेगी योजना : सीएम मनोहर लाल



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जिन क्षेत्रों में जो भाषा बहुलता में प्रयोग की जा रही है, उस भाषा को भविष्य में पढ़ाए जाने को लेकर योजना बनाई जाएगी। इससे उस क्षेत्रों के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के साथ सीधे संवाद के दौरान उर्दू भाषा के संदर्भ में की। इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन, हरियाणा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष नसीम अहमद, मुख्यमंत्री के ओएसडी भूपेश्वर दयाल . अल्पसंख्यक मोर्चा पानीपत जिला अध्यक्ष रफाकत हसन मौजूद रहे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा एक-हरियाणवी एक के नारे पर जोर देते हुए कहा कि प्रदेश में हमें अमन-चैन और भाईचारे के साथ मिलकर रहना है। एक-दूसरे की मदद और उनके रीति-रिवाजों का सम्मान करेंगे, तभी सभ्य समाज की परिकल्पना साकार होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इसी उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ रही है। बहुत से लोग अल्पसंख्यक समाज को वोटबैंक की राजनीति के चलते जात-पात के नाम पर बहकाने की कोशिश करते हैं, ऐसे लोगों के बहकावे में न आकर, समाज और देशहित में कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की अति पिछड़े क्षेत्रों पर विशेष नजर है। ऐसे क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर किया जाएगा।

# बाल भवन में हुआ जिला स्तरीय बालिका दिवस का आयोजन

**रेवाड़ी/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**अंतर्राष्ट्रीय** बालिका दिवस के अवसर पर सोमवार को बाल भवन रेवाड़ी में जिला स्तर पर बालिका दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें उपायुक्त यशेन्द्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उपायुक्त यशेन्द्र सिंह ने कहा कि बेटियों को मान-सम्मान देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शुरूआत की गई थी, जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश के साथ-साथ रेवाड़ी जिला में भी लिंगानुपात में सुधार देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि लडकी और लडके में इस समय कोई अंतर नहीं है। आज लड़कियां विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। यशेन्द्र सिंह ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ओ अभियान से लोगों की बेटियों के प्रति सोच में बदलाव आया है। अब लोग बेटियों को बचाने के साथ-साथ उनकी शिक्षा की ओर ध्यान दे रहे हैं। बेटियां पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी खुलकर भाग ले रही हैं। सरकार के अभियान की वजह से ही अब बेटियां हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत साबित कर रही हैं। इस अभियान का असर लिंगानुपात के आंकड़ों में भी देखने को मिला है। इस अवसर पर मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया तथा 5 वर्ष आयु तक की 30 कन्याओं का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया।

# मथुरा : तीन डॉक्टरों ने मिलकर की थी दुर्गा पूजा पंडाल बनाने की शुरूआत

## वृंदावन में 1925 और मथुरा में 1930 के आसपास पहली बार सजा पंडाल



**मथुरा/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**दुर्गा** पूजा महोत्सव हिन्दू देवी माता दुर्गा की पूजा पर आधारित होता है जिन्हें उनके चार बच्चों कार्तिक, गणेश, लक्ष्मी और सरस्वती के साथ 10 भुजाओं वाली देवी के रूप में पूजा जाता है। माँ भगवती दुर्गा को 10 भुजाओं के साथ सिंह पर सवार होकर महिसासुर का वध करते हुए दर्शाया जाता है और इसी रूप की पूजा पूरे भारत वर्ष के अलावा विदेशों तक में की जाती है। दुर्गा पूजा परिजनों से मिलने का और बंगाली समाज के लोगों की सांस्कृतिक विरासत को सराहने और उसे समझने का भी समय होता है। मथुरा में सर्वप्रथम दुर्गा पूजा का आयोजन वृन्दावन के राधावाग स्थित कात्यायनी मंदिर से शुरू होने का प्रमाण मिलता है। सुनील शर्मा ह्ृदादाह्ल ने बताया कि केशवानन्द जी महाराज ने सर्वप्रथम मिटटी की मूर्ति बनवा कर इस स्थान पर दुर्गा देवी की पूजा की थी। यह स्थान सिद्ध स्थान कहलाता है तथा पुराणों में वर्णित स्थान है यहां सती भगवती देवी के केश गिरे थे। ऐसा कहा जाता है कि राधारानी और ब्रजांगनाओं ने स्वयं मां दुर्गा की पूजा की थी। इस स्थान का पुनर्रूद्धार केशवानन्द जी महाराज ने किया था। जब कलकत्ता से अष्टधातु की मूर्ति बन कर वृन्दावन आ गयी और एक फरवरी 1923 को विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा बंगाल के तथा भारत अन्य जगहों के विद्वान ब्राम्हणों पंडितों के द्वारा कराया गया। इसके वाद कात्यायनी मंदिर से मां भगवती का आशीर्वाद लेकर वृन्दावन के धनी मानी लोगों ने फौजदार कुंज में मिटटी की प्रतिमा बनाकर पूजा शुरू की गयी। लगभग 1925 के आसपास वृन्दावन में दुर्गा पूजा की शुरूआत की गयी। आज वृन्दावन में छोटे बड़े मिलाकर 18 दुर्गा पूजा पंडाल सजाये जाते हैं। उन्होंने बताया कि मथुरा में भी दुर्गा पूजा लगभग 1930 के आसपास शुरू हो गयी थी इसके प्रमाण मिलते है की उस समय मथुरा के तत्कालीन तीन बंगाली प्रसिद्ध डाक्टरों डा. नगेन्द्र नाथ चौधरी, डा. हीरालाल गांगुली, और डा. प्रमथ नाथ गोस्वामी ने दुर्गा पूजा का आयोजन लाल दरवाजा से किया था। आज मथुरा में दो स्थानों पर दुर्गा पूजा का आयोजन निरन्तर किया जा रहा है।

# अभूतपूर्व निकली मां चामुण्डा की शोभायात्रा पग पग पर हुई पुष्पवर्षा



**मथुरा/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

मां वैष्णो देवी मित्र मण्डल के तत्वावधान में विगत अनेक वर्षों की भांति परंपरागत मां चामुण्डा की विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा गांधी पार्क के निकट दुर्गादेवी मन्दिर से निकाली गई जो चौक बाजार, मण्डी रामदास, डीग गेट, मसानी होते हुए वृन्दावन रोड स्थित मां चामुण्डा शक्तिपीठ मन्दिर पर पहुंच कर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में सर्वप्रथम धर्म ध्वजा, ढोल नगाड़े, गणेश जी, काली अखाड़ा, शिव परिवार की झांकी, अगरा का प्रसिद्ध सुधीर बैण्ड, मां वैष्णों के दरबार की झांकी, राम दरवार की झांकी, प्रकाष बैण्ड व अन्त में मां भगवती का डोला शोभायमान था।

# पीएसए आक्सीजन संयंत्र संचालित किया



**गुरूग्राम/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**पावरग्रिड** उत्तर क्षेत्र-कविद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम ने अपनी सीएसआर पहल के तहत ताऊ देवी लाल स्टेडियम, सेक्टर-38, गुरूग्राम, हरियाणा में बाटलिंग सुविधा युक्त पीएसए टाइप 2*50 एनएम3/घण्टा आक्सीजन उत्पादन संयंत्र की आपूर्ति और संस्थापना के लिए परियोजना कार्यान्वित की है। 2021 में भारत में कोविड महामारी की दूसरी लाहर के दौरान, सभी अस्पतालों में मेडिकल ग्रेड आक्सीजन की भारी कमी हो गई थी। उत्तर भारत में आक्सीजन का संकट सबसे ज्यादा था क्योंकि प्रमुख आव?सीजन उत्पादक संयंत्र देश के अन्य क्षेत्रों में स्थित थे और तरल आक्सीजन का परिवहन तार्किक रूप से कठिन काम था। इसलिए हरियाणा राज्य को आक्सीजन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिला प्रशासन गुरूग्राम ने ताऊ देवी लाल स्टेडियम में आक्सीजन संयंत्र स्थापित करने के लिए पावरग्रिड, उत्तरी क्षेत्र-कसे संपर्क साधा। प्रत्युत्तर में पावरग्रिड, उत्तर क्षेत्र-कने रिकार्ड समय में हरियाणा में सबसे बड़ा पीएसए (प्रेशर स्विंग एडजार्पशन) आक्सीजन संयंत्र चालू किया जिसकी अनुमानित लागत तीन करोड़ रू और उत्पादन क्षमता 2750 एनएम3 प्रति घण्टा है।

# भाजपा का कार्यक्रम कराने वाले स्कूल का किसानों ने किया बायकॉट



**जींद/यश पाल कन्चन**

**सफीदों** के क्षेत्र के किसानों ने रविवार को नगर के जींद रोड पर स्थित एक निजी स्कूल के बाहर पहुंचकर वहां ख्चल रहे भाजपा के त्रिदेव सम्मेलन को ग्रहण लगा दिया। भाजपा के त्रिदेव सम्मेलन के आयोजन की जैसे ही क्षेत्र के किसानों व मजदूरों को भनक लगी तो सैकड़ों की तादाद में किसान व मजदूर काले झंडे लेकर इस निजी स्कूल के बाहर पहुंच गए और सरकार व भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। सम्मेलन के बाहर व्यापक सुरक्षा अमला तैनात रहा। मौके पर डीएसपी धर्मवीर खर्ब, एसएचओ सिटी महेंद्र सिंह व एसएचओ सदर कृष्ण कुमार सहित भारी तादाद में पुलिस बल तैनात था।

गौरतलब है कि रविवार को भाजपा द्वारा यहां के जींद रोड स्थित एक नीजि स्कूल में भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों व आगामी कार्यक्रमों से अवगत करवाने के लिए त्रिदेव सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन में राई के विधायक मोहनलाल, जींद के विधायक कृष्ण लाल मिड्ढा, जिलाध्यक्ष राजकुमार मोर, प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट विजयपाल सिंह, पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य, पूर्व विधायक कलीराम पटवारी व वरिष्ठ भाजपा नेता कर्मवीर सैनी विशेष रुप से पहुंचे हुए थे। स्कूल में कार्यक्रम लगभग समाप्ति की ओर अग्रसर था ही कि तभी किसान कार्यक्रम स्थल के बाहर पहुंच गए और अपना प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों को मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने। किसानों ने पुलिस को कहा कि वे कुछ समय देते हैं।

इस समय के अंदर-अंदर भाजपा नेता व कार्यकता अपना कार्यक्रम को तत्काल खत्म करके निकल जाएं अन्यथा स्कूल के गेट पर ताला जड़ दिया जाएगा।

# तिआरा द क्राउन व स्प्लेंडर ग्रैंड ने मिस और मिसेज इंडिया ग्रैंड फिनाले का किया आयोजन



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत** में अंसल होटल में तिआरा द क्राउन व स्प्लेंडर ग्रैंड की तरफ से मिस और मिसेज इंडिया तीन दिवसीय ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया गया। आयोजन में तीन कैटेगोरी में मिस इण्डिया, मिसेज इण्डिया, मिसेज क्लासिक इण्डिया के प्रतिभागी अपने प्रतिद्वंदियों के साथ मुकाबला किया। आयोजन के लिए पुरे भारत से चुनी गयी टॉप 23 महिलओं ने पानीपत में अपनी कला का प्रदर्शन किया। मिस इण्डिया केटेगरी में करनाल की भव्या को विनर, रिया चोपड़ा को फर्स्ट रनरउप, मतलोडा से सृष्टि को सेकंड रनरउप का खिताब अपने नाम किया। मिसेज इण्डिया केटेगरी में पानीपत की हिमानी को विनर, करनाल की वाणिका को फर्स्ट रनरउप, पंजाब की गुँजन को सेकंड रनरउप का खिताब अपने नाम किया कमिसेज इण्डिया क्लासिक केटेगरी में मुम्बई की सोनी संधु को विनर, पानीपत की सरिता गुप्ता को फर्स्ट रनरउप, पानीपत की प्रियंका सक्सेना को सेकंड रनरउप का खिताब अपने नाम किया। मिस नार्थ इंडिया नेहा, मिसेज नोर्थ इंडिया रुबीना, मिसेज क्लासिक सुरेंदर कौर ने जीता। मिस हरियाणा वर्तिका, मिसेज हरियाणा स्वाति, मिसेज क्लासिक हरियाणा नीतू जैन, मिसेज क्लासिक दिल्ली नीतू अरोड़ा , मिस यु.पी दिव्या नायर, मिस पानीपत संजना, मिसेज पानीपत रेखा, मिसेज क्लासिक पानीपत रजनी, मॉडल ऑफ ईयर संचिता और मोस्ट एलिगेंट ब्यूटी विभा आर्य के नाम रहा कप्रियंका गाबा को मिसेज इंडिया ग्लोबल क्वीन, सपना सेतिया मिसेज इंडिया एलिगेंट, मिसेज रजनित कौर मिसेज इंडिया गॉर्जियस क्वीन, कीर्ति ढींगरा मिसेज इंडिया क्वीन ऑफ हार्ट से सम्मानित किया गया।

# ब्रह्माकुमारीज ने दिव्य एवं अलौकिक कार्यक्रम का किया आयोजन



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**ब्रह्माकुमारीज** द्वारा सेक्टर-12 स्थित ओम शांति भवन में बहुत ही दिव्य एवं अलौकिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस बार पानीपत शहर के जितने भी हनुमान स्वरूप धारक आत्माएं व्रत पर बैठी हुई हैं उन सभी का बीके बहनों ने सम्मान किया इस अवसर पर जाल्लौर से आई हुई बीके ममता बहन ने परमात्मा शिव का सत्य परिचय दिया। और कहा कि भगवान शिव इस दुनिया के रचयिता हैं, वह श्रीराम के भी आराध्य है। जैसे हनुमान जी राम भक्त है ऐसे श्री रामजी शिव भक्त है। हमें भी सर्वोच्च शक्ति शिव परमात्मा को सदा याद करना चाहिए हुड्डा सेंटर संचालिका सुनीता बहन ने बताया कि सच्चा-सच्चा दशहरा कैसे मनाना है। साथ ही साथ उन्होंने बुजुर्गों के सम्मान पर भी प्रकाश डाला और अंत में क्षमा योग भी कराया। इस कार्यक्रम में दशहरा कमेटी के प्रधान रमेश माटा मुख्य अतिथि रुप से पधारे। उन्होंने कहा कि ऐसा अनौखा सम्मान हमारा पहले कहीं नहीं हुआ।

# शिवपाल आज मथुरा से करेंगे चुनाव अभियान का आगाज



**मथुरा/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**प्रदेश** की राजनीति लगातार गर्मा रही है। मथुरा भी इससे अछूता नहीं है। भाजपा के लिए मथुरा बेहद महत्वपूर्ण रहा है। कांग्रेस प्रदेश में कमजोर होने के बाद भी मथुरा में जीत की आस लगाए रहती है। रालोद मथुरा को अपना गढ मानता रहा है। प्रगतिशील समाजवादी (लोहिया) पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव की निगाह भी मथुरा पर लगी हैं। मंगलवार को वह अपने चुनावी अभियान का आगाज मथुरा से करेंगे। राया क्षेत्र के यमुनाएक्सप्रेसवे स्थित कान्हा भोजनालय पर प्रगतिशील समाजवादी (लोहिया) पार्टी के प्रदेश प्रमुख महासचिव अभिषेक सिंह आशू ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा है कि प्रसपा की आगामी 12 अक्टूबर को प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव द्वारा वृन्दावन बांके बिहारी दर्शन के बाद संयुक्त चिकित्सालय से जनचेतना रथ यात्रा प्रारंभ होगी जो मसानी चौराहा होते हुए डीग गेट, भरतपुर गेट, होलीगेट, कृष्णपुरी चौराहा, सदर बाजार, टैंक चौराहा, कचहरी, टाउनशिप होते हुए, महुअन टोल प्लाजा के लिए रवाना होगी रथ यात्रा का जगह जगह स्वागत किया जाएगा अभिषेक सिंह आशु ने बताया रथ यात्रा उत्तर प्रदेश के लिए निर्णायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि 12 अक्टूबर को वृंदावन- मथुरा से धर्मयुद्ध का शंखनाद होने जा रहा है। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए अभिषेक सिंह आशू ने कहा कि धर्म युद्ध में आप तटस्थ नहीं रह सकते , ऐसे में सभी को न्याय और सत्य की रक्षा के लिए कमर कसना होगा और शिवपाल यादव के पक्ष में स्वर मुखर करना होगा। सहकारी जिला बैंक , मथुरा के पूर्व अध्यक्ष जगदीश नोहवार ने कहा कि जो निज स्वार्थ के लिए अपने पिता से कुर्सी छीन सकता है।

## जल रहा कश्मीर !

रुकती ना घटनाएं।
जल रहा कश्मीर।।
खा रहे हैं गोली।
झेल रहे हैं तीर।।
पांव रहा पसार।
लगता फिर आतंक।।
कब हटेगा पूरा ?
लगा जो कलंक।।
त्राहिमाम सा होकर।
लोग रहे पुकार।।
ध्यान इधर भी दे दो।
होगा फिर उपकार।।
आतुर है जनमानस।
करने को सफाया।।
कुचलो इस आतंक को।
हटे इसका साया।।

कृष्णेन्द्र राय

# दुर्गा पूजा महोत्सव: धार्मिक कार्यक्रम का हो रहा आयोजन

**मथुरा/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव 11 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक कालिन्दी धाम, निकट मसानी चौराहा, वृन्दावन रोड, मथुरा में प्रतिवर्ष की भांति धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। दुर्गा पूजा का आयोजन वृन्दावन दरवाजा क्षेत्र में विगत वर्षो की भांति 30 वें वर्ष का आयोजन समारोह पूर्वक सम्पन्न होगा। इस वर्ष पूजा महोत्सव का शुभारम्भ 11 अक्टूबर सोमवार को दुर्गा षष्ठी से होगा। इस अबसर पर विधि विधान से प्रतिमा स्थापित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। 12 अक्टूबर को षष्ठयादि कल्पारम्भ प्रातः काल सात बजे से प्रारम्भ होगा और श्री देवी बोधन, आमत्रण एवं अधिवास का कार्यक्रम भी प्रातः सात बजे से शुरू होगा। 12 अक्टूबर मंगलवार को दुर्गा सप्तमी पूजा प्रातः सात बजे से शुरू होगी। नवपत्रिका प्रवेश व स्थापन का कार्यक्रम भी प्रातः बजे से शुरू किया जायेगा। 13 अक्टूबर बुधवार को दुर्गा महाअष्टमी पूजा रात्रि 11 बजकर 50 मिनट से रात्रि दो बजे के मध्य तक होगी।

# पावर सप्लाई फेल होने से करीब 2 घंटे खड़ी रही अमृतसर-बांद्रा एक्सप्रेस



**गन्नौर/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**अंबाला** से दिल्ली की और जा रहा इंजन गन्नौर व राजलूगढ़ी रेलवे स्टेशन के बीच अचानक फेल हो गया। दोपहर करीब ढाई बजे इंजन फेल होने से अंबाला-दिल्ली रूट पर ट्रेनों का संचालन बाधित हो गया। गन्नौर रेलवे स्टेशन पर अमृतसर से बांद्रा जाने वाली पश्चिम एक्सप्रेस व कुरूक्षेत्र से दिल्ली जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को खड़ा करना पड़ा। जबकि दूसरी एक्सप्रेस ट्रेनों को भी अलग-अलग जगाहों पर रोकना पड़ा। जबकि अंबाला की तरफ जाने वाली गाडियां अपने समय पर चलती रही। इस बीच रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पश्चिम एक्सप्रेस के इंजन को अलग करने के बाद उस इंजन की मदद से खराब इंजन को राजलूगढ़ी रेलवे स्टेशन तक ले जाया गया और उसे सबवे ट्रैक पर खड़ा करवा कर ट्रेक को खाली किया। जिसके बाद ट्रेनों का आवागमन सुचारू हुआ। इसके बाद पश्चिम एक्सप्रेस के इंजन को वापिस जोड़ा गया और पश्चिम एक्सप्रेस को भी रवाना किया गया। सोमवार को दोपहर करीब ढाई बजे के करीब दिल्ली की तरफ जा रहे एक इंजन की गन्नौर व राजलूगढ़ी रेलवे स्टेशन के बीच अचानक पावर सप्लाई फेल हो गई। जिस वजह से दिल्ली की तरफ जितनी भी ट्रेन गुजरनी थी, उन ट्रेनों के पहिए वहीं थम गए। कुरूक्षेत्र से दिल्ली जा रही पैसेंजर ट्रेन को गन्नौर रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया। जबकि अमृतसर से बांद्रा जाने वाली पश्चिम एक्सप्रेस ट्रेन को भी गन्नौर रेलवे स्टेशन पर सबवे ट्रैक पर रोकना पड़ा। इसके अलावा अन्य स्टेशन पर भी ट्रेनों को रोक दिया गया। स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना सोनीपत अधिकारियों को दी। जिसके बाद इंजीनियरों को मौके पर बुलाया गया। इसके बाद टीम आनन फानन में स्टेशन पर पहुंची और पश्चिम एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन को अलग कर उसे खराब इंजन के साथ जोड? के बाद उसे राजलूगढ़ी के रेलवे स्टेशन तक पहुंचा गया। तब जाकर अंबाला-दिल्ली ट्रैक क्लीयर हुआ और ट्रेनों का आवागमन शुरू हुआ। बाद में पश्चिम एक्सप्रेस के इंजन को फिर से ट्रेन के साथ जोड़ कर पश्चिम एक्सप्रेस को भी रवाना किया गया।

- करीब दो घंटे रहा ट्रैक बाधित

दोपहर करीब ढाई बजे दिल्ली जा रहे इंजन की पावर सप्लाई फेल हो गई थी। ढाई बजे के बाद से अंबाला दिल्ली ट्रैक बाधित हो गया था। दोपहर करीब 3 बजे पैसेंजर ट्रेन गन्नौर रेलवे स्टेशन पर पहुंची जिसे वहीं रोक कर रखना पड़ा। इसके कुछ देर बाद पश्चिम एक्सप्रेस गन्नौर रेलवे स्टेशन पर पहुंची जिसे सबवे ट्रैक पर रोकना पड़ा।

# संपादकीय

## कांग्रेस के कंधे पर कन्हैया सवार

**विक्रम** और बेताल की कथा अब आधी अधूरी दोहराई जा रही है। इस कथा में अब विक्रम तो है नहीं मात्र बेताल है जो अब विपन्न और विस्थापित कांग्रेस के कंधों पर सवार है। बेताल और कोई नहीं वामपंथ है जिसने बौद्धिक, वैचारिक और सैद्धांतिक रूप से कांग्रेस को खोखला कर दिया है। भाजपा के नारे कांग्रेस मुक्त भारत पर मैंने एक पुस्तक लिखी थी कांग्रेस मुक्त भारत की अवधारणा, इस पुस्तक को मैंने कांग्रेस की आलोचना में नहीं अपितु कांग्रेस के प्रति चिंतित होकर लिखा था। कांग्रेस के प्रति अब उतना चिंतित नहीं रहना चाहिए। कांग्रेस आत्मघात के परम मूड में है। विशेषतः अब कन्हैया कुमार के कांग्रेस में उत्सवपूर्वक स्वागत व प्रवेश के बाद तो यह स्पष्ट हो गया है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने अबतक की सबसे बड़ी वर्जना को तोड़ा है, एक युग पार कर लिया है। भारत की आजादी में भूमिका निभाने वाली कांग्रेस अब हम लेकर रहेंगे आजादी भारत से का नारा लगाने वालों के साथ ही नहीं बल्कि ऐसे देशद्रोही तत्वों की दया, कृपा, संबल, के साथ खड़ी दिख रही है। उन्होंने कांग्रेस प्रवेश के समय जो कहा वह तो निःस्संदेह कांग्रेसियों के लिए लाज-लज्जा से डूब मरने वाली बात है; कन्हैया ने कहा - यदि देश की सबसे बड़ी विपक्षी दल को नहीं बचाया गया तो देश डूब जाएगा। अर्थात, कांग्रेस डूब रही है और कांग्रेस को डूबने से बचाने के लिए कन्हैया का कांग्रेस प्रवेश ही एकमात्र उपाय है अब। आश्चर्य है कि पूरे देश में चल रहा यह चुटकुला राहुल गांधी की कांग्रेस को समझ नहीं आ रहा है। तो, कन्हैया नाम का बेताल अब कांग्रेस के कंधों पर बैठकर एक नई पैशाचिक कहानी लिखेगा। कुछ और अधिक विषैले, विभाजक, वितृष्णा भरे नारे लिखे जाएंगे और अब उनके साथ गांधी टोपी वाले भी नारे लगाते दिखेंगे। कांग्रेस के इतिहास में ऐसे सैकड़ों लज्जाजनक, खेदजनक दिन होंगे पर इससे बुरा दिन संभवतः आपातकाल लगाने के दिन जैसा एकाध ही दिखेगा। कम्युनिज्म के प्रणेता व पुरोधा कार्ल मार्क्स थे। वही कार्ल मार्क्स, जिन्होंने अपनी मृत्यु समय में प्रसन्नतापूर्वक कहा था- अच्छा हुआ मैं मार्क्सिस्ट न हुआ। कांग्रेस का वामपंथ व मार्क्सिज्म से स्वातंत्र्योत्तर समय के प्रारंभ से गहरा नाता रहा है। कांग्रेस के पास कोई वैचारिक आधार, आर्थिक विचार, विकास की अवधारणा, सामाजिक अवधारणा तो थी ही नहीं। एकमात्र गांधीजी थे वे दुर्योग से चले गए। इस वैचारिक विपन्नता में नेहरूजी का अंग्रेजपरस्त मानस कांग्रेस की पूँजी बना। कांग्रेस का इतिहास कांग्रेस के पहले और अंतिम प्रधानमंत्री के व्यक्तव्यों के बीच का दुखद इतिहास बनकर रह गया। कांग्रेस के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू ने कहा ह्लमैं दुर्घटनावश हिंदू हूं और कांग्रेस के अंतिम प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा- इस देश के संसाधनों पर प्रथम अधिकार अल्पसंख्यकों का है। संक्षेप में अबतक की कांग्रेसी वैचारिक यात्रा का सार इन दो व्यक्त्वयों में ही है। और अब, कन्हैया कुमार के नारों की दुर्गंध भरी टोकरी अपने सर पर रखी हुई कांग्रेस हमारे सामने है। कांग्रेस में वामपंथ का दैहिक व मानसिक प्रवेश कोई पहली बार नहीं हुआ है। ऐसी निर्लज्जता कांग्रेस ने कई बार दिखाई है। वामपंथियों का प्रभाव कांग्रेस पर नेहरूकाल से लेकर राहुलकाल तक बड़ा भारी रहा है, या यूं कहें कि कांग्रेस को बड़ा भारी पड़ा है।

# कांग्रेस में मजबूत होकर उभरे सीएम अशोक गहलोत

रमेश सर्राफ धमोरा

> पंजाब कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू द्वारा नाराज होकर अपने पद से इस्तीफा देने से कांग्रेस की राजनीति में अचानक ही बड़ा भूचाल आ गया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इन सब घटनाक्रम का जिम्मेदार गांधी परिवार को माना। कपिल सिब्बल, कैप्टन अमरिंदर सिंह, नटवर सिंह जैसे कई वरिष्ठ नेताओं ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की कार्यशैली पर सवाल उठाए। इन वरिष्ठ नेताओं का मानना था कि गांधी भाई-बहन की अपरिपक्वता के चलते ही पंजाब में अमरिंदर सिंह जैसे जनाधार वाले नेता को हटाया गया। वहां नवजोत सिंह सिद्धू जैसे कुछ साल पहले ही कांग्रेस में शामिल होने वाले पूर्व भाजपाई को पंजाब कांग्रेस की कमान देने से पार्टी कमजोर हुई है। पार्टी के पुराने वफादार नेताओं में इससे असंतोष व्याप्त हुआ है

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की राजनीति में सशक्त होकर उभरे हैं। कुछ दिनों पूर्व ही पंजाब की सत्ता के फेरबदल हुआ था। उस दौरान राजस्थान की राजनीति के जानकारों को लगने लगा था कि अब गहलोत भी राजनीति में कमजोर पड़ जाएंगे। कांग्रेस पार्टी में कैप्टन अमरिंदर सिंह के बाद अगला निशाना अशोक गहलोत को ही बनाया जाएगा। मगर पंजाब कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू द्वारा नाराज होकर अपने पद से इस्तीफा देने से कांग्रेस की राजनीति में अचानक ही बड़ा भूचाल आ गया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इन सब घटनाक्रम का जिम्मेदार गांधी परिवार को माना। कपिल सिब्बल, कैप्टन अमरिंदर सिंह, नटवर सिंह जैसे कई वरिष्ठ नेताओं ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की कार्यशैली पर सवाल उठाए।

इन वरिष्ठ नेताओं का मानना था कि गांधी भाई-बहन की अपरिपक्वता के चलते ही पंजाब में अमरिंदर सिंह जैसे जनाधार वाले नेता को हटाया गया। वहां नवजोत सिंह सिद्धू जैसे कुछ साल पहले ही कांग्रेस में शामिल होने वाले पूर्व भाजपाई को पंजाब कांग्रेस की कमान देने से पार्टी कमजोर हुई है। पार्टी के पुराने वफादार नेताओं में इससे असंतोष व्याप्त हुआ है। वरिष्ठ नेताओं को लगने लगा है कि जिस तरीके से राहुल गांधी व प्रियंका गांधी काम कर रहें हैं। उसमें आने वाले समय में उनको भी राहुल, प्रियंका की राजनीति का शिकार बनाया जा सकता है।

राजस्थान की राजनीति में भी पिछले डेढ़ वर्ष से जो घटनाक्रम चल रहा था। उसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खुद को असहज महसूस कर रहे थे। राहुल गांधी व प्रियंका गांधी द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजाए उनके प्रतिद्वंदी नेता सचिन पायलट को अधिक तवज्जो दिए जाने से अशोक गहलोत नाराज चल रहे थे। अशोक गहलोत चाहते थे कि जिस तरह से सचिन पायलट ने पार्टी के खिलाफ बगावत की है। उसके बाद पायलट को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा देना चाहिए था। मगर कांग्रेस आलाकमान ने ऐसा न कर पायलट को संरक्षण देना शुरू कर दिया। कांग्रेस आलाकमान ने तो गहलोत पर इस बात को लेकर भी पूरा दबाव बना रखा था कि पायलट समर्थक विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल करें। उनको



राजनीतिक नियुक्तियों व पार्टी संगठन में भी पूरा महत्व दिया जाए। जबकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ऐसा करने के पूरी तरह खिलाफ थे। इसी असमंजस में के चलते राजस्थान में लंबे समय के बाद भी मंत्रिमंडल में फेरबदल व विस्तार नहीं हो पाया है। जबकि मंत्रिमंडल के कुल 30 में से 9 पद रिक्त चल रहे हैं।

मुख्यमंत्री गहलोत राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी है। इसी कारण लंबे समय तक कोरोना के बहाने मंत्रिमंडल विस्तार व फेरबदल को टालते रहे हैं। पिछले दो-तीन महीनों से अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर उन्होंने कोई फेरबदल नहीं किया।

यहां तक की पिछले डेढ़ साल से गहलोत अपने घर से ना तो बाहर निकले ना ही किसी कार्यक्रम में शामिल हुए। सरकार के सभी काम अपने राजकीय आवाज से ही संपादित करते रहे। विधानसभा चलने के दौरान भी गहलोत की सदन में भी बहुत कम उपस्थिति रही। डेढ़ साल के लंबे अंतराल के बाद गांधी जयंती के दिन अशोक गहलोत प्रदेश कांग्रेस कार्यालय जाकर पुष्पांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए व सचिवालय में भी जाकर कार्य किया। उपचुनाव के लिये दोनो विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नामांकन के वक्त भी गहलोत ने सभा को सम्बोधित किया।

पंजाब में घटे राजनीतिक घटनाक्रम से अशोक गहलोत को काफी मजबूती मिली है। कैप्टन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे के दौरान उन्होंने खुलकर कांग्रेस आलाकमान के समर्थन में बयान दिया। ताकि आलाकमान उनको लेकर कड़ा रुख नहीं अपनाये। उन्होंने आलाकमान के सुर में सुर मिलाकर यह जताने की पूरी कोशिश की कि आलाकमान की हर बात का वो समर्थन करते हैं और वह पूरी तरह से कांग्रेस संगठन से बंधे हुए हैं। पार्टी के खिलाफ जाकर बगावत करने की कभी सोच भी नहीं सकते हैं। जैसा कि पूर्व में सचिन पायलट कर चुके हैं। पायलट की बगावत को गहलोत राजनीतिक हथियार के तौर पर उपयोग कर रहे हैं।

पंजाब के घटनाक्रम के बाद मुख्यमंत्री गहलोत पूरे जोश से लबरेज नजर आ रहे हैं तथा वह बैक फुट के बजाय फ्रंट फुट पर आकर राजनीति के शॉट लगा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने एक बयान देकर अपने विरोधियों पर खुलकर निशाना साधा है। गहलोत ने गांधी जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक तीर से दो शिकार किए हैं। विपक्ष को जवाब देने के साथ साथ उन्होंने पायलट खेमे को भी जवाब दे दिया।

गहलोत ने कहा कि प्रदेश में उनकी सरकार पूरे पांच साल चलेगी और रिपीट भी होगी। उन्होंने यह भी कह दिया कि शांति धारीवाल को फिर से नगरीय विकास मंत्री बनाऊंगा। इस बयान से उन्होंने पायलट खेमे को आईना भी दिखा दिया कि अगली बार भी मुख्यमंत्री वे ही बनेंगे। उन्होंने साफ किया कि उनकी मुख्यमंत्री की कुर्सी को कहीं कोई खतरा नहीं है।

विपक्ष लगातार यह आरोप लगाता रहा है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कमरे में बंद रहते हैं, बाहर ही नहीं निकलते। इसी का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पलटवार किया। पायलट खेमे की ओर इशारा करते हुए यह भी कह दिया कि जिनके दर्द हो रहा है उनकी वे जाने। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान और अन्य लोगों की कृपा से हम लोागें को 34 दिन होटलों में रहना पड़ा था। उन्होने कहा कि हमारे वफादार विधायकों की कृपा से वो टाइम भी निकल गया। गहलोत बोले कि मुझे 15-20 साल कुछ नहीं होने वाला है। यदि कोई दुखी हो तो हों, मैं कही जाने वाला नहीं हूं। यह सरकार पांच साल चलेगी और दोबारा भी हमारी ही सरकार बनेगी। गहलोत ने कहा कि जनता खुद कहती हैं कि राजस्थान में कहीं भी एंटीइनकम्बेंसी नहीं है। हां हमारे पार्टी के कुछ साथी जरूर लाइन पार कर देते है। प्रदेश की जनता कांग्रेस की ही सरकार बनाएगी। हमने काम में कोई कमी नहीं रखी। पता नहीं आगे क्या होगा, लेकिन इस बार जनता का मूड वापसी का है। दो बार में एक बार हम 56 पर आए, दूसरी बार 21 पर। हमने दोनों बार काम में कोई कसर नहीं रखी थी। अब लगता है रिपीट होंगे।

राजस्थान में इसी माह वल्लभनगर व धरियावाद की विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। जिनमें से वल्लभनगर कांग्रेस व धरियावाद भाजपा के पास थी। उपचुनाव में गहलोत दोनों सीटों पर कांग्रेस को जीता कर अपनी ताकत दिखाने के लिए पूरा जोर लगाएंगे। पिछले 3 सालों में राजस्थान में 6 विधानसभा सीटों के उपचुनाव हो चुके हैं।

जिनमें तीन पर कांग्रेस, दो पर भाजपा व एक पर आरएलपी जीती थी। मगर इस बार गहलोत की नजर दोनों सीटों पर टिकी हुई है। यदि गहलोत दोनों सीटों पर कांग्रेस को जिताने में कामयाब हुए तो उनके प्रभाव में बढ़ोतरी होगी। तब कांग्रेस आलाकमान को उन पर ही भरोसा बनाए रखना होगा। डेढ़ साल के लंबे एकांतवास के बाद मुख्यमंत्री गहलोत फील्ड में निकल कर अपनी सक्रियता दिखाने जा रहे हैं। जिसके माध्यम से वह अपने विरोधियों को भी अपने तंदुरुस्त होने का संदेश देंगे।

# कविता

## संजीव-नी।

हां, हम आजाद हैं?
हां, हम आजाद हैं।
क्या हुआ यदि देश मे अस्थिरता है ,
है क्या हुआ यदि देश मे अराजकता है,
हां, हम आजाद हैं?
क्या हुआ यदि देश मे राजनैतिक दो मुंहापन है
क्या हुआ यदि देश में ,
बिना विचारचार की सरकार है ,
क्या हुआ यदि स्कैंडल्स की भरमार है ,
क्या हुआ यदि सिर्फ भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार है ,
हां, हम आजाद हैं?

क्या हुआ यदि खून की होली है ,
चीत्कार की दीवाली है
हजारों करोड की देनदारी है ,
नक्सलियों का घनघोर तांडव है ,
देश फिर गुलामी की कगार पर है,
हां, हम आजाद हैं?

क्या हुआ देश मे पैदा होता हर बच्चा,
सर से पैर तक कर्जदार है,
हां हम आजाद हैं?
क्या हुआ देश मे कॅरोना का भयानक प्रहार है,
मौत की दर्दनाक ललकार है,
भूखे नौनिहाल, कर्मकार,
हजारों मौत के शिकार है,
लाचार बदहाल सरकार है,
हां, हम आजाद हैं?

कृष्ण कुमार

## नीट और हमारी शिक्षा प्रणाली

विजय गर्ग

**लगभग** 35 प्रतिशत भारतीय आबादी में युवा शामिल हैं, उनमें से कई इस बात से अनजान हैं कि करियर विकल्प के रूप में क्या चुनना है। तथ्य यह है कि पारंपरिक अनुशासन हमें वह लाभ नहीं देते हैं, यह अनुमान है कि 2020-2021 में कोवोड 19 महामारी के कारण लगभग 6.1 मिलियन भारत के युवाओं ने नौकरी खो दी है। हमारी शिक्षा प्रणाली भी सभी विज्ञानों के सामान्य से विशिष्ट, पारंपरिक से रचनात्मक नौकरी उन्मुख से विकसित हुई है। स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में एक कैरियर ने बढ़त ले ली है, लेकिन यह स्वाभाविक है कि स्वास्थ्य सेवा उद्योग में पहला विकल्प डॉक्टर बनना और चिकित्सा में स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश करना होगा। प्रतिस्पर्धा और उपलब्ध सीटों की संख्या और शिक्षा की बढ़ती लागत को देखते हुए, यह सार्वजनिक या निजी क्षेत्र में हो, युवाओं की उम्मीदें तब धराशायी हो जाती हैं जब वे इसे चिकित्सा के लिए नहीं बनाते हैं। निराश होने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि हमारे पास स्वास्थ्य देखभाल में विकल्प और विकल्प हैं जो एक संतोषजनक करियर के अलावा उत्कृष्ट नौकरी की संभावनाओं की गारंटी दे सकते हैं। सबसे आशाजनक लोगों में से एक संबद्ध स्वास्थ्य पेशा ( एचपी) है। हेल्थकेयर डिलीवरी अब केवल डॉक्टरों और नर्सों के बारे में नहीं है। एक मल्टी स्पेशियलिटी या एकल विशेषता केवल विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के समर्थन से ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान कर सकती है। पश्चिमी देशों में संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के वितरण की मूल्य श्रृंखला में एक आवश्यक भूमिका निभाते हैं। संयुक्त राज्य में वे कुल स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों का 60% शामिल करते हैं। एएचपी में चिकित्सीय, नैदानिक, उपचारात्मक, निवारक, पुनर्वास संबंधी हस्तक्षेपों में स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के वितरण में शामिल व्यक्ति शामिल हैं। वे किसी व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, भावनात्मक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने, संरक्षित करने, इलाज करने या प्रबंधित करने के लिए अंत:विषय स्वास्थ्य टीमों में काम करते हैं। वे विकारों की पहचान और रोकथाम के मूल्यांकन के लिए स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के वितरण में योगदान करते हैं। स्वास्थ्य और कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) द्वारा सूचित पुनर्वास और स्वास्थ्य प्रणाली प्रबंधन अध्ययनों से संकेत मिलता है कि संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों की मांग आपूर्ति की तुलना में काफी अधिक है। भारत को वर्ष 2024 तक 6.5 मिलियन संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवरों की आवश्यकता होगी। इन स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों की आवश्यकता अब हमारी सरकार द्वारा महसूस की गई है और उनकी सेवाओं का उपयोग करने के लिए रणनीतियां मौजूद हैं। बीमारियों के बढ़ते बोझ के साथ स्वास्थ्य देखभाल की डिलीवरी तेजी से जटिल होती जा रही है। कई स्वास्थ्य देखभाल गतिविधियों की सफलता के लिए कुशल और सक्षम पेशेवरों के समर्थन की आवश्यकता होती है। यह अब चिकित्सकों और गैर-चिकित्सकों दोनों की विशेषज्ञता पर आधारित एक टीम प्रयास है।

# विचार

## अधिकार असीमित नहीं हो सकते

डॉ नीलम महेन्द्र

**कहने** को भारत एक ऐसा देश है जो संविधान से चलता है लेकिन जब देश के सुप्रीम कोर्ट को यह कहना पड़ता है कि वो जांच करेगा कि "क्या विरोध करने का अधिकार एक पूर्ण अधिकार है" तो लगता है कि हम आज भी गुलाम हैं। गुलाम हैं उस सत्तालोलुप वोटबैंक की राजनीति के जिसे अपने स्वार्थ के आगे कुछ नहीं दिखता। गुलाम हैं उस स्वार्थी सोच के जो संविधान द्वारा दिए गए हमारे अधिकारों के बारे में हमें समय समय पर जागरूक करती है लेकिन देश के प्रति हमारे दायित्वों का कर्तव्यबोध हमें होने नहीं देती। गुलाम हैं उन विपक्षी दलों की मेहत्वकांक्षाओं की जो उन्हें संसद की हारी लड़ाई सड़क पर जीतने का मार्ग दिखा देती है। यह विषय इसलिए गम्भीर हो जाता है कि हमारी यह गुलामी कभी 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय गौरव के दिन देश को हिंसा की आग में झोंक देती है तो कभी लखीमपुर जैसे घटनाओं को अंजाम देती है। अतः निश्चित रूप से यह चिंता और चिंतन दोनों का ही विषय होना चाहिए। क्योंकि लखीमपुर जैसी घटनाएं इस बात की गवाह हैं कि आज की राजनीति में येन केन प्रकारेण सत्ता हासिल करने और अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने के लिए किसी बेगुनाह के परिवार के घर का चूल्हा बुझाने से भी परहेज नहीं किया जाता। विडंबना की पराकाष्ठा यह है कि संविधान की दुहाई देकर उन कृषि कानूनों का विरोध किया जा रहा है जो संसद के दोनों सदनों से पारित हो कर आए हैं। लोकतंत्र और अधिकारों के नाम पर इस प्रकार की घटनाएं इस देश के लिए नई नहीं हैं इसलिए अब समय आ गया है कि अधिकारों की भी सीमा तय की जाए। दरअसल हमें यह समझना होगा कि कोई भी शक्ति असीमित नहीं होती। सृष्टि की हर चीज में उर्जा होती है चाहे वो एक निर्जीव वस्तु हो या फिर कोई सजीव प्राणी लेकिन वो रचनात्मक तभी होती है जब उसकी एक सीमा होती है। किंतु यदि इन शक्तियों की कोई सीमा न हो तो वो विनाशकारी सिद्ध होती हैं। उदाहरण के तौर पर, जो भोजन हम खाते हैं उसका हर अंश एक निश्चित मात्रा में हमें ऊर्जा देता है तब ही वो हमें पोषित कर पाता है । इसी प्रकार एक स्कूटर या एक बाइक या एक कार या प्लेन या ट्रेन सभी की स्पीड की भी एक सीमा है तभी हम इन्हें नियंत्रित कर पाते हैं। अगर इनकी स्पीड की सीमा न हो तो चलाने वाला इन पर नियंत्रण नहीं रख पाएगा और दुर्घटना हो जाएगी। ऐसे ही सीमाओं में प्रकृति भी बंधी है। जब तक नदी अपनी सीमा में रहती है वो जीवनदायिनी होती है लेकिन जैसे ही वो अपनी सीमा को लाँघ देती है वो प्रलयकारी बन जाती है। स्पष्ट है कोई भी शक्ति सीमा में ही रचनात्मक होती है, असीमित शक्ति विध्वंस का ही कारण होती है। इसलिए शक्तियों की सीमा निर्धारित करना अत्यंत आवश्यक है। आज मोबाइल और इंटरनेट का जमाना है। विभिन्न कम्पनियां अनलिमिटेड फोन और डेटा के अनेक आफर निकालती हैं लेकिन क्या वो वाकई में अनलिमिटेड होते हैं? नहीं उन सब की एक सीमा होती है। तो फिर हमारे अधिकार असीमित कैसे हो सकते हैं? लेकिन इसे क्या कहा जाए कि संवैधानिक अधिकारों के नाम पर दूसरी बार इस देश की राजधानी की सड़कें बाधित हैं। विगत लगभग 10 माह से देश की राजधानी दिल्ली की सड़कें अवरुद्ध हैं और सड़क खोलने का यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि किसी सड़क को हमेशा के लिए कब्जा नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र और संविधान द्वारा प्रदत्त विरोध के अधिकार के नाम पर विगत इतने लम्बे समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों से सुप्रीम कोर्ट ने कई सवाल भी पूछे हैं।

दरअसल किसानों के एक संगठन किसान महापंचायत ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दिल्ली के जंतर मंतर पर "सत्याग्रह" करने की अनुमति मांगी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कृषि कानूनों की वैधता को चुनौती देने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाए जाने के बाद विरोध प्रदर्शन का सवाल ही कहाँ उठता है। जब किसान संगठन पहले ही विवादित कृषि कानूनों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख कर चुके हैं तो आंदोलन जारी रखने और सत्याग्रह करने का क्या तुक है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, 31, न्यू रमेश नगर, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: मुकेश कुमार**
**कार्यकारी संपादक : रवि भारद्वाज**
9215610000, 9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# व्यंग्य

## एक अस्पताल ऐसा भी

डॉ. सुरेश कुमार

**अस्पताल** पहुँचने पर पता चला कि सीनियर डॉक्टर नहीं है। जूनियर डॉक्टर तो था लेकिन उसे ऐसे केसो का अनुभव नहीं था। वह नर्स के कान में कुछ फुसफुसाने लगा। मामा ने न जाने क्या सुन लिया कि उनकी बेचैनी बढ़ गयी। स्ट्रैचर पर लेटे मामा के बगल में उनका कोई परिजन खड़ा था। मामा ने धीमे से कहा झ्र ह्लमुझे बहुत डर लग रहा है। इस पर परिजन ने कहा - डरने की कोई बात नहीं सब कुछ ठीक हो जाएगा। मामा ने उस पर चिढ़ते हुए कहा झ्र ह्लअरे भाई वो मेरे गले के भीतर कुछ डालने की बात कर रहे हैं। समझने की कोशिश करो। परिजन ने कहा डरो मत। कुछ नहीं होगा। उनके लिए यह छोटा-मोटा काम है। सब ठीक हो जाएगा। मामा ने झुंझलाते हुए कहा मुझे इन सब से डर नहीं लगता। डर तो मुझे उस डॉक्टर से लग रहा है। नर्स मेरे बजाय डॉक्टर का हौंसला बढ़ा रही है और कह रही है - घबराइए मत! ऐसे केस बार-बार नहीं आते। हाथ साफ करने के लिए इससे अच्छा मौका नहीं मिलेगा। समझने की कोशिश कीजिए। मैं हूँ न! सब देख लूँगी। इतना सुनना था कि परिजन की सिट्टी-पिट्टी गुल। वार्ड ब्यॉव कोने में खड़े-खड़े यह सब कुछ बड़े ध्यान से देख रहा था। वह मामा के पास आया। परिजन को वहाँ से भगा दिया। वार्ड ब्यॉय ने मामा से कानाफूसी करते हुए कहा- चुपचाप पड़े रहो। ज्यादा चपड़-चपड़ मत करो। वह जूनियर डॉक्टर हुआ तो क्या हुआ? शुक्र मनाओ नर्स तो पुरानी है। अच्छा है कि तुम जल्दी आ गए। थोड़ा लेट आते तो मेरे हाथों ही नप जाते। तब तुम मिस्टर नही लेट मिस्टर कहलाते। वो तो भगवान का भला हो जो तुम्हारी किस्मत अच्छी है। वो जैसा कहते हैं वैसा करो। नहीं तो बिना इलाज के मुफ्त में मारे जाओगे। तभी डॉक्टर ने वार्ड ब्वॉय से मरीज का भर्ती फॉर्म भरवाने के लिए कहा। वॉर्ड ब्वाय ने परिजन से फॉर्म भरवाया। फॉर्म भरकर परिजन जैसे ही पलटा तुरंत उसे टोकते हुए वार्ड ब्यॉव ने कहा लगता है तुम्हें अभी अस्पताल के बारे में ठीक से पता नहीं है। लोग समझते हैं कि मरीजों को डॉक्टर ठीक करते हैं। जबकि सच यह है कि मरीज का ठीक होना डॉक्टर या भगवान के हाथ में नहीं हमारे हाथ में होता है। हम यहाँ के वार्ड ब्वॉय नहीं रॉबिनहुड हैं। इसलिए जब तक हमें खुश नहीं किया जाता तब तक मरीज मरीज बनकर रह जाता है या फिर इस दुनिया से उठ जाता है।

## जिंदा कौमें पांच साल तक इंतजार नहीं करती

बाल मुकुन्द ओझा

**भारत** में गैर कांग्रेसवाद के जन्मदाता डॉ राम मनोहर लोहिया की 12 अक्टूबर को पुण्य तिथि के अवसर पर हर साल की भांति हम उनके विचारों और सिद्धांतों को याद कर अपनी स्मरणांजलि देते है। 12 अक्टूबर 1967 को लोहिया का 57 वर्ष की आयु में देहांत हो गया था। लोहिया कांग्रेस के नेताओं और उनके विचारों के सख्त विरोधी थे, यह किसी सी छिपा नहीं है। मगर आज के नेताओं की तरह आपसी नफरत और वैमनस्यता के भाव उनके मन में नही थे। कांग्रेस को सत्ताच्युत करने का सपना उन्होंने आजादी के बाद से ही संजोया था। उनका यह सपना आंशिक रूप से 1967 में पूरा हुआ जब देश के अनेक राज्यों में गैर कांग्रेसी सरकारें बनी। डॉ राम मनोहर लोहिया कहते थे लोग मेरी बात सुनेंगे जरूर, शायद मेरे मरने के बाद। लोहिया की मृत्यु के दस साल बाद उनकी बात उनके ही अभिन्न साथी जय प्रकाश नारायण ने सुनी और 1977 में कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर लोहिया के गैर कांग्रेसवाद के सपने को साकार किया। कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी से सोशलिस्ट पार्टी के सफर में शुरू में जय प्रकाश नारायण का साथ भी उन्हें मिला था। मगर बेहद आदर्शवादी जय प्रकाश का चुनावी राजनीति से जल्द ही मोह भंग हो गया और उन्होंने सर्वोदय आंदोलन की राह पकड़ ली। लोहिया की मृत्यु के दस साल बाद जेपी ने गैर कांग्रेसवाद का झंडा बुलंद पर लोहिया का सपना साकार किया। लोहिया की मुख्य कर्म भूमि यूपी और बिहार थी जहाँ आज भी अपने आप को लोहियावादी कहे जाने वाले उनके अनुयायी खंड खंड होते हुए भी सियासत में मजबूत स्थिति में है मगर गैर कांग्रेसवाद का लोहिया का सपना चूर चूर है। आज सियासत की परिस्थितिया भिन्न है ऐसे में लोहिया का गैर कांग्रेसवाद कितना प्रासंगिक है इस पर गहन मंथन की जरुरत है मगर लोहिया के विचार आज भी जिन्दा है। डॉ राम मनोहर लोहिया कहते थे लोग मेरी बात सुनेंगे जरूर, शायद मेरे मरने के बाद। लोहिया भ्रष्ट सियासत पर भी हमले से नहीं चूकते थे और कहते थे जिंदा कौमें पांच साल तक इंतजार नहीं करती। भारत में डॉ राम मनोहर लोहिया एक ऐसे नेता हुए है जिनके विचार आज भी प्रासंगिक है।

# राजीव ने चिटाने वाली माता की पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

**सोनीपत/संजीव कौशिक**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने शहर में स्थित चिटाने वाली माता के मंदिर में माता की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने भक्तजनों के कल्याण के लिए माता से मनोकामना की। उन्होंने कहा कि माता की कृपा से भक्तों का उत्थान हो रहा है। सच्चे हृदय से की गई प्रार्थना को माता रानी अवश्य स्वीकारती हैं। चिटाने वाली माता के वार्षिक मेले को लेकर माता के भक्तों में उत्साह की लहर दौड़ रही है। मेले के सफल आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसके अंतर्गत ही पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपाई नेता राजीव जैन ने चिटाने वाली माता का पूजन किया। उन्होंने मंदिर में छठ की कढ़ाई के साथ सवामणी की कढ़ाई करवाते हुए





प्रसाद का वितरण किया। उन्होंने बताया कि 12 अक्तूबर को माता रानी प्रातःकाल 04:00 बजे कामी रोड स्थित रामलीला ग्राउंड के लिए प्रस्थान करेंगी। यहां प्रातः 05:00 बजे माता की आरती के साथ मेले का शुभारंभ किया जाएगा। तत्पश्चात आगामी दिवस 13 अक्टूबर को प्रातः 10:00 बजे माता रानी रामलीला ग्राउंड से रथ पर सवार होकर अपने मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगी और पुनः मंदिर में अपना स्थान ग्रहण करेंगी। माता रानी के मंदिर में वापस विराजने के साथ ही मेले का समापन होगा। यह निराली परंपरा है। माता रानी के दर्शनों के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ता है। पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि चिटाने वाली माता के मेले को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजकों में अपार उत्साह है तो भक्तों में भी खुशी की लहर छाई हुई है। माता रानी के मेला ग्राउंड में प्रस्थान के दौरान उनके दर्शनों को जनसमूह उमड़ पड़ता है। माता रानी के भक्तों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है। माता के दर्शन मात्र से भक्तों के कष्ट दूर होते हैं और उनकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। माता के दरबार से कभी कोई निराश नहीं जाता। माता अपने भक्तों का पूरा ध्यान रखती हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव जैन ने चिटाने वाली माता से कामना की कि वे अपने सभी भक्तों पर सदैव अपनी कृपा व आशीर्वाद की छाया बनाये रखें। इस अवसर पर पं. अमित शौनक, प्रधान महेश गोयल, तरूण गोयल, कैलाश कुच्छल, अजय कुच्छल, अशोक कुमार, दीपक गोयल, अनिल कुच्छल, मनीष कुच्छल, प्रदीप कुमार, नरेश गोयल, सुधीर कुमार, देवेंद्र कुच्छल, अमित शर्मा, शुभम गोयल, वेद कुच्छल आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## 'जिला में 90 फीसदी से अधिक आबादी को लग चुकी पहली डोज'

**रेवाड़ी/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**कोरोना** से बचाव के लिए जिला में वैक्सीनेशन का कार्य निरंतर जारी है। जिला में कोविशील्ड-कोवैक्सीन की आठ लाख 95 हजार 83 डोज लगाई जा चुकी है। जिनमें छः लाख 34 हजार 934 पहली तथा दो लाख 60 हजार 149 लोगों को दूसरी डोज शामिल। जिला में अब तक 90 प्रतिशत से अधिक आबादी को पहली डोज लग चुकी है। उपायुक्त यशेन्द्र सिंह ने बताया कि कोविड से बचाव के लिए वैक्सीन ही उपाय है। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर वैक्सीन की डोज निःशुल्क लगाई जा रही है। कोरोना की तीसरी संभावित लहर से बचाव के लिए वैक्सीन अवश्य लगवानी चाहिए। उन्होंने बताया कि फेस्टीवल सीजन



आरंभ हो चुका है और बाजारों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भीड़ बढ? लगी है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी वैक्सीनेशन का कार्य तेज कर दिया गया है। उपायुक्त ने कहा हर जिलावासी को पहले तो खुद फिर अपने आस-पास यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी वैक्सीन लगवाने से वंचित न रहें।

## डॉक्टर नीलम सांगवान बेटी एक लक्ष्य फाउंडेशन ने बांटे तुलसी के पौधे



**सोनीपत/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**सर्व** जागरूक संगठन के जिला अध्यक्ष व बेटी एक लक्ष्य फाउंडेशन की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर नीलम सांगवान ने जिला बाल कल्याण की अधिकारी सुरेखा हुड्डा, सिल्की , नीलम, कीर्ति, जयंती, धर्म पाल, संदीप को तुलसी के पौधे वितरित किए। कार्तिक माह में तुलसी वितरण बहुत ही शुभ माना गया है। इसके साथ साथ तुलसी हमें दिन-रात ऑक्सीजन देती है व एक हर्बल पौधा है। घर-घर तुलसी अभियान चलाया गया है। रामा और श्यामा तुलसी वितरित की गई। और नवरात्रों के समय यह एक शुभ कार्य है।

## राईट-टू-सर्विस एक्ट के तहत आवेदनों पर करें कार्यवाही: एडीसी

**रेवाड़ी/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**अतिरिक्त** उपायुक्त आशिमा सांगवान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा सरकारी विभागों के माध्यम से लोगों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है और प्रत्येक विभाग को इसी समयावधि में ही आवेदन का निपटारा करना है। अतिरिक्त उपायुक्त आशिमा सांगवान सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में सीएम विंडो, सरल पोर्टल व ई-ऑफिस की विभागवार समीक्षा बैठक कर रही थी। उन्होंने कहा



कि सीएम विंडो, सरल पोर्टल व ई-ऑफिस पर आने वाली समस्याओं व आवेदनों की संबंधित अधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग करें और समस्याओं व आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही करते हुए समस्याओं का निपटारा करवाएं और लाभार्थियों को सेवाएं प्रदान करें। उन्होंने कहा कि आस-ऑटो अपील सॉफ्टवेयर आमजन के अधिकारों को सशक्त बनाने की दिशा में सरकार का एक बड़ा कदम है।

## 'बच्चे देश और प्रदेश का भविष्य'

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**उपायुक्त** सुशील सारवान ने स्थानीय बाल भवन में आयोजित बाल महोत्सव में बतौर मुख्यअतिथि बोलते हुए इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए और इसमें भाग लेने वाले बच्चों की खुले मन से प्रशंसा की और कहा कि बच्चे देश और प्रदेश का भविष्य है। उन्होंने बच्चों को अपनी शुभ कामनाएं प्रेषित करते हुए प्रतिभागी बच्चों को बधाई भी दी। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे अपने माता-पिता का आदर करें और उनकी बातों को खुले मन से सोचे। माता-पिता सदैव अपने बच्चे के अच्छे भविष्य की कल्पना करता है। उन्होंने सभी अभिभावकों से भी अपील की कि



वे भी अपने बच्चों के भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए उनमें सकारात्मक उर्जा पैदा करें। उन्हें साहित्यकारों, लेखकों और देश के निर्माण में काम करने वाले लोगों की कहानियां सुनाएं। उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता के साथ-साथ बच्चों को अपने शिक्षकों का भी दिल से सम्मान करना चाहिए।

## साइबर अपराध व फर्जी कस्टमर केयर नंबरों से रहें सतर्क: शशांक कुमार

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पुलिस** अधीक्षक शशांक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया तकनीक के इस युग में लगभग हर व्यक्ति कंप्यूटर अथवा मोबाइल से जुड़ा हुआ है। ऐसे में साइबर अपराधी भी अपराध करन के नये-नये तरीके अपना रहे हैं। जिसमें एक तरीका फर्जी कस्टमर केयर के माध्यम से लोगों के रुपए ठगना है। आम लोग किसी भी कंपनी के कस्टमर केयर का नंबर पाने के लिये सर्च इंजन का सहारा लेते हैं। ऐसा करते समय कुछ सावधानियां बरतने की अत्यंत जरूरत है, क्योंकि साइबर अपराधी किसी भी तरह की एक चूक की ताक में रहते हैं।

## विश्व गर्ल चाइल्ड डे पर डीएवी पब्लिक स्कूल में लगाया कानूनी जागरूकता शिविर

**सोनीपत/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत अलग-अलग स्थानों पर कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया। विश्व गर्ल चाइल्ड डे के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोनीपत के सचिव रमेश चन्द्र बतौर मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का आयोजन सारथी ट्रस्ट के अध्यक्ष सतपाल अहलावत द्वारा किया



गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को रिफ्रेशमेंट व पानी बोतल प्रदान की गई। कार्यक्रम में ब्रेकथ्रू संस्था से मुकेश डिगानी भी मौजूद रहे।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोनीपत ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत रूचि स्कूल, रेनू विद्या मंदिर, दिल्ली विद्यापीठ, देवरू रोड, गोल्डन पेटल स्कूल, राजकीय कन्या मुरथल अड्डा स्कूल, जीवीएम गर्ल्स स्कूल व गवर्नमेंट मिडिल स्कूल कबीरपुर में कानूनी जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।

## पराली न जलाने को लेकर जागरूकता वैन किया रवाना

**पानीपत/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से फसलों के अवशेष न जलाने बारे तथा उनका समुचित प्रबंधन करने बारे जागरूकता वैन चलाई गई है जिसे उपायुक्त सुशील सारवान ने सोमवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि यह जागरूकता वैन जिला पानीपत के सभी गांवो में जाएगी और किसानों को फसल अवशेष बारे जागरूक करेगी। उपायुक्त सुशील सारवान ने सभी किसानों से अपील की कि वे फसल अवशेष ना जलाएं क्योंकि फसल अवशेष जलाने से हवा में कार्बन की मात्राा बढती है तथा वायु प्रदूषण में बढोतरी होती है।

## विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाकर देश को बनाया जा सकता है आत्मनिर्भर: अतुल कोठारी

**सोनीपत/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**शिक्षा** संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने कहा कि हम देश में शिक्षा के माध्यम से ही बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाकर देश को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। नई शिक्षा नीति भारतीयों के अनुरूप है। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा नई शिक्षा नीति को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया था। सेमिनार में बतौर मुख्य



अतिथि तौर पर संबोधित करते हुए शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने कहा कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास शिक्षा में बदलाव व सुधार पर कार्य कर रहा है। देश को बदलना है तो शिक्षा में बदलाव लाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास चाहता है कि देश में अच्छा समाज व नागरिक बनें । हमारा देश विश्व गुरु बने । शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव कोठारी ने कहा कि पूर्व में ऐसी शिक्षा नीति नहीं थी, लेकिन नई शिक्षा नीति में देश को विश्व गुरु बनाने व और आत्मनिर्भर बनाने की सारी बाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी केंद्रित हैं। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में पहले भी शिक्षा नीति आई लेकिन इच्छा शक्ति के अभाव में क्रियान्वयन ठीक तरह से नहीं हो पाया, इस कारण हम पिछड़ते चले गए।

## वरिष्ठ नागरिकों को कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सामाजिक** न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को द्वारा लघु शिविरों का आयोजन करवाया जा रहा है, जिसमें सरकार द्वारा दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध करवाएं जाएगें जिसके लिए जन सेवा केन्द्रों पर रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है जो कि नि:शुल्क होगा। जिला रैडक्रास सोसायटी के सचिव गौरव रामकरण ने बताया कि रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए दिव्यांगजनों को लाने के लिए सविल सर्जन द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (40 प्रतिशत अधिक), आय प्रमाण पत्र (नियोक्ता-संस्थान के मुखिया, ग्राम प्रधान, सरपंच, तहसीलदार या अन्य राजस्व विभाग द्वारा प्रार्थी की आमदनी 15 हजार रुपए मासिक या इससे कम हो), प्रार्थी की एक फोटो, निवास प्रमाण-पत्र के लिए आधार कार्ड या वोटर कार्ड की प्रीति तथा वरिष्ठद्द नागरिकों (60 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले) के लिए आधार कार्ड या वोटर कार्ड की प्रीति, बीपीएल राशन कार्ड, पैंशन प्रमाण पत्र, ग्राम प्रधान, सरपंच, तहसीलदार या अन्य राजस्व विभाग द्वारा प्रार्थी की आमदनी 15 हजार रुपए मासिक या इससे कम हो) एवं प्रार्थी की एक फोटो आवश्यक है। इस योजना का लाभ लेने के लिए जरूरी है कि लाभार्थी ने 3 वर्षों के दौरान भारत सरकार, राज्य सरकार तथा अन्य सामाजिक योजना के अंतर्गत किसी शासकीय, अशासकीय या अन्य संस्था से कोई उपकरण प्राप्त न किया हो।

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर निकाली गई साइकिल जागरूकता रैली

**रेवाड़ी/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**आजादी** के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में रेवाड़ी जिला में सोमवार को जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया। साइकिल रैली कोर्ट परिसर से शुरू होकर बाल भवन रेवाड़ी तक पहुंची। जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश



कुमार मित्तल ने कहा कि हमें बेटा-बेटी में कोई भेद-भाव नहीं करना चाहिए बल्कि दोनों से बराबर का व्यवहार करना चाहिए। आज समाज में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का व्यापक असर देखने का मिल रहा है। जिससे लोगों की बेटियों के प्रति सोच अब बदली है। बेटियां पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी खुलकर भाग ले रही हैं। सरकार के अभियान की वजह से ही अब बेटियां हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत साबित कर रही हैं।

## अंजना पंवार आज जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक लेंगी

**पानीपत/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**राष्ट्रीय** सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य अंजना पंवार मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रातः 10 बजे जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक लेंगी। इस बैठक में आयुक्त नगर निगम के साथ-साथ पुलिस अधीक्षक और अन्य सम्बंधित अधिकारी भी भाग लेंगे।

बैठक में नगर निगम और नगरपालिकाओं में कार्यरत सफाई कर्मचारी भी भाग लेंगे और अधिकारियों को विगत 8 अक्तूबर को शिविर में हुई सफाई कर्मचारियों की मृत्यु से सम्बंधित सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**तहसील** कैंप के एवं पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस समारोह के मुख्य अतिथि आर्य कॉलेज की बीएससी मेडिकल की छात्रा कमल रही विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हुकमचंद रहे समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य राजेश कुमार ने की इस अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य राकेश कुमार ने की छात्रा कमल को को सम्मानित किया गया प्रतियोगिता में अंजलि ने प्रथम ईशा ने द्वितीय और यश ने तृतीय स्थान प्राप्त प्राप्त



किया जिन्हें मौके पर ही सम्मानित किया गया कमल कौर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा विकास की दूरी है यदि समाज को गरीबी से निकालकर एक सुखी समाज की स्थापना करनी है तो छात्रों को उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान करनी होगी।

## पीटीएम बैठक में 980 अभिभावकों ने लिया हिस्सा

**कनीना/विजय**

**एसडी** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में अध्यापक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 980 अभिभावकों ने हिस्सा लिया। जो विद्यार्थियों के प्रति जिम्मेदारी एवं अध्यापक-अभिभावक बैठक के महत्व को दशार्ता है। अभिभावकों ने अपने बच्चों के भविष्य को लेकर विद्यालय प्रबंधन व सभी विषयाध्यापकों के साथ अध्ययन संबंधी समस्याओं के समाधान, खेलकूद व अन्य गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया। अभिभावकों ने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। नई शिक्षा नीति व आधुनिक तकनीक से शिक्षा प्रदान करने के तरीकों को श्रेष्ठ बताया।

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस लड़कियों का किया गया कन्या पूजन

**पानीपत/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**आजादी** के अमृत महोत्सव को लेकर जिला की आंगनबाडियों में सोमवार को अन्र्तराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 0 से 5 वर्ष तक की लड़कियों का कन्या पूजन किया गया और उनसे पौधारोपण करवाया गया। इन कार्यक्रमों में बच्चों के अभिभावकों को भी बुलवाया गया। डीसी सुशील सारवान ने इन कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर सभी आंगनबाड़ी कार्यकताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को आगे बढ़ाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर अनुठा काम किया है। बालिकाओं को बचाने के लिए विभाग ने लोगों को जागरूक करने के लिए कोई कोर कसर नही छोड़ी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पानीपत की धरती से ही बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान का आगाज किया था, उनके इस अभियान के कारण ही प्रदेश में लिंगानुपात में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि हम सबको बेटियों को बेटो के बराबर हक देना चाहिए। खासकर शिक्षा और स्वास्थ्य के मामले में बेटियों का विशेष ख्याल रखना बहुत जरूरी है।

## कन्या पूजन आखिर कब तक? विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**सोनीपत/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**सारथी** जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट रजि सोनीपत की द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस-2021 के उपलक्ष्य में सेमिनार "डिजिटल पीढ़ी, हमारी पीढ़ी, एवं नवरात्रों के पावन अवसर पर कन्या पूजन आखिर कब तक? विषय पर संगोष्ठी व कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन डी ए वी मल्टीपर्पस पब्लिक विद्यालय सोनीपत में किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रमेश चंद्र चीफ ज्यूडिशियल मैजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत, विशिष्ट अतिथि बेटी बचाओ जन चेतना अभियान समिति की अध्यक्ष किरण बाला व कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली हाईकोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार जैन ने की। कार्यक्रम की शुरूआत



कन्याओं का पूजन के साथ की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमेश चंद्र ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल 11 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मूल उद्देश्य बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और उनके अधिकारों के संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। सालों से चली आ रही बाल विवाह प्रथा, दहेज और कन्या भ्रूण हत्या जैसी रुढ़िवादी प्रथाएं काफी प्रचलित हुआ करती थी इस आधुनिक युग में लड़कियों को उनके अधिकार देने और उनके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सामूहिक प्रयास किये जाने चाहिए। हमें एक साथ मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण करना चाहिए जहां लिंग आधारित भेदभाव न हो और लड़कियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिले। मुख्य वक्ता के रूप में ब्रेकथ्रू संस्था के प्रबंधक मुकेश दिगानी ने कहा अब भी बालिकाएं, बेटियां हमसे अपने हक के लिए लड़ रही हैं।

## 'मंडियों में अनेक प्रकार की सुविधाएं किसानों को उपलब्ध करवाई जा रही'

**पानीपत/एक्शन इंडिया ब्यूरो**

**हरियाणा** कृषि प्रधान प्रदेश है। हरियाणा की अनाज मंडियों में अनेक प्रकार की सुविधाएं किसानों को उपलब्ध करवाई जा रही हैं, यदि कोई व्यक्ति उनकी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर खरीदता है अथवा अन्य किसी प्रकार की कटौती करता है तो उसकी शिकायत जिला प्रशासन को की जा सकती है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि जिला में किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। राज्य सरकार ने बहुत ही बेहतरीन व्यवस्था किसानों के लिए की है ताकि मंडी में वे अपने शेड्यूल के अनुसार अपनी फसल लेकर आ सके।

# एसएमबी के लिए अनेक अवसर लाया अमेजन जीआईएफ

रोहतक: हाल ही में अमेजन इंडिया द्वारा कमीशन एवं नीलसन द्वारा किए गए सर्वे के मुताबिक अमेजन.इन के विक्रेता इन त्योहारों के लिए आशान्वित हैं और सर्वे में शामिल 98प्रतिशत विक्रेताओं ने कहा कि टेक्नॉलॉजी अपनाने एवं ई-कॉमर्स से उनके व्यवसाय को लाभ हुआ है। सर्वे में शामिल 78 प्रतिशत से ज्यादा विक्रेताओं को इस फेस्टिव सीजन नए ग्राहकों तक पहुंचने की उम्मीद है, 71 प्रतिशत को बिक्री के बढ़ने और 71 प्रतिशत को अपने व्यवसाय के चोट से उबरने की उम्मीद है। सुमित सहाय, डायरेक्टर, सेलिंग पार्टनर सर्विसेस, अमेजन इंडिया ने कहा, ह्यइन त्योहारों पर हम अपने विक्रेताओं को कोविड-19 की महामारी से लगी चोट से उबारने में मदद करने पर केंद्रित हैं। हमारे विक्रेता अपनी आजीविका में सुधार करने के लिए इस अवसर का उपयोग करने के लिए उत्साहित व तैयार हैं। पंजाब और हरयाणा में हमारे पास 72,000 से ज्यादा विक्रेता हैं, जिन्हें फेस्टिव सीजन के दौरान देश में लाखों ग्राहकों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। हमें उम्मीद है कि ग्रेट इंडियन फेस्टिवल हमारे सभी विक्रेताओं की वृद्धि व सफलता में योगदान देगा। अमेजन इंडिया ने अपनी वार्षिक फेस्टिव ईवेंट, ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान छोटे एवं मध्यम व्यवसायों के लिए अनेक अवसर प्रस्तुत किए।

# देसी ऐप कू पर ट्रेंड हुआ हैशटैग मेंटलहेल्थजरूरीहैं

करनाल : मानसिक स्वास्थ्य हमारे लिए कितना जरूरी है इस मुद्दे पर लोग खुल कर बात करने लगे हैं। लेकिन अगर बात राजनीति, बॉलीवुड या क्रिकेट की हो, तो कोई भी अपनी राय देने में हिचकिचाता नहीं है। रविवार पूरे दिन देसी माइक्रोब्लॉगिंग कू एप पर लोगों ने हैशटैग मेंटलहेल्थजरूरीहै का इस्तेमाल कर धड़ल्ले से अपनी राय और सुझाव शेयर किए। यह हैशटैग पूरे दिन ट्रेंड करता रहा। लोगों ने विश्व मानसिक दिवस के खास मौके पर अपने विचार और इससे बचने के तरीकों पर खुलकर राय रखी। देसी माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरुकता फैलाने के लिए फोर्टिस नेशनल मेंटल हेल्थ प्रोग्राम, फोर्टिस हेल्थकेयर के साथ एक मुहिम चलाई, जिसमें तमाम बड़े राजनेताओं, खिलाड़ियों, आध्यात्मिक गुरुओं और बॉलीवुड जगत के जाने-माने लोगों ने अपने सुझाव, सलाह और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े सीक्रेट्स लोगों के साथ शेयर किए। मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर ने लिखा कि, "कोरोना के बीच मानसिक तनाव से खुद को और अपने परिजनों को दूर रखें। तनाव दूर करने के लिए राष्ट्रीय टोल फ्री नंबर 080-46110007 पर कॉल करें। श्री श्री रविशंकर ने लिखा कि, जब हमारे प्राण या जीवन शक्ति में उतार-चढ़ाव होते हैं, तो हमारा मन भी भावनाओं के रोलर कोस्टर के माध्यम से ऊपर और नीचे जाता है। इस अभियान पर फोर्टिस नेशनल मेंटल हेल्थ प्रोग्राम, फोर्टिस हेल्थकेयर के मेंटल हेल्थ डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉ. समीर पारेख ने बताया कि, "मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। आप यह तभी कर सकते हैं जब आप मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानेंगे और जागरूक होंगे।

# 98 प्रतिशत अमेजन विक्रेताओं को ई-कॉमर्स अपनाने से लाभ हुआ

कुरुक्षेत्र : हाल ही में अमेजन इंडिया द्वारा कमीशन एवं नीलसन द्वारा किए गए सर्वे के मुताबिक अमेजन.इन के विक्रेता इन त्योहारों के लिए आशान्वित हैं और सर्वे में शामिल 98प्रतिशत विक्रेताओं ने कहा कि टेक्नॉलॉजी अपनाने एवं ई-कॉमर्स से उनके व्यवसाय को लाभ हुआ है। सर्वे में शामिल 78 प्रतिशत से ज्यादा विक्रेताओं को इस फेस्टिव सीजन नए ग्राहकों तक पहुंचने की उम्मीद है, 71 प्रतिशत को बिक्री के बढ़ने और 71 प्रतिशत को अपने व्यवसाय के चोट से उबरने की उम्मीद है। सुमित सहाय, डायरेक्टर, सेलिंग पार्टनर सर्विसेस, अमेजन इंडिया ने कहा, ह्यइन त्योहारों पर हम अपने विक्रेताओं को कोविड-19 की महामारी से लगी चोट से उबारने में मदद करने पर केंद्रित हैं। हमारे विक्रेता अपनी आजीविका में सुधार करने के लिए इस अवसर का उपयोग करने के लिए उत्साहित व तैयार हैं। पंजाब और हरयाणा में हमारे पास 72,000 से ज्यादा विक्रेता हैं, जिन्हें फेस्टिव सीजन के दौरान देश में लाखों ग्राहकों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। हमें उम्मीद है कि ग्रेट इंडियन फेस्टिवल हमारे सभी विक्रेताओं की वृद्धि व सफलता में योगदान देगा। अमेजन इंडिया ने अपनी वार्षिक फेस्टिव ईवेंट, ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान छोटे एवं मध्यम व्यवसायों के लिए अनेक अवसर प्रस्तुत किए।

# पेट्रोल-डीजल में लगी आग थम नहीं रही, फिर बढ़ें दाम

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में जारी तेजी और डॉलर की तुलना में रुपया में आई गिरावट के कारण देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगी आग थमने का नाम नहीं ले रही है। इस सप्ताह की शुरूआत भी इन दोनों की कीमतों में बढोतरी के साथ हुई है। सोमवार को लगातार सातवें दिन घरेलू स्तर पर पेट्रोल 30 पैसे प्रति लीटर और डीजल 35 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया। इस बढ़त के बाद दिल्ली में पेट्रोल 104.44 रुपए प्रति लीटर और डीजल भी 93.17 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया।

अभी देश के अधिकांश प्रमुख बड़े शहरों में पेट्रोल की कीमत 100 रुपए प्रति लीटर से अधिक हो गई है और डीजल भी शतक लगाने की ओर बढ़ रहा है। राज्यों की राजधानियों की बात करें तो रांची में पेट्रोल और डीजल की कीमतें एक होने जा रही है। पेट्रोल 98.99 रुपए प्रति लीटर और डीजल 98.39 रुपए प्रति लीटर पर है। लगातार पांच दिनों की तेजी के बाद गत सोमवार को इन दोनों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ था लेकिन उसके बाद से तेजी बनी हुई है। राजधानी दिल्ली में इनकी कीमतें अब तक के रिकार्ड स्तर पर पहुंच चुकी है। पिछले 10 दिनों में पेट्रोल 2.80 रुपए महंगा हो चुका है। डीजल भी इस दौरान 3.30 रुपए प्रति लीटर चढ़ चुका है।




ओपेक देशों की बैठक में प्रतिदिन चार लाख बैरल तेल उत्पादन बढ़ाने का निर्णय लिया गया था जबकि कोरोना के बाद अब वैश्विक स्तर पर इसकी मांग में जबरदस्त तेजी दिख रही है। इस निर्णय के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में जबरदस्त तेजी आई और यह सात वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। कच्चे तेल में तेजी के बाद अमेरिकी ने अपने रणनितिक भंडार का उपयोग करने की बात कही। इसके साथ ही कच्चे तेल के निर्यात को भी रोकने का संकेत दिया जिससे कच्चे तेल में फिर से तेजी आने लगी। सोमवार को सिंगापुर में कच्चे तेल में कारोबार बढ़त के साथ शुरू हुआ।

ब्रेंट क्रूड 0.99 डॉलर की बढ़त के साथ 83.38 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.35 डॉलर की तेजी के साथ 80.70 डॉलर प्रति बैरल पर खुला। तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 104.44 रुपये प्रति लीटर और डीजल 93.17 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया। इस बढोतरी के बाद दिल्ली एनसीआर के नोएडा में पेट्रोल 101.70 रुपए प्रति लीटर और डीजल 93.80 रुपए प्रति लीटर पर है। अभी भोपाल में पेट्रोल 112.96 रुपए प्रति लीटर और डीजल 102.25 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नई कीमतें लागू की जाती हैं।

# कोल इंडिया सीएमपीडीआईएल में 10 प्रतिशत विनिवेश को मंजूरी देगा

**कोलकाता।** कोल इंडिया लिमिटेड का बोर्ड अपनी सहायक कंपनी केंद्रीय खनन योजना एवं डिजाइन संस्थान लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) में 10 प्रतिशत विनिवेश के केंद्र के प्रस्ताव को मंजूरी दे सकता है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस सलाहकार फर्म को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर महारत्न कंपनी के निर्गम को मंजूरी मिल जाती है, तो यह कोल इंडिया द्वारा कोयला उत्पादक सहायक कंपनियों को बेचने और सूचीबद्ध करने के लिए एक मिसाल कायम करेगा।



कोयला मंत्रालय ने 23 सितंबर को लिखे एक पत्र में कोल इंडिया को सीएमपीडीआईएल की चुकता पूंजी के 10 प्रतिशत हिस्से का विनिवेश करने और उसे शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने के लिए बोर्ड की मंजूरी लेने को कहा था। कोल इंडिया लिमिटेड की अगली बोर्ड बैठक इसी महीने होने की संभावना है, लेकिन तारीख अभी तय नहीं हुई है।

# कारोबारी जरूरतों के हिसाब से निवेश करना जारी रखेगी टीसीएस: शीर्ष अधिकारी

**मुंबई।** कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने जैसी अल्पावधि की उतार-चढ़ाव का सामना करने के बावजूद शीर्ष आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) कारोबार की जरूरतों के हिसाब से निवेश करना जारी रखेगी और लाभ के मार्जिन को बचाने पर ध्यान नहीं देगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी ही।




टीसीएस के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) समीर सेकसरिया ने कहा कि कंपनी, हालांकि, 26-28 प्रतिशत के लाभ मार्जिन पर ध्यान देते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा, 'छोटी अवधि में उतार-चढ़ाव के बीच ऐसा नहीं है कि हम केवल मॉर्जिन बचाने के लिए ही चीजें करेंगे। निवेश की जो भी जरूरत है, जो भी सही होगा, हम निवेश करना जारी रखेंगे। हम अल्पावधि में इस पर ध्यान नहीं दे रहे, हमारा ध्यान कारोबार की जरूरतों को जितना संभव हो उस हद तक पूरा करना होगा। सितंबर तिमाही में, टीसीएस ने 25.6 प्रतिशत के मार्जिन की सूचना दी और आपूर्ति पक्ष की बाधाओं जैसी अल्पावधि के उतार-चढ़ाव वाली चीजों की आशंका जताई जिनमें कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की ऊंची दर शामिल है। पांच लाख से अधिक लोगों को रोजगार देने वाली कंपनी में कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर बढ़कर 11.9 प्रतिशत हो गई है।

# प्राकृतिक खेती से हिमाचल प्रदेश के सेब उत्पादकों को फायदा हुआ

**शिमला।** प्राकृतिक खेती के जरिए पैदा किए गए सेब से हिमाचल प्रदेश के किसानों को फायदा हुआ है। राज्य के शिमला जिले के ठियोग की सेब उत्पादक शकुंतला शर्मा के लिए खुशी की बात है क्योंकि प्राकृतिक खेती की तकनीक से उनके बाग में पैदा हुए सेबों की इस साल कीमत अप्रत्याशित रूप से 100 रुपए प्रति किलोग्राम से अधिक रही।

उन्होंने कहा, ''जैसे ही स्थानीय बाजार धमंदरी में एक खरीदार ने मेरे बक्सों पर 'प्राकृतिक सेब' का लेबल देखा, तो उसने तुरंत कहा कि वह इस कीमत पर सारे सेब खरीद लेगा। मैंने गैर-रासायनिक सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती (एसपीएनएफ) के साथ खेती की लागत पर 50,000-60,000 रुपए भी बचाए, जो एक बड़ा लाभ है।' महिला किसान पांच बीघा में सेब के बाग सहित 10 बीघा जमीन पर एसपीएनएफ खेती कर रही है। प्राकृतिक सब्जियों के खरीदार भी उनके पास आते हैं और उन्हें अच्छी कीमत देते हैं। एसपीएनएफ पद्धति देसी गाय के गोबर और मूत्र और कुछ स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों से प्राप्त खाद पर आधारित है। एसपीएनएफ के लिए खाद घर पर तैयार की जा सकती है। शिमला जिले के रोहरू प्रखंड के समोली पंचायत के रविंदर चौहान ने कहा, ''मैं वित्तीय तनाव में था क्योंकि रासायनिक स्प्रे पर लगातार बढ़ते खर्च के कारण मुझे अपने सेब के बाग में कई समस्याओं का सामना करना पड़ा था लेकिन प्राकृतिक खेती ने मुझे पिछले तीन वर्षों में अच्छा मुनाफा कमाने में मदद की है।' प्राकृतिक खेती की तकनीक से आठ बीघा जमीन पर सेब उगाने वाले चौहान ने तमिलनाडु, गुजरात और कर्नाटक जैसे राज्यों में एक सेब का डिब्बा (प्रत्येक में 25 किलो) 4,200-4,500 रुपए में बेचा, जिसमें परिवहन लागत भी शामिल है। हिमाचल प्रदेश में कृषि और बागवानी फसलों के लिए गैर-रासायनिक कम लागत वाली जलवायु अनुकूल एसपीएनएफ तकनीक को पीके3वाई के तहत बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसे राज्य सरकार ने 2018 में शुरू किया था। शिमला में राज्य परियोजना कार्यान्वयन इकाई (एसपीआईयू), पीके3वाई द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में अब तक (आंशिक रूप से या पूरी तरह से) 1,33,056 किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं, जिसमें 7609 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है। इसमें 12,000 सेब के बागवान शामिल हैं।



# त्रिशूल और गरुड़ का रेलवे ने किया सफलतापूर्वक संचालन, आम मालगाड़ी की अपेक्षा तीन गुना ज्यादा हैं वैगन

**मुंबई।** देश में मालगाड़ियों से ज्यादा से ज्यादा माल ढुलाई के लिए भारतीय रेलवे ने नया रास्ता निकाला है। रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे में पहली बार तो लंबी दूरी की मालगाड़ियों 'त्रिशूल' और 'गरुड़' का सफलतापूर्वक संचालन किया। यह लंबी दूरी की मालगाड़ियों की सामान्य गाड़ियों से दोगुनी या कई गुना लंबी हैं। इस तरह की ट्रेनों के कई फायदे हैं, जिनमें एक ही बार में बहुत ज्यादा माल की ढुलाई शामिल हैं, जिससे क्षमता के कमी का समाधान करती हैं। त्रिशूल की लंबाई का अंदाजा इसमें लगी बोगियों की संख्या से ही लगाया जा सकता है। दक्षिण मध्य रेलवे की यह ट्रेन तीन मालगाड़ियों के बराबर है और इसमें 177 वैगन शामिल हैं। ट्रेन को 7 अक्टूबर को विजयवाड़ा मंडल के कोंडापल्ली स्टेशन से पूर्वी तट रेलवे के खुर्दा मंडल के लिए रवाना किया गया था। इसी तरह की एक और ट्रेन को दक्षिण मध्य रेलवे ने 8 अक्टूबर को गुंतकल डिविजन के रायचूर से सिकंदराबाद के मनुगुरु के लिए रवाना किया था। इसे गरुड़ नाम दिया गया। इन दोनों ही ट्रेनों में थर्मल पावर स्टेशंस तक कोयला पहुंचाने के लिए खुले वैगन शामिल थे। दक्षिण मध्य रेलवे देश के पांच प्रमुख माल ढुलाई वाले रेलवे में शामिल हैं।



# चिप संकट की वजह से ऑटो सेक्टर परेशान, इस फेस्टिव सीजन भारी नुकसान का डर

**मुंबई।** सेमीकंडक्टर के संकट के बीच वाहन विनिर्माता डीलरों को पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित नहीं कर पा रहे हैं। इसके चलते इस त्योहारी सीजन में डीलरों को भारी नुकसान होने का अंदेशा है। वाहन डीलरों के संघों के महासंघ (फाडा) के अध्यक्ष विन्केश गुलाटी ने यह राय जताई है। गुलाटी ने कहा, 'चिप का संकट जारी है। ऐसे में विनिर्माताओं को उत्पादन के मुद्दों से जूझना पड़ रहा है। वे अपने डीलर भागीदारों को आपूर्ति घटा रहे हैं।'

नवरात्रि के पहले दिन से वाहन डीलरों के लिए 42 दिन के व्यस्त सत्र की शुरुआत हुई है। आपूर्ति की कमी की वजह से डीलर अपने ग्राहकों को उनकी पसंद के वाहन की आपूर्ति के लिए इंतजार करने को लेकर भरोसा नहीं दिला पा रहे हैं। कई मॉडलों की भारी मांग के बीच डीलरों के पास बुकिंग रद्द हो रही हैं। वहीं डीलरों के पास पर्याप्त स्टॉक नहीं होने की वजह से मौके पर खरीद में भी कमी आ रही है।



गुलाटी ने कहा, 'बिक्री के लिहाज से त्योहारी सत्र हमारे लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण होता है। औसतन इन दो माह में हम अपनी सालाना बिक्री का 40 प्रतिशत हासिल करते हैं। यह वह समय होता है जबकि हम शेष साल के परिचालन के लिए कमाई और बचत कर पाते हैं। इस साल हमें पर्याप्त संख्या में वाहन नहीं मिल रहे। ऐसे में हमें नुकसान का अंदेशा है।' उन्होंने कहा कि यात्री वाहन खंड में ज्यादातर मॉडलों के लिए 'इंतजार की अवधि' पूर्व के एक से तीन माह की तुलना में काफी अधिक बढ़ चुकी है। डीलरशिप पर वाहन नहीं होने से मौके पर बिक्री भी प्रभावित हुई है। गुलाटी ने कहा, हमारे आंकड़ों के अनुसार 50 से 60 प्रतिशत खरीदार पहले से बुकिंग कराते हैं। वहीं शेष 40 प्रतिशत शोरूम पर आकर तत्काल वाहन खरीदते हैं लेकिन अभी हमारे लिए यह अध्याय बंद है।


पूरी स्थिति को काफी चुनौतीपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि यदि इन 42 दिन में उद्योग सामान्य बिक्री हासिल कर पाया, तो उसे काफी भाग्यशाली माना जाएगा। उन्होंने कहा, ''हमें बड़े नुकसान का अंदेशा है। त्योहारी सीजन में हमारी खुदरा बिक्री 4 से 4.5 लाख इकाइयां रहती है। लेकिन इस बार इसके 3 से 3.5 लाख इकाई रहने का ही अनुमान है। यदि हम यह आंकड़ा भी हासिल कर पाए, तो काफी भाग्यशाली होंगे।

# मैक्रोटेक डेवलपर्स ने अप्रैल-सितंबर में 3,000 करोड़ रुपए की संपत्तियां बेचीं

**नई दिल्ली।** रियल्टी फर्म मैक्रोटेक डेवलपर्स ने बेहतर मांग पर अप्रैल-सितंबर के दौरान 3,000 करोड़ रुपए की संपत्तियां बेची हैं।

कंपनी को इस वित्त वर्ष में 9,000 करोड़ रुपए के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए दूसरी छमाही में अपनी बिक्री बुकिंग दोगुनी होने की उम्मीद है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। देश के प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक मुंबई की मैक्रोटेक डेवलपर्स 'लोढ़ा' ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों का विपणन करती है।

मैक्रोटेक डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक लोढ़ा ने कहा कि जुलाई-सितंबर में बिक्री बुकिंग पिछली तिमाही से दोगुना होकर 2,003 करोड़ रुपए हो गई, जिससे इस वित्त वर्ष की पहली छमाही में कुल बिक्री बुकिंग 2,960 करोड़ रुपए हो गई। लोढ़ा ने कहा, ''हमें विश्वास है कि हम 2021-22 वित्त वर्ष में लगभग 9,000 करोड़ रुपए की बिक्री बुकिंग हासिल करेंगे।




# खाने के तेल की जमाखोरी रोकने के लिए सरकार का एक्शन, लगाई स्टॉक लिमिट

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू बाजार में कीमतों में नरमी के लिए खाद्य तेलों के व्यापारियों पर 31 मार्च तक स्टॉक या भंडारण की सीमा लगा दी है। हालांकि, कुछ आयातकों-निर्यातकों को इससे छूट दी गई है। एनसीडीईएक्स मंच पर आठ अक्टूबर से सरसों तेल के वायदा कारोबार पर पहले ही रोक लगा दी गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले एक साल के दौरान घरेलू खुदरा बाजारों में खाद्य तेलों के दाम 46.15 प्रतिशत तक चढ़े हैं।

वैश्विक कारकों के अलावा घरेलू बाजार में आपूर्ति प्रभावित होने की वजह से खाद्य तेलों के दाम बढ़ रहे हैं। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बयान में कहा, ''केंद्र के इस फैसले से घरेलू बाजार में खाद्य तेल कीमतों में नरमी आएगी। इससे देशभर में उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी सभी राज्यों को जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकारें तथा संघ शासित प्रदेश उपलब्ध स्टॉक तथा उपभोग के रुख के आधार पर खाद्य तेलों तथा तिलहनों के भंडारण की सीमा पर फैसला करेंगे।

हालांकि, कुछ आयातकों तथा निर्यातकों को स्टॉक की सीमा से छूट दी गई है। यह छूट उन निर्यातकों को होगी जिनके पास विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की ओर से जारी आयातक-निर्यातक कोड होगा और वे यह बता सकेंगे कि उनके पास पूरा या कुछ स्टॉक निर्यात के उद्देश्य से है। मंत्रालय ने कहा कि इसके अलावा ऐसे आयातकों को इससे छूट मिलेगी जो यह बताने में सक्षम होंगे कि खाद्य तेलों तथा तिलहनों के संदर्भ में उनके



भंडार का कुछ हिस्सा आयात किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊंची कीमतों से घरेलू बाजार में भी खाद्य तेलों के भाव बढ़े हैं।

**कितनी है तेल की कीमत**

उपभोक्ता मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सोया तेल का औसत दाम इस साल नौ अक्टूबर को 154.95 रुपए किलो था, जो एक साल पहले की समान अवधि के 106 रुपए से 46.15 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह सरसों तेल का दाम 129.19 रुपए से 43 प्रतिशत बढ़कर 184.43 रुपए पर प्रति किलो पर पहुंच गया है। इस अवधि में वनस्पति का दाम 43 प्रतिशत बढ़कर 95.5 रुपए से 136.74 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है। सूरजमुखी का तेल 38.48 प्रतिशत बढ़कर 170.09 रुपए प्रति किलो तथा पाम तेल 38 प्रतिशत बढ़कर 132.06 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है। भारत अपनी 60 प्रतिशत खाद्य तेल जरूरत को आयात से पूरा करता है।

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 12 अक्टूबर 2021 ▸ पृष्ठ 10 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417




## ट्रोलिंग से स्वरा परेशान

बेबाक बयानों के लिए चर्चा में रहने वालीं स्वरा भास्कर ने यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। उन्होंने दिल्ली के वसंत कुंज पुलिस थाने में एफआईआर लिखाई है। शिकायत में स्वरा ने अपनी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है।

## किंग खान को मिला सपोर्ट

आर्यन खान ड्रग्स केस में की गिरफ्तारी के बाद इंडस्ट्री के कई एक्ट्रर्स शाहरुख खान के सपोर्ट में खड़े हुए हैं। हाल ही में लर्निंग ऐप इ ख़व'र ने अभी उनके सभी विज्ञापनों पर रोक लगा दी है। शाहरुख के सपोर्ट में अली फजल, अंजना और नकुल मेहता सहित कई सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है।



# 'ट्रेसिंग, टेस्टिंग, ट्रीटमेंट से कोरोना हुआ कंट्रोल'

### सीएम योगी ने कोविड की समीक्षा कर दिए निर्देश, लक्षणयुक्त मरीजों की जांच जरूर की जाए



**लखनऊ/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को टीम-9 की बैठक में कोविड की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि एग्रेसिव ट्रेसिंग, टेस्टिंग और त्वरित ट्रीटमेंट के साथ-साथ तेज टीकाकरण की रणनीति कोविड से बचाव में अत्यंत कारगर रही है। विगत 24 घंटे में हुई एक लाख 50 हजार 986 सैम्पल की टेस्टिंग में 12 नए संक्रमित मरीज पाए गए, जबकि 11 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। वर्तमान में प्रदेश में एक्टिव कोविड केस की संख्या 142 रह गई है, जबकि 16 लाख 86 हजार 928 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। बेहतर स्थिति बनाये रखने के लिए दूसरे प्रदेशों से आ रहे लोगों की समुचित जांच की जाए। प्रदेश में अब तक 11 करोड़ 50 लाख से अधिक कोविड वैक्सीन डोज लगाए जा चुके हैं। दो करोड़ 42 लाख से अधिक लोगों ने टीके की दोनों डोज प्राप्त कर ली है। इस प्रकार, 16 फीसदी से अधिक लोग पूरी तरह टीकाकवर प्राप्त कर चुके हैं। जबकि 61 फीसदी से अधिक लोगों ने कम से कम एक डोज लगवा ली है। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि दूसरे डोज के लिए पात्र लोगों को समय से टीकाकवर दिया जाए। वैक्सीन की उपलब्धता बनाए रखने के लिए भारत सरकार से सतत संवाद-संपर्क बनाए रखें। उन्होंने कहा कि डेंगू, डायरिया, कॉलरा सहित विभिन्न वायरल बीमारियों से बचाव के लिए सर्विलांस को बेहतर करते हुए हर एक मरीज के स्वास्थ्य की सतत निगरानी की जाए। फिरोजाबाद, कानपुर, कन्नौज, मथुरा, आगरा आदि जिलों में विशेष सतर्कता बरती जाए। अस्वस्थ लोगों के उपचार के लिए सभी अस्पतालों में प्रबंध किए गए हैं। व्यापक स्वच्छता, सैनिटाइजेशन और फॉगिंग का कार्य सतत जारी रखें।

## बारिश से हुए कृषि नुकसान की पूरी क्षतिपूर्ति करेगी योगी सरकार



**लखनऊ/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**उत्तर** प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को टीम-9 की बैठक में कहा है कि अतिवृष्टि के कारण धान व गन्ना सहित जिस भी कृषि उपज का नुकसान हुआ है, राज्य सरकार सबकी क्षतिपूर्ति करेगी। हर प्रभावित किसान को पूरा मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राजस्व और कृषि विभाग द्वारा नुकसान के आकलन का काम यथाशीघ्र पूरा किया जाए। सख्ती से उन्होंने कहा है कि एक भी पात्र किसान क्षतिपूर्ति से वंचित न रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को सुगमतापूर्वक डीएपी खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। प्रत्येक जिले में मांग-आपूर्ति के बीच संतुलन बनाये रखें। डीएपी के कृत्रिम अभाव की स्थिति बनाने वालों के साथ कठोरता से निपटा जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि खाद्य तेलों और दाल के मूल्य में अचानक तेजी देखी जा रही है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस राजीव बिंदल को शपथपत्र लेने के बाद बधाई देते हुए।

## न्यूज फ्लैश

### हिरण का शिकार कर मांस बेचने वाले रैकेट का पर्दाफाश

**बीकानेर:** बीकानेर सदर पुलिस थाना क्षेत्र के नगर निगम के पीछे हिरण का शिकार कर बीकानेर शहरी क्षेत्र में मांस बेचने वाले रैकेट का पर्दाफाश किया गया है। वन विभाग बीकानेर दक्षिण के रेंजर बिशन सिंह ने बताया कि मामले में तीन शिकारियों व एक खरीददार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों से दो हिरणों का मांस, खाल, सींग सहित अन्य अवशेष बरामद हुए हैं। रेंजर बिशन सिंह के अनुसार सिंकदर, रफीक व कालू खां ने बीती रात छत्तरगढ़ थाना क्षेत्र के मोतीगढ़ की रोही में दो हिरणों का शिकार किया था। इसके बाद वे मृत हिरणों को लेकर बजरंग धोरे आए। यहां आरोपियों ने हिरणों को खुर्द बुर्द करते हुए मांस, खाल व सींग आदि अलग अलग किए। इसके बाद आज सुबह नगर निगम के पास रहने वाले चुन्नीलाल मेहरा को मांस बेचने आए। सौदेबाजी चुन्नीलाल के घर हो रही थी। चुन्नीलाल ने पूछताछ में बताया कि 12 हजार रुपये में सौदा तय हुआ था, मगर उसके पास इतने पैसे नकद नहीं थे। रेंजर बिशन सिंह के अनुसार लेन.देन को लेकर बात बिगड़ी तो चुन्नीलाल ने शिकारियों को सबक सिखाने के लिए घर के पीछे जाकर चुपके से सदर पुलिस को फोन कर दिया। सदर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शिकारियों को दबोच लिया। वहीं चुन्नीलाल को भी गिरफ्तार कर लिया। सदर पुलिस की सूचना पर वन विभाग ने मामला अपने हाथ में लेते हुए जांच शुरू की। बजरंग धोरे से अवशेष भी बरामद किए गए। आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इनके पूर्व के आपराधिक रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। वहीं बरामद मांस का वजन 16 किलो है। ऐसे में शेष मांस कहां बेचने वाला था, इसकी जांच जारी है।

### मुठभेड़ में संदिग्ध दो बांग्लादेशी बदमाश गिरफ्तार

**लखनऊ:** मल्हौर थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात को संदिग्ध बांग्लादेशी बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दो बदमाश घायल हुए है,जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इस मुठभेड़ में एक सिपाही रिंकू को चोट लगी है। जेसीपी क्राइम नीलाब्जा चौधरी ने सोमवार को यह बताया कि मल्हौर थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश डकैती की योजना बना रहे हैं। इसके बाद डीसीपी पूर्वी की क्राइम टीम व थाना पुलिस ने इलाके को घेरकर बदमाशों को आत्मसमपर्ण के लिए कहा तो उन लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की तो दो बदमाश घायल हो गये, पुलिस ने इन्हें पकड़ लिया। दो साथी के घायल होने पर अन्य बदमाश मौका पाकर फरार हो गये। पुलिस ने घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जेसीपी क्राइम ने बताया कि घायल बदमाशों की पहचान रुबिल और आलम उर्फ अलीम के रुप में हुई है। दोनों संदिग्ध बांग्लादेशी हैं। अभियुक्तों के पास से एक पिस्टल, तमंचा, चाकू, घर खोलने के औजार और बांग्लादेशी मुद्रा बरामद की गई है।

### पंचकूला: सभी सरकारी कार्यालय 1 नवंबर तक होगें पेपर लैस

**पंचकूला:** जिला में सभी सरकारी कार्यालय 1 नवंबर 2021 तक पेपर लैस होगें। जिला प्रशासन ने 1 नवंबर 2021 को हरियाणा दिवस के अवसर पर पंचकूला को पेपर लैस घोषित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। 31 अक्तूबर तक सभी विभागाध्यक्ष अपने कार्यालयों को पेपर लैस करने के लिए ई-ऑफिस से संबंधित सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश जारी किए गए है।

## यूपी जा रहे 3 करोड़ के सोने के बिस्कुट बरामद

**मुजफ्फरपुर/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**डीआरआई** और कस्टम विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए जिले के गायघाट मैठी टोल प्लाजा के समीप कार की इंजन में बने तहखाना से करीब तीन करोड़ रुपये के सोने के बिस्कुट बरामद किया। कार सवार अंतरराज्यीय गिरोह के तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। जो उत्तर प्रदेश और एक दिल्ली का रहने वाला बताया गया है। तस्करों की लग्जरी कार को भी जब्त किया गया है। इस पर प्रेस का स्टिकर चिपकाया गया है। ताकि पुलिस से बच सकें। डीआरआई के अनुसार, ये गोल्ड म्यांमार से लाया गया था। तस्करों ने इसे गुवाहाटी (असम) में एक कार के इंजन में बने तहखाने में छिपाया। इसके बाद गोल्ड लेकर बनारस जा रहे थे। हालांकि, सटीक सूचना के आधार पर डीआरआई और कस्टम की टीम ने जाल बिछाकर तस्करों को सोने के बिस्कुट संग दबोच लिया। इंजन में बने तहखाना से 35 बिस्कुट मिले हैं।

इसमें कुछ बिस्कुट पर विदेशी मार्का भी अंकित है। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि इसे बनारस में सप्लाई करने जा रहे थे। सभी बिस्कुटों पर नम्बर भी अंकित है।

## 'अखिलेश यादव लापता' के लगे पोस्टर



**आजमगढ़ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व आजमगढ़ के सांसद अखिलेश यादव के लापता होने के पोस्टर जिले के कलेक्ट्रेट की दीवारों पर चस्पा किए गए हैं। अखिलेश यादव को जिले की जनता हाथ में मोमबत्ती व पोस्टर लेकर सड़क पर खोज रही है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिवंश मिश्र ने का आरोप है कि जिले की जनता ने इतने बड़े नेता को चुनाव जीता कर इसलिए भेजा था कि जिले की समस्याओं का समाधान करेंगे। मगर अखिलेश सिर्फ आजमगढ़ जिले के लालगंज संसदीय क्षेत्र में निजी कार्यक्रम में ही शामिल होते हैं। जलभराव व डायरिया से जूझ रही जनता का हाल लेने नहीं आते हैं। कोविड संक्रमण के समय प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र का दौरा किया, पर अखिलेश यादव अपने संसदीय क्षेत्र में झांकने तक नहीं आए। इसी से नाराज होकर यह पोस्टर लगाए गए हैं।

**दो साल पहले कांग्रेस के नेताओं ने लगाए थे पोस्टर:** आजमगढ़ संसदीय सीट से 2014 से सांसद चुने गए मुलायम सिंह यादव के भी लापता होने के पोस्टर 2015 में पोस्टर लगे थे। उस समय मुलायम सिंह यादव को जिले की जनता ने लालटेन लेकर खोजना शुरू किया था। हालांकि, 2019 के लोकसभा चुनाव में मुलायम सिंह ने यह सीट अपने बेटे के लिए छोड़ दी।

## गृह राज्य मंत्री के बर्खास्तगी के लिए प्रियंका ने किया मौन व्रत



**लखनऊ/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार को लखनऊ के जीपीओ पार्क में गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बर्खास्तगी के लिए मौन व्रत कार्यक्रम में शामिल हुईं। हजरतगंज स्थित जीपीओ पार्क में सुबह 11 बजे से चल रहे मौन व्रत कार्यक्रम में करीब 3 बजे कांग्रेस महासचिव प्रियंका पहुंची और मौन व्रत धारण कर बैठ गईं। इससे पहले प्रियंका का इंतजार हो रहा था और मौके पर मौजूद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू बार-बार घड़ी देख रहे थे। प्रियंका के मौन व्रत धारण कर बैठने के बाद कार्यक्रम में मौजूद रहे प्रदेश पदाधिकारियों और लखनऊ महानगर कमेटी के कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखा। उमाशंकर ने कहा कि केंद्रीय मंत्री की बर्खास्तगी को लेकर लखनऊ स्थित जीपीओ पर मौन व्रत प्रदर्शन हुआ।

## छ.ग के ताप विद्युत संयंत्रों को जारी रहेगी कोयले की सुचारू आपूर्ति

**रायपुर/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**मुख्यमंत्री** भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ के ताप विद्युत संयंत्रों के लिए एसईसीएल द्वारा प्रतिदिन 29 हजार 500 मेट्रिक टन कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। एसईसीएल के सीएमडी ने इसके लिए सहमति दी है। मुख्यमंत्री ने अपने निवास कार्यालय में प्रदेश के ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले की आपूर्ति एवं उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा के दौरान एसईसीएल के सीएमडी से कहा कि छत्तीसगढ़ की खदानों से कोयला निकालकर छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य राज्यों को कोयले की आपूर्ति की जाती है। चूंकि छत्तीसगढ़ से कोयले का उत्पादन किया जा रहा है, इसलिए एसईसीएल द्वारा प्राथमिकता के आधार पर



**छत्तीसगढ़ से कोयले का उत्पादन किया जा रहा है, इसलिए एसईसीएल द्वारा प्राथमिकता के आधार पर छत्तीसगढ़ के ताप विद्युत संयंत्रों को जरूरत के अनुसार अच्छी गुणवत्ता के कोयले की सप्लाई की जानी चाहिए: सीएम बघेल**

छत्तीसगढ़ के ताप विद्युत संयंत्रों को उनकी आवश्यकता के अनुसार अच्छी गुणवत्ता के कोयले की सप्लाई की जानी चाहिए। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनियों के अध्यक्ष एवं विशेष सचिव ऊर्जा अंकित आनंद, एसईसीएल के सीएमडी अंबिका प्रसाद पांडा और दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के जीएम आलोक कुमार सहित राज्य विद्युत कम्पनियों के प्रबंध निदेशक उपस्थित थे। बैठक में एसईसीएल के सीएमडी ने छत्तीसगढ़ को प्रतिदिन प्रदेश के ताप विद्युत संयंत्रों की आवश्यकता के अनुरूप 29 हजार 500 मेट्रिक टन कोयले की सप्लाई की जाएगी। साथ ही अच्छी गुणवत्ता का कोयले की भी आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण कोयले की गुणवत्ता प्रभावित होती है। वर्तमान में एसईसीएल द्वारा छत्तीसगढ़ को 23 हजार 290 मेट्रिक टन कोयले की आपूर्ति की जा रही है। एसईसीएल के सीएमडी ने छत्तीसगढ़ के लिए इस मात्रा को बढ़ाकर 29 हजार 500 मेट्रिक टन करने की सहमति दी। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि रेल्वे द्वारा छत्तीसगढ़ को कोयले और चावल के लिए आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में रेल्वे रेक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## मोदी-योगी को हराने के लिए लखीमपुर की घटना का षड्यंत्र रचा गया: शोभा

**गोंडा/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**एक** दिवसीय दौरे पर पहुंची उत्तर प्रदेश चुनाव की सह प्रभारी व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने के साथ कार्यकर्ताओं में जोश भरा। कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी और देश में मोदी का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा का परचम लहराने के लिए कार्यकर्ताओं से पूरी मुस्तैदी के साथ जुट जाने की अपील की। मुख्यालय के सर्किट हाउस में पत्रकारों के साथ बातचीत के



**समीक्षा बैठक की**

**विधानसभा चुनाव में भाजपा का परचम लहराने के लिए कार्यकर्ताओं से पूरी मुस्तैदी के साथ जुट जाने की अपील की**

दौरान केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने लखीमपुर खीरी की घटना के लिए विपक्षी दल जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि मोदी व योगी को हराने के लिए यह एक षड्यंत्र रचा गया है। इसमें विपक्ष के साथ-साथ बाहरी ताकतों का भी हाथ है। उन्होंने कहा कि जांच हो रही है। इस पर ज्यादा बोलना ठीक नहीं है। जांच के बाद सच्चाई सामने आ जाएगी। उन्होंने राहुल, प्रियंका व सोनिया गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि जब राहुल गांधी पूरी तरह से फेल हो चुके हैं, तब प्रियंका को आगे लाया गया है। राहुल, प्रियंका व सोनिया का उत्तर प्रदेश में क्या रखा है। यह पता चला है।

## गंगा में डूबने से तीन दोस्तों की मौत

**बेगूसराय:** बेगूसराय में सोमवार को गंगा स्नान करने गए तीन दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। एक लड़के को स्थानीय लोगों ने किसी तरह पानी से बाहर निकाल लिया। इस घटना के बाद से अफरा-तफरी का माहौल है। घटना मटिहानी थाना क्षेत्र के खोरामपुर गंगा घाट की है। मृतकों की पहचान किशोर कुमार साह के 18 वर्षीय पुत्र किशन कुमार, पवन चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र रिशु कुमार, कृष्ण मोहन के 15 वर्षीय पुत्र अनुराग कुमार के रूप में की गई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया- 'चार दोस्त गंगा स्नान करने खोरमपुर गंगा घाट आए थे। तभी पैर फिसलने से चारों गहरे पानी में चले गए। डूबते हुए लड़कों ने चिल्लाना शुरू किया तो वहां मौजूद लोगों ने एक को किसी

## 'किसानों को कुचलने वाले आतंकवादी'

**मेरठा/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**राष्ट्रीय** लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि लखीमपुर खीरी की घटना को हमें भूलना नहीं है, बल्कि प्रदेश में रालोद की सरकार बनवाकर इसका बदला लेना है। किसानों को कुचलने वाले आतंकवादी है। 2022 के विधानसभा चुनावों को लेकर रालोद ने आक्रामक चुनाव -प्रचार शुरू कर दिया है। सोमवार को मुजफ्फरनगर जनपद में बुढ़ाना कस्बे के डीएवी इंटर कॉलेज में आशीर्वाद पथसभा का आयोजन किया गया। रालोद मुखिया जयंत चौधरी ने कहा कि लखीमपुर खीरी की घटना को भूलना नहीं है। हमारी लिए शहादत देने वाले किसानों के नाम याद रखो। चुनाव में जब छिपे चेहरे वोट मांगने आए तो उन्हें



**सरकार को घेरा**

**2022 के विधानसभा चुनावों को लेकर रालोद ने आक्रामक चुनाव-प्रचार शुरू किया**

शहीदों के नाम बताकर लखीमपुर खीरी की घटना को याद दिलाना है। जयंत चौधरी ने किसानों को कुचलने वालों को आतंकवादी करार दिया और उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन करके रालोद सरकार बनाकर बदला लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार किसानों को छह हजार रुपए दे रही है, लेकिन रालोद सरकार बनने पर 12 हजार रुपए और सीमांत किसानों को 15 हजार रुपए सालाना देंगे। रालोद मुखिया ने कहा कि 31 अक्टूबर को रालोद का चुनावी घोषणा पत्र जारी किया जाएगा। किसानों को बकाया गन्ना भुगतान दिलाया जाएगा। पंचायती राज कानून के तहत पंचायतों को सभी अधिकार दिए जाएंगे। पश्चिम उप्र के साथ-साथ बुंदेलखंड में भी हाईकोर्ट बेंच की स्थापना होगी। केंद्र पर करारे प्रहार करते हुए जयंत ने कहा कि केंद्र सरकार पूंजीपतियों की रिमोट कंट्रोल सरकार है तो योगी सरकार बिना कंट्रोल की सरकार है।

## राजस्थान में धार्मिक कार्यक्रमों से रोक हटी

### 200 लोग हो सकेंगे शामिल, वैक्सीन की कम से कम एक डोज लगवा चुका व्यक्ति ही हो सकेगा शामिल

**जयपुर/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**राजस्थान** सरकार ने प्रदेश में धार्मिक कार्यक्रमों में 200 लोगों के शामिल होने की सशर्त छूट दी है। सुबह 6 से रात 10 बजे तक धार्मिक कार्यक्रम हो सकते हैं। इसमें शामिल होने वाले लोगों को कम से कम वैक्सीन की एक डोज लगी होनी चाहिए। आयोजन की सूचना पहले जिला प्रशासन को देनी होगी। इससे साफ हो गया है कि दशहरे और दिवाली पर होने वाले कार्यक्रमों में अब किसी तरह का अवरोध नहीं है। गृह विभाग ने नई गाइडलाइन जारी की है। इसे



तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। गाइडलाइन में पशु हाट मेलों के साथ हाट बाजार लगाने की भी अनुमति दी गई है। अब तक हाट बाजारों पर रोक थी। हाट बाजार के लिए पहले प्रशासन को सूचना देनी होगी। प्रदेश के कई शहरों में हाट बाजार लगते हैं। गाइडलाइन में बाजार, दुकानें और कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स खुलने का समय पहले की तरह ही रात 10 बजे तक का रखा गया है।

## दिलचस्प होगा यूपी चुनाव: विपक्ष खेल रहा भाजपा की गेंद पर

### पहली बार मायावती ने बेरोजगारी को बनाया मुद्दा, भाजपा ने सबको सिखा दिया मंदिरों में मत्था टेकना, लोगों के दिल छुने वाले मुद्दों से भटक चुका है विपक्ष

**लखनऊ/एक्शन इंडिया ब्यूरो**
**उत्तर** प्रदेश में भाजपा ने पूरे विपक्ष को मंदिरों में मत्था टेकना सिखा दिया। चुनाव के समय किसी को परशुराम तो किसी किसी को कृष्ण याद आने लगे। यही कुछ समय पहले भाजपा को छोड़ किसी पार्टी का नेता समुदाय विशेष की तुष्टीकरण की नीति में तल्लीन रहने कारण हिन्दू शब्द से बचता था। यह विधानसभा चुनाव भी जाति व संप्रदाय के बीच ही अब तक लड़ा जा रहा था। कोई



लड़ाने तो कोई बचाने में जुटा हुआ था। इस बीच बसपा प्रमुख मायावती ने बेरोजगारी का मुद्दा उठाकर युवा वर्ग को लुभाने के साथ ही माहौल को बदलने की कोशिश की है। अब यह मुद्दा विधानसभा चुनाव में कितना काम आएगा। यह तो आने वाला समय बताएगा, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो मायावती ने युवाओं की नब्ज को टटोल कर अपने पहले चुनावी भाषण में ही अच्छा मुद्दा उठाया है। इस संबंध में राजनीतिक विश्लेषक राजीव रंजन सिंह का कहना है कि अब तक भाजपा की गेंद पर विपक्ष खेलता रहा। लखिमपुर कांड में भी भाजपा के खिलाफ नहीं, बल्कि जो भाजपा के लिए फायदेमंद था, वही हुआ। वहां सपा को आगे होना चाहिए था, वहां कांग्रेस आगे हो गयी। इससे भाजपा से नाराज लोगों का कुछ हिस्सा कांग्रेस में जाने से वोट बंटवारा से भाजपा ही फायदे में रहेगी। पहली बार बसपा प्रमुख ने अपना नया दांव चला है। इससे युवाओं पर जरूर असर पड़ेगा। इस समय विपक्ष दो ही मुद्दों पर भाजपा से लड़ सकता है, महंगाई और बेरोजगारी और ये दोनों मुद्दे चुनाव मैदान से विलुप्त हैं। महंगाई व बेरोजगारी लोगों के दिल छुने वाले मुद्दे हैं।